हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



## सूर्य कुमार ने आईपीएल 2025 में रचा इतिहास, सबसे ज्यादा बार रन बनाने का बनाया रिकॉर्ड

Page 10 देश



## संभल सांसद जियाउर्रहमान ने कोर्ट में मान ली गलती, जुर्माना देने को भी तैयार

शुक्ल पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • बुधवार • 28 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 166 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 98,130 | ₹ 1,00,000 |

### आज का इतिहास

**2010 :** भारत के पश्चिम बंगाल के पशिम मेदिनीपुर जिले में एक ट्रेन के पटरी से उतरने और टकराने से कम से कम 141 यात्रियों की मौत हो गई।

**1903 :** शांतनु एल किर्लोस्कर का जन्म हुआ था। शांतनुराव लक्ष्मणराव किर्लोस्कर महाराष्ट्रियन कराडे ब्राह्मण परिवार के एक भारतीय व्यापारी थे। किर्लोस्कर समूह की तीव्र वृद्धि के पीछे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।

### न्यूज बाइट्स

#### बुजुर्गों ने दिया जीडीपी में तीन प्रतिशत का योगदान

**नई दिल्ली (ए.)।** वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत का योगदान दिया है। एक अध्ययन के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बुजुर्गों ने 68 अरब डॉलर का श्रम योगदान दिया है जो भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है।

#### आईटीआर अब 15 सितंबर तक फाइल कर सकेंगे

**नई दिल्ली (ए.)।** टैक्स डिपार्टमेंट ने इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दी है। आईटीआर फाइलिंग की प्रोसेस जून के पहले हफ्ते से शुरू हो सकती है। आमतौर पर ये 1 अप्रैल से शुरू हो जाती है, लेकिन इस साल इसमें देरी हो रही है। देरी की वजह आईटीआर फॉर्म के लिए जरूरी ऑनलाइन टूल्स उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

# सीएम ने बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम को जोड़ने वाली सुरंग का किया निरीक्षण

- दोनों संग्रहालयों को आपस में जोड़कर पर्यटकों के लिए आसान आवाजाही और सांस्कृतिक अनुभव को बेहतर बनाना।
- इलेक्ट्रिक वाहन और पैदल आवाजाही की सुविधा।



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राजधानी पटना में निर्माणाधीन उस भूमिगत सुरंग (टनल) का निरीक्षण किया, जो बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम को आपस में जोड़ेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समयबद्ध, उच्च गुणवत्ता और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर पूरा किया जाए।

यह महत्वाकांक्षी सुरंग परियोजना पटना के सांस्कृतिक और पर्यटन मानचित्र को एक नई दिशा देने के लिए तैयार की जा रही है। यह टनल जमीन से करीब 15 मीटर नीचे बनाई जा रही है, जिसकी लंबाई लगभग 1.5 किलोमीटर और चौड़ाई 8 मीटर होगी। इस टनल के जरिए पर्यटक दोनों म्यूजियम के बीच आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। सुरंग में पैदल चलने वालों के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के आवागमन की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि बुजुर्ग, दिव्यांग और बच्चों के लिए भी यह अनुभव सहज और सुरक्षित हो।

बिहार म्यूजियम के पास निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सुरंग के प्रवेश द्वार, पार्किंग की व्यवस्था और पर्यटकों के लिए प्रस्तावित सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने टनल के डिजाइन और इससे जुड़े लॉजिस्टिक्स की बारीक जानकारी प्रस्तुत की। सीएम नीतीश कुमार ने कहा बिहार म्यूजियम अंतरराष्ट्रीय स्तर का संस्थान बन चुका है, और पटना म्यूजियम भी ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध है। ऐसे में दोनों को आपस में जोड़ने से न केवल पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्किंग, संकेतक, लाइटिंग और सुरक्षा व्यवस्था को भी सुरंग के निर्माण के साथ समांतर रूप से विकसित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार म्यूजियम की दीर्घाओं का दौरा किया और वहां प्रदर्शित कलाकृतियों के संबंध में अधिकारियों से मुस्कुराते हुए चर्चा की। इसके बाद वे पटना म्यूजियम पहुंचे, जहां उन्होंने नवनिर्मित सभागार, संग्रह भंडार, गंगा दीर्घा और अन्य विस्तार योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पटना म्यूजियम राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों का भंडार है और इसके संरक्षण के लिए चल रहे विस्तार कार्य बेहद जरूरी हैं।

मुख्यमंत्री ने संतोष जताते हुए कहा कि जिन कार्यों को पूरा कर लिया गया है, उनकी गुणवत्ता अच्छी है, और जो कार्य शेष हैं, उन्हें भी तय समय में पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ निर्देश दिया कि म्यूजियम परिसर में आगंतुकों के लिए सुविधाजनक वातावरण तैयार किया जाए, जिससे उनकी यात्रा यादगार बन सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उनके प्रधान सचिव दीपक कुमार, विशेष सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सुरंग निर्माण और म्यूजियम विस्तार के सभी कार्यों को तय समय सीमा के भीतर और तय मानकों के अनुसार पूरा किया जाएगा।

# मानसून पूर्व बाढ़ से सुरक्षा को लेकर जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग की ओर से बुधवार को एक राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मानसून पूर्व बाढ़ से सुरक्षा को लेकर चल रही तैयारियों की गहराई से समीक्षा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने की। बैठक में विभागीय प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित सभी क्षेत्रीय अभियंता, वरिष्ठ पदाधिकारी और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत गोपालगंज के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता संजय कुमार के सम्मान के साथ हुई। उन्हें 'दृष्टि' एप पर समयबद्ध और अधिकतम निरीक्षण रिपोर्ट अपलोड करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्य गोपालगंज क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण संरचनाओं को मजबूती देने में प्रभावी साबित हुआ। बैठक में राज्य के प्रमुख बाढ़ प्रभावित जिलों जैसे गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, वीरपुर, कटिहार और पटना सहित अन्य क्षेत्रों में तटबंधों की मरम्मत, कटाव रोकने के कार्य, सुरक्षात्मक सामग्री की उपलब्धता और संभावित संकट स्थलों पर तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य मॉनसून से पहले तय समय में पूरे हों। उन्होंने यह भी कहा कि यदि संवेदक कार्यों में लापरवाही बरतते हैं या गुणवत्ता से समझौता करते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारियों को तटबंधों की नियमित निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि तटबंधों के आसपास स्थित सभी जर्जर पुल और पुलियों का सर्वेक्षण कर जल्द रिपोर्ट दी जाए ताकि बाढ़ के समय दुर्घटनाओं से बचा जा सके। बैठक में विभाग के अपर सचिव नवीन कुमार, पवन कुमार सिन्हा, अभियंता प्रमुख शरद कुमार, अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन) अवधेश कुमार, योजना एवं मॉनिटरिंग के मुख्य अभियंता ब्रजेश मोहन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### सप्ताहभर में सफाई और मरम्मत के आदेश

प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर राज्यभर के तटबंधों की सफाई की जाए और 'रैट होल्स' व 'फाक्स होल्स' की मरम्मत की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी तटबंध के क्षतिग्रस्त होने पर संबंधित अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई होगी, जिसमें निलंबन और विभागीय जांच शामिल है। बैठक के अंत में सलाहकार रविंद्र कुमार शंकर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मंत्री चौधरी ने दोहराया कि बाढ़ से सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अकस व रेलवे का जागरूकता अभियान, इको फ्रेंडली पर चर्चा



निज संवाददाता | डेहरी। रोहतास)

स्थानीय डेहरी रेलवे स्टेशन परिसर मे मंगलवार को देश के चर्चित समाजिक व सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम व रेल प्रशासन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर मे स्वछता अभियान चलाया गया तथा देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम विलास राम व मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने कहा कि डीडीयू मंडल मे पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु व्यापक अभियान 22 मई से शुरू हुआ है, जो 5 जून पर्यावरण दिवस तक जारी रहेगा। पूरे अभियान मे प्लास्टिक छोड़ो प्राकृतिक से नाता जोड़ो का संदेश लोगों को दिया गया। स्टेशन प्रबंधक जेके सिंह व अभिनव कला संगम अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान कि सफलता के लिए लोगों को प्लास्टिक मुक्त अभियान के साथ साथ गैर प्लास्टिक इको फ्रेंडली कटलरी के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। आमलोग अगर बाजारों में जाए तो कपड़े का थैला लेकर जाएं। और जब यह आदतें बन जाएगी तो प्लास्टिक मुक्त अभियान को हद तक सफलता मिल जाएगी। बगैर लोगों के जागरूक हुए प्लास्टिक मुक्त अभियान या स्वच्छ भारत अभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता। स्टेशन पर गिले व सुखे कचरे के लिए अलग डस्टबिन उपलब्ध कराई गई है।

# गांवों को प्लास्टिक कचरा से मुक्त बनाने के लिए महाअभियान शुरू, पांच जून तक चलेगा विशेष सफाई व जागरूकता अभियान

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार द्वारा गांवों को प्लास्टिक कचरा से पूरी तरह मुक्त बनाने की दिशा में एक राज्यव्यापी महाअभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) तक पूरे जोरशोर से चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य गांवों में जमा प्लास्टिक कचरा को न सिर्फ साफ करना है, बल्कि उसे रिसायकल कर उपयोगी बनाना और लोगों को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से दूर कर पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के तहत पूरे राज्य के गांवों में सफाई का काम शुरू हो गया है। प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उसे रिसायकल करने के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही, ग्रामीणों को यह बताया जा रहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए कितना खतरनाक है। इसके बदले जूट, कपड़े और कागज के थैलों के उपयोग के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, और इस वर्ष का विषय 'प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करना' रखा गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए 'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)' और 'लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान' के तहत यह विशेष राज्यव्यापी अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत गांवों के प्रमुख रास्तों, सामुदायिक स्थलों, हाट-बाजारों, बस स्टैंडों, पर्यटन स्थलों, खेल के मैदानों, नालियों, नदी-तालाब और आहर-पईन जैसी जल स्रोतों के आस-पास सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अब तक राज्य में 168 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयां बन चुकी हैं, जो आसपास के ग्राम पंचायतों और कबाड़ी वालों से खरीदे गए प्लास्टिक कचरे को रिसायकल कर रही हैं।



### प्लास्टिक कचरे का होगा सही निपटान

इस अभियान में एक खास रणनीति अपनाई गई है, जिसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर प्लास्टिक कचरा को इकट्ठा किया जाएगा, फिर उसकी छंटनी कर उसे प्रखंड स्तर पर बने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई में भेजा जाएगा। वहां रिसायकल योग्य कचरे को दोबारा उपयोग लायक बनाया जाएगा। इससे न सिर्फ पर्यावरण को फायदा होगा बल्कि राज्य को राजस्व की प्राप्ति भी होगी।

# एक ही परिवार के सात लोगों ने कार में की खुदकुशी



एजेंसी | पंचकूला (हरियाणा)

हरियाणा के पंचकूला से रोंगटे खड़े करने वाला मामला सामने आया है। शहर के सेक्टर-27 में सोमवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कर्ज के बोझ तले दबे एक ही परिवार के सात लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मरने वालों में दो दंपती, तीन मासूम बच्चे और एक ही परिवार के बुजुर्ग सदस्य शामिल हैं। बच्चों की उम्र 12 से 15 साल के करीब है। कार से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में कारोबारी ने कर्ज से परेशान होकर खुदकुशी की बात लिखी है। सूत्रों के मुताबिक सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि... मैं नहीं चाहता कि मेरे बाद मेरे बच्चों को परेशान किया जाए। पुलिस के मुताबिक, सोमवार की रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि मकान नंबर 1204 के बाहर खड़ी एक कार में कुछ लोगों ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस कार में सवार लोगों में से छह को सेक्टर-26 के निजी अस्पताल और एक को सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल में ले गई। मृतकों में दो की पहचान प्रवीन मित्तल और उनके पिता देशराज मित्तल के रूप में हुई है। परिवार के अन्य सदस्यों की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना मिलने के बाद डीसीपी हिमाद्री कौशिक समेत अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रवीन मित्तल ने कुछ समय पहले देहरादून में टूर एंड ट्रैवल का कारोबार शुरू किया था, जो चल नहीं पाया।

# 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान के मॉडल को मंजूरी



एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान यानी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट (एएमसीए)के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एयरक्राफ्ट को बनाने के लिए सरकारी के साथ निजी कंपनियों को भी बोली लगाने का मौका दिया जाएगा। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) जल्द ही इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओएल) जारी करेगा। एयरक्राफ्ट बनाने में निजी कंपनियों को मौका देने की घोषणा से डिफेंस और इससे जुड़े सेक्टर्स की कंपनियों के शेयर्स में करीब 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स भी 52 सप्ताह के नए हाई 8,674.05 पर पहुंच गया।

यह भारतीय वायु सेना के अन्य लड़ाकू विमानों से बेहतर होगा। दुश्मन के रडार से बचने के लिए हाईटेक स्टील्थ टेक्नोलॉजी से लैस होगा। इंटरनेशनल लेवल पर इस्तेमाल हो रहे 5वीं पीढ़ी के अन्य स्टील्थ लड़ाकू विमानों के जैसा या उससे भी बेहतर होगा।

एडवांस्ड मीडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट यानी एएमसीए देश में ही विकसित होने वाला दूसरा फाइटर एयरक्राफ्ट होगा।

### एएमसीए प्रोजेक्ट को 2024 में मिली मंजूरी

अप्रैल, 2024 में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर जेट के डिजाइन और विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। यह फाइटर जेट 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' एडीए इस प्रोग्राम के एक्जीक्यूशन और एयरक्राफ्ट डिजाइन करने के लिए नोडल एजेंसी है। एडीए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के तहत आता है।


बिहार सरकार

## गर्म हवाएं / लू

लक्षण को पहचानें एवं
बचाव के उपायों को अपनायें

### लू से बचाव के उपाय:-

- जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें तथा बच्चे एवं बुजुर्ग इसका विशेष ध्यान रखें।
- जितना संभव हो पानी पीयें ताकि पेशाब का रंग हल्का रहे।
- हल्का भोजन करें एवं भोजन करके ही घर से बाहर निकलें। साथ ही कच्चा प्याज, सत्तू, पुदीना, सौंफ आदि का भी सेवन करें।
- घर में बना पेय पदार्थ जैसे: लस्सी, नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का शरबत आदि का नियमित सेवन करें।
- अधिक पानी की मात्रा वाले मौसमी फल जैसे: तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी, नींबू आदि का अधिकाधिक सेवन करें।
- यथासंभव हल्के रंग के ढीले-ढ़ाले एवं सूती कपड़ें पहनें। धूप के चश्मा का इस्तेमाल करें। तौलिया/गमछा भिगोकर सिर पर रखें और चेहरा पोछते रहें व जूता/ चप्पल पहनकर बाहर जायें।
- ज्यादा प्रोटीन वाल भोजन यथा: मटन, चिकेन, अण्डा आदि का सेवन न करें। साथ-ही गर्म पेय पदार्थ यथा: चाय, कॉफी आदि पीने से परहेज करें।
- अधिक तापमान में ज्यादा शारीरिक परिश्रम ना करें।
- सवेरे एवं रात में घर में ताजी और ठंढी हवा आने के लिए खिड़कियां खुली रखें।
- जानवरों को छांव में रखें तथा उन्हें भी खूब पानी पीने दें।

लू लगने की स्थिति तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर अपना ईलाज करायें




आपात स्थिति में संपर्क करें
राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र (SEOC)
दूरभाष: (91) 0612-2294204 / 205
टॉल फ्री नं.: 1070, मो.नं.: 7070290170

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)
डी-ब्लॉक, 5वाँ तल, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ, पटना- 800 023, दूरभाष: +91(0612) 2547232, वेबसाइट: www.bsdma.org, ईमेल: info@bsdma.org

हेल्प लाईन 101 112

PR No.- 003678 (Disaster)D. 2025-26

## संक्षिप्त समाचार

### सहारा वृद्धाश्रम में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**गया**| मगध पारामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टीट्यूट तथा विवेकानंद पारामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने सामाजिक सेवा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्थानीय सहारा वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ ही आवश्यक परामर्श व दवाएँ भी वितरित की गईं। सिर्फ स्वास्थ्य सेवा ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों ने वृद्धजनों के लिए वस्त्र और भोजन भी प्रदान किया। बुजुर्गों ने इन विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा और इसके लिए कृतज्ञता जताई।

### वट सावित्री पूजा के दौरान महिला की चेन चोरी

**मानपुर**| मुफस्सिल थाना परिसर में वट सावित्री पूजा के दौरान एक महिला की सोने की चैन चोरी हो गई। घटना उस समय हुई जब महिलाएं वट वृक्ष के नीचे पूजा कर रही थीं। चैन चोरी की बात सामने आते ही वहां मौजूद महिलाओं और उनके परिजनों ने शोर मचाया। इसी दौरान एक संदिग्ध महिला को पकड़ लिया गया। लोगों ने उसकी पिटाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया।पकड़ी गई महिला खुद को चाकंद थाना क्षेत्र के चाकंद अड्डा की रहने वाली बेबी देवी बता रही है।

### धोखाधड़ी करने के मामले में अभियुक्त धराया

**बोधगया**| मगध विश्वविद्यालय पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले एक व्यक्ति को थाने में मिले शिकायत के बाद पकड़ा है। इस सम्बन्ध में मविवि थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि 23 दिसंबर 24 को वादी के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि ये जमीन खरीदने के लिए लगभग 10 लाख रूपया एक व्यक्ति को दिए थे। जब ये उन्हें जमीन का एग्रीमेन्ट और रजिस्ट्री करने लिए बोले तो उनके द्वारा टाल-माटोल किया जाने लगा, और न जमीन एग्रीमेन्ट किए और न पैसा वापस किए।

### टिकारी नगर परिषद क्षेत्र में कई जगहों पर बारिश से जलजमाव

**टिकारी**। सोमवार की दोपहर अचानक हुई तेज बारिश ने नगर परिषद के साफ सफाई कार्य की पोल खोल कर रख दी। नप क्षेत्र के कई जगहों पर समुचित निकास नही होने के कारण सड़क पर जल जमाव की स्थिति बन गई। शहर के किला अंदर के समीप नाली का पानी सड़क पर बहने लगा वहीं एसबीआई के समीप जलजमाव की स्थिति बन गई। देवधरपुर मुहल्ले में भी सड़कों पर आवाजाही करने वाले लोगो को जलजमाव की समस्या से दो चार होना पड़ा। स्थानीय निवासी अभय कुमार ने बताया कि कई गुने अधिक राशि का भुगतान कर नप प्रशासन द्वारा नाली की साफ सफाई के लिए एनजीओ रखा गया है लेकिन एनजीओ द्वारा भी नाली की सफाई को लेकर कोई माकूल इंतजाम नही किये नतीजतन नाली में गाद रहने के कारण सड़कों पर पानी का बहाव हो रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र स्थित अवर निबंधन कार्यालय में जलजमाव हो गया। बारिश का पानी कार्यालय परिसर में जमा हो गया। जमीन निबंधन कराने आने वाले लोगो को निबंधन कराने के लिए कार्यालय पहुंचने पर परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सुहाग की सलामती की मांगी दुआएं

**फतेहपुर**| सुहागिनों द्वारा सुहाग की सलामती के लिए की जाने वाली पूजा पूरे फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र में काफी धूमधाम से की गई। सुहागिनों ने अपने पति के दीर्घायु व लंबी उम्र के लिए सोमवार को वट सावित्री की पूजा की। साथ ही सुहाग की सलामती की कामना की। फतेहपुर के अति प्राचीन सांडेश्वरनाथ मंदिर परिसर, बभनटोली स्थित अष्टभुजी देवी, बड़ी देवी स्थान परिसर सहित क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर स्थित बरगद पेड़ के नीचे सुहागिन महिलाओं की भीड़ सुबह से ही उमड़ पड़ी थी। व्रती महिलाएं नए परिधान व श्रृंगार कर पहुंची और बरगद के पेड़ पर सूता बांध सुहाग की सलामति के लिए पूजा की।

### इंडियन इंकलाब पार्टी की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**राजगीर**| इंडियन इंकलाब पार्टी की जिला स्तरीय बैठक सोमवार को राजगीर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य साहेब तांती ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश कुमार पान ने कहा कि जिले में संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। पार्टी को प्रखंड, पंचायत और गांव स्तर तक व्यापक रूप से मजबूत करने के लिए लोगों को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय पान महासंघ के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद, सुरेश प्रसाद पान, सुरेंद्र कुमार ताती, नीतीश कुमार पान, भोला कुमार पान, संजय कुमार, रमाशंकर प्रसाद, निकेश कुमार, राजेश प्रसाद कंजर, सिकंदर प्रसाद कंजर, लखन प्रसाद कंजर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### गया में आज डेढ़ घंटे तक बिजली कटेगी

**गया**। गया में मेंटेनेंस वर्क के चलते आज डेढ़ घंटा तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। स्वराजपुरी और गोदाम फीडर से सुबह 6:30 बजे से 8 बजे सप्लाई ठप रहेगी। दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (SBPDCL) की ओर से ट्रांसफार्मर चार्जिंग किया जाना है। इस वजह से विभाग ने शटडाउन का निर्णय लिया है। बिजली विभाग के इंजीनियर प्रेम कुमार मनी ने बताया कि मेंटेनेंस वर्क बहुत जरूरी है। इस दौरान ट्रांसफॉर्मर को चार्ज किया जाएगा। उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो, इसलिए पहले ही जानकारी दे दी गई है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। गर्मी के मौसम में परेशानियों से बचने के लिए पानी स्टोर करके रख लीजिए। अगर मौसम ने साथ नहीं दिया या कोई तकनीकी दिक्कत हुई तो शटडाउन की समय सीमा आगे बढ़ाई जा सकती है।

**इन इलाकों में कटेगी बिजली:** चर्च रोड, दुर्गाबाड़ी, गोदाम मोहल्ला, जीबी रोड, कठोकर तालाब, चूना गली और केपी रोड के इलाकों में सप्लाई बाधित रहेगी। काम पूरा होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

### वट सावित्री की पूजा से पहले पत्नी को मार डाला

**नालंदा**। नालंदा में सोमवार को वट सावित्री की पूजा की तैयारी कर रही एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। मृतका के भाई का आरोप है कि दहेज में सोने के चेन के लिए मेरे बहनोई ने अपने परिवार के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। वारदात के बाद वे लोग शव को जलाने की तैयारी में थे। सूचना के बाद हम लोग पहुंचे तो बहन के गले पर काला निशान पाया गया। उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। मामला हिलसा थाना क्षेत्र के गुलनी मिल्की पर गांव का है। मृतका की पहचान रहीश कुमार की 20 साल की पत्नी सलोनी कुमारी के रूप में की गई है। मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

**भाई बोला- बहन के ससुराल के लोगों ने फोन कर सूचना दी:** घटना के संबंध में मृतका के भाई धीरज कुमार ने बताया कि बहन के ससुराल के गांव वालों से फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि बहन की हत्या कर दी गई है। जब बहन के ससुराल पहुंचा तो देखा कि आस पड़ोस के लोग शव के दाह संस्कार के लिए ले जा रहे थे। जैसे ही मैं इस प्रकरण का वीडियो बनाना शुरू किया। शव रास्ते में छोड़ सभी लोग फरार हो गए। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी और बहन के शव को कंधे पर लादकर उसके ससुराल ले गया। जहां देखा कि ससुराल के लोग घर में नहीं है। इसके अलावा सामान भी घर में मौजूद नहीं था। कपड़े से लेकर बर्तन तक ससुराली परिवार लेकर फरार हो चुका था।

**भाई बोला- 12 मई को बहन को विदा कराकर ले गया था बहनोई:** मायके के परिवार वालों ने बताया कि 12 मई को सलोनी को विदा कर रहीश ले गया था। बीती रात रहीश ने फोन कर सोने की चेन की डिमांड की थी। नहीं देने पर गला घोंट उसकी हत्या कर दी गई और उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। सलोनी वट सावित्री पूजा की तैयारी में जुटी थी। वह पैरों और हाथों में आलता (रंग) लगाए हुए थी। परवलपुर थाना क्षेत्र के सीता विगहा के रहने वाले राजबल्लभ गोप ने अप्रैल 2024 में अपनी बेटी सलोनी कुमारी की शादी हिलसा थाना क्षेत्र के गुलनी मिल्की के रहने वाले दीना प्रसाद के बेटे रहीश कुमार से की थी। शादी के वक्त भी दान दहेज दिया गया था। लेकिन उसके बाद भी ससुराली परिवार की ओर से कभी पैसे तो कभी आभूषण का डिमांड किया जाता था।

# बिहार खेल विश्वविद्यालय के पहले प्रोस्पेक्टस का उद्घाटन

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में मंगलवार को एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब कुलपति शिशिर सिन्हा की ओर से विश्वविद्यालय की प्रथम विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) 2025-26 का विधिवत लोकार्पण किया गया। राज्य में खेल शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की भरपूर उपस्थिति देखी गई। कुलसचिव रजनी कांत, परीक्षा नियंत्रक-सह-डीन निशिकांत तिवारी, वित्त पदाधिकारी मुकेश सम्राट, डॉ. रवि कुमार सिंह, परामर्शी चंदन कुमार, रौशन कुमार, अजीत कुमार, ब्रजेश कुमार पाण्डेय, प्रशाखा पदाधिकारी यशराज और विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी इस समारोह में शामिल हुए। विवरणिका को तैयार करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों को आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उपलब्ध सभी सुविधाओं की संपूर्ण जानकारी प्रदान करना है। इसमें पाठ्यक्रमों, खेल




प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं और छात्र सुविधाओं का विस्तृत विवरण शामिल है। जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले अकादमिक सत्र में विश्वविद्यालय 2 महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। खेल प्रशिक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के अंतर्गत एथलेटिक्स और क्रिकेट की विधाओं में प्रत्येक के लिए 20-20 सीटें उपलब्ध होंगी। यह पहल राज्य में खेल प्रशिक्षण के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

**आरक्षण नीति और चयन प्रक्रिया:** बिहार सरकार की नीति के अनुसार नामांकन में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। प्रवेश के लिए मेरिट सूची तैयार करने में अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों और खेल उपलब्धियों दोनों को आधार बनाया जाएगा। इस अनुपात का निर्धारण विश्वविद्यालय की नामांकन समिति की ओर से किया जाएगा, जो एक निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करेगा।

**विस्तृत नामांकन कार्यक्रम:** विश्वविद्यालय की ओर से जारी नामांकन कार्यक्रम के अनुसार, पंजीकरण प्रक्रिया 28 मई 2025 से शुरू होकर 15 जून 2025 तक चलेगी। इसके बाद शारीरिक फिटनेस परीक्षण के लिए 3 जुलाई को इंटिमेशन स्लिप जारी की जाएगी और 10-11 जुलाई को परीक्षण आयोजित होगा। परिणाम घोषणा 17 जुलाई को होगी और चयनित अभ्यर्थियों को 24 जुलाई को दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल फिटनेस टेस्ट के लिए उपस्थित होना होगा। नामांकन और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया 26-27 जुलाई को संपन्न होगी। 28 जुलाई को उन्मुखीकरण कार्यक्रम के साथ नियमित कक्षाओं की शुरुआत होगी।

## नालंदा में भतीजे को बचाने में चाची का मर्डर

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मारपीट में जख्मी हुई महिला की मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतका मनु राम की 71 वर्षीय पत्नी ज्ञानती देवी है। मारपीट 23 मई को हुई थी। मृतका के परिजन ने बताया कि गांव में पड़ोसी कारू राम और नागमणि के बीच पैसे को लेकर मारपीट हो रही थी। इसी बीच कारू राम मारपीट से बचने के लिए ज्ञानती देवी के घर में आकर छिप गया। पीछे से नागमणि और उसके सहयोगी वहां आ गए और कारू राम को घर से बाहर निकालने की बात कहने लगे। इसी बीच ज्ञानती देवी ने घर का दरवाजा बंद कर दिया। जब नागमणि ने दरवाजा पीटना शुरू किया तो महिला ने दरवाजा खोल दिया। तभी नागमणि और उसके सहयोगी ने उनके साथ मारपीट कर दी और बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के क्रम में पटना में मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मामला भागन बीघा ओपी क्षेत्र के पतासंग गांव का है।

**घर में पूजा-पाठ हो रहा था:** दरअसल, 23 मई को ज्ञानती देवी के घर में पूजा-पाठ हो रही थी। इसी बीच पड़ोसी से झगड़े के बीच कारू राम घर में आकर छिप गया। जिसे बचाने के चक्कर में नागमणि ने महिला के साथ मारपीट कर दी। ज्ञानती देवी कारू राम की रिश्ते में चाची लगती है। एसडीपीओ सदर-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि 23 मई को मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें आरोप है कि एक महिला के साथ मारपीट की गई है। जिनका इलाज के क्रम में मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नागमणि ने कारू राम पर पैसे के लिए मारपीट की प्राथमिकी 23 मई को दर्ज कराई थी।

## खेलो इंडिया में मेडल जीतने वाले 7वीं के छात्र सम्मानित

निज संवाददाता। गया

गयाजी में मंगलवाल को खेलो इंडिया में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले छात्र अग्रसेन कुमार को सम्मानित किया गया। अग्रसेन ज्ञान तरु पब्लिक स्कूल के 7वीं के छात्र हैं। स्कूल के निदेशक के अनुसार अग्रसेन ने तीन महीने के अभ्यास में मेडल हासिल किया है। दरअसल, स्कूल की ओर से समर कैंप के समापन के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें आठ दिनों से चल रहे इस कैंप में मंगलवार को नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स ने विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के शिक्षक अपने-अपने छात्रों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। स्टूडेंट्स अपने साइंस माड्यूल्स और क्राफ्ट को न केवल बारीकी से लोगों को समझा रहे थे, बल्कि उनके मूल सिद्धांत भी बता रहे थे।



**छात्रों को स्विमिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी:** बच्चों के अभिभावक भी इस मौके पर मौजूद रहे। निदेशक मनीष मेहता ने बताया कि कैंप का उद्देश्य बच्चों को क्लासरूम से बाहर निकालकर, मोबाइल, लैपटॉप और टीवी स्क्रीन से दूर रखते हुए खेल-खेल में विज्ञान समझाना था। इसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला। एक ओर बच्चे खुलकर अपने-अपने टीचर्स से लगातार कुछ नया सीखने में जुटे रहे, तो दूसरी ओर उनमें आत्मविश्वास भी विकसित हो रहा था, जो भविष्य में उनके लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

## प्री-मॉनसून की बारिश, सड़कें जलमग्न

निज संवाददाता। गया

गयाजी में सोमवार को प्री-मॉनसून की झमाझम बारिश हुई। इस बारिश से शहर की प्रमुख सड़कों के साथ कलेक्ट्रेट, कमिश्नरी, नगर निगम व एसडीओ कार्यालय परिसर जलमग्न दिखा, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। वट सावित्री की पूजा कर घर लौट रही व्रतियों को भी सड़कों पर जमे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। बता दें कि सोमवार की सुबह आसमान से अच्छी धूप निकली। करीब 11 बजे के बाद मौसम में परिवर्तन होने लगा। आसमान घने बादलों से पट गया। करीब 11:30 के आसपास बूंदाबांदी शुरू हुई। इसके बाद काफी तेज वर्षा शहर में हुई। एक घंटे से ऊपर हुई झमाझम



बारिश ने कई प्रमुख सड़कों को डूबो दिया। दिग्घी तालाब के पश्चिमी व दक्षिणी, नूतन नगर, नादरागंज, रामसागर, तेलविगहा, मुरारपुर आदि जगहों की सड़कें पानी में डूब गई। कुछ इलाकों में दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया, हालांकि बारिश रुकने के करीब एक से दो घंटे के अंदर जलजमाव से आम लोगों को राहत मिली। नूतन नगर मुहल्ले में एक कार जलजमाव में फंस गई, जिसे काफी मुश्किल के बाद बाहर निकाला गया। इधर तापमान की बात करें तो सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया है। नमी सुबह में 78 तो शाम में 75 फीसदी दर्ज की गई है। वहीं रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया था। 31 मई तक आसमान में दिखेंगे बादल : वैज्ञानिक मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के मौसम वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि गयाजी में सोमवार को प्री-मॉनसून बारिश हुई है। प्री-मॉनसून की यह बारिश पूरे जिले में एक साथ नहीं बल्कि कुछ स्थानों पर होती है। यह स्थिति अभी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि 27 मई से गया में बंगाल की खाड़ी और अरेबियन शी दोनों ओर से नमी युक्त हवा आएंगी, जिसके कारण आसमान में बादल छाएंगे और छिटपूट वर्षा होगी। तापमान में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है।

## बिहार शरीफ के हर घर में पहुंचेगा गंगाजल

निज संवाददाता। नालंदा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी गंगा जलापूर्ति योजना अब अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर रही है। इस विस्तृत योजना के तहत नवादा जिले के मधुवन और मोतनाजे गांव में एक नया जलाशय निर्मित किया जाएगा। जो मौजूदा घोड़ा कटोरा जलाशय से तिगुना बड़ा होगा। इस नए जलाशय के बनने से न केवल गया, राजगीर और नवादा में 24 घंटे गंगाजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि बिहारशरीफ के हर घर तक पवित्र गंगाजल पहुंचेगा।

**परियोजना की तकनीकी विशेषताएं:** फेज-2 के अंतर्गत मधुवन और मोतनाजे गांव में जलाशय निर्माण की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। यह विशाल जलाशय 456.724 एकड़ से अधिक भूमि पर निर्मित होगा। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो घोड़ाकटोरा जलाशय की वर्तमान क्षमता 9.8 एमसीएम (मिलियन क्यूबिक मीटर) है, जबकि नया मधुवन जलाशय 27 एमसीएम की क्षमता के साथ तैयार होगा। इस संदर्भ में यह जानना महत्वपूर्ण है कि एक एमसीएम सौ करोड़ लीटर पानी के बराबर होता है। जलाशय निर्माण के साथ-साथ व्यापक पाइपलाइन नेटवर्क भी बिछाया जाएगा। मधुवन और मोतनाजे में जलाशय निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने की संभावना है। हालांकि जो सरकारी भूमि है। उसे अधिग्रहण किया जा रहा है। वन विभाग के पहाड़ के भी कुछ हिस्सों को अधिग्रहण किया जाना है।

**राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता:** मुख्यमंत्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट 'गंगाजी राजगृह प्रोजेक्ट' को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। भारत सरकार के केंद्रीय सिंचाई एवं विद्युत बोर्ड द्वारा इस परियोजना को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। इससे पूर्व 2022 में बिहार सरकार द्वारा भी इस प्रोजेक्ट को सम्मानित किया जा चुका है।

**सीएम ने किया था उद्घाटन:** इस ऐतिहासिक परियोजना की आधारशिला कुछ वर्ष पूर्व रखी गई थी। घोड़ाकटोरा स्थित जलाशय में 15 जुलाई 2022 को पहली बार पानी पहुंचा। 22 जुलाई को राजगीर, 8 अक्टूबर को गया, और 1 नवंबर को तेतर में जल आपूर्ति शुरू हुई। मुख्यमंत्री द्वारा इस ड्रीम प्रोजेक्ट का औपचारिक उद्घाटन 27 नवंबर 2022 को किया गया था। 15 दिसंबर को नवादा शहर में भी जलापूर्ति का शुभारंभ हुआ। वर्तमान में इन शहरों में 24 घंटे पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, लेकिन मधुवन जलाशय के पूर्ण होने के बाद न केवल इन क्षेत्रों में निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि बिहारशरीफ के प्रत्येक घर को भी गंगाजल की उपलब्धता होगी।

**श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी:** महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 2909 करोड़ रुपए का व्यय अनुमानित है। यह निवेश बिहार के दक्षिण के जिलों में जल संकट के दीर्घकालिक समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हाल ही में मलमास मेले के दौरान गंगा जल की उपयोगिता सिद्ध हुई है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को पीने के पानी की कोई समस्या नहीं हुई। गया के पितृपक्ष मेले में भी पर्याप्त मात्रा में गंगाजल की उपलब्धता रही, जिससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हुई।

**तकनीकी चुनौती और समाधान:** हाथीदह से घोड़ाकटोरा स्थित जलाशय तक पानी 92 किलोमीटर की दूरी तय करके पहुंचता है। इस दूरी को कवर करने के लिए 16,728 पाइप बिछाए गए हैं। मोतनाजे स्थित डिटेंशन टैंक में पानी पहुंचने के बाद वहां जल शोधन की प्रक्रिया संपन्न होती है, जिसके बाद राजगीर और नवादा में शुद्ध जल की आपूर्ति की जाती है।

**पुनर्वास की योजना:** गंगाजल जलाशय के फेज-2 के पार्ट-1 में निर्मित होने वाले जल भंडारण के लिए मोतनाजे और मधुवन गांव के निवासियों को खुटिका और भलुआ में पुनर्वासित किया जाएगा। इन दोनों स्थानों को इस उद्देश्य के लिए चिह्नित किया गया है।

## 4 फीट गहरे टब में डूबकर बच्चे की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सोमवार को ढाई साल के बच्चे की डूबकर मौत हो गई। परिजन के अनुसार मोहल्ले में नली-गली योजना का काम चल रहा था। ठेकेदार ने पानी स्टोर करने के लिए एक टब बनाया था, जो 4 फीट गहरा था। बच्चा घर के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान वो टब में गिर गया। दोपहर के वक्त लंच के बाद मजदूर काम पर लौटे। टब से पानी निकालने गए तो देखा कि बच्चा गिरा हुआ है। मृतक कन्हैया पासवान के ढाई साल के बेटे अंजय कुमार है। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के वंश गोपालपुर टोला डग्गर का है।

**पिता मजदूरी करते हैं:** परिवार वालों को बच्चे की मौत की जानकारी दी गई। अंजय कुमार 2 भाई एक बहन में सबसे छोटा था। पिता मजदूरी कर घर परिवार चलाते हैं। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार
Department of Space, Government of India
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन )इसरो(
INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION [ISRO]
इसरो केन्द्रिकित भर्ती बोर्ड (आई. सी. आर. बी)
ISRO CENTRALISED RECRUITMENT BOARD [ICRB]

इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस में बी.ई./बी.टेक या समकक्ष डिग्री धारक वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' की भर्ती / RECRUITMENT OF SCIENTIST/ENGINEER 'SC' WITH BE/B.TECH OR EQUIVALENT DEGREE IN ELECTRONICS, MECHANICAL AND COMPUTER SCIENCE

Online applications are invited from meritorious graduates for the following vacancies of Scientist/Engineer 'SC' (Group- 'A' Gazetted posts) in Level 10 of Pay Matrix at constituent ISRO Centres and Scientist/Engineer 'SC' ( Group-'A' Non-Gazetted posts) in Level 10 of Pay Matrix in an Autonomous Body (PRL) under DOS as detailed below

| पद कोड सं./ Post Code No. | पद का नाम/Name of the Post | कुल रिक्त पदों की संख्या/ Total number of vacancies |
|---|---|---|
| पद सं/Post No. BE001 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (इलेक्ट्रॉनिक्स)/ Scientist/Engineer 'SC' (Electronics) | 113 (PwBD-22) |
| पद सं/Post No. BE002 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (मेकेनिकल) / Scientist/Engineer 'SC' (Mechanical) | 160 (PwBD-20) |
| पद सं/Post No. BE003 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (कंप्यूटर साइंस)/ Scientist/Engineer 'SC' (Computer Science) | 44 (PwBD-8) |
| पद सं/Post No. BE001A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (इलेक्ट्रॉनिक्स)/ Scientist/Engineer 'SC' (Electronics) - PRL | 2 (PwBD-2) |
| पद सं/Post No. BE003A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (कंप्यूटर साइंस)/ Scientist/Engineer 'SC' (Computer Science) - PRL | 1 (PwBD-1) |

2. विस्तृत चयन प्रक्रिया एवं आवेदन भरने हेतु, इसरो के वेबसाइट www.isro.gov.in देखें | आवेदन भरने के आखिरी तारिक 16-06-2025 है | For detailed Selection Procedure and for applying, please visit ISRO website at www.isro.gov.in. Last date for receipt of on-line application is 16-06-2025

CBC-49101/11/0007/2526

बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला स्थापना शाखा)
संविदा के आधार पर अमीन के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक प्रमाण–पत्र/कागजात जाँच के संबंध में सूचना प्रकाशन :–
:– आम सूचना (प्रेस विज्ञप्ति) :–

सरकार के उप सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–219(4)/रा0, दिनांक–09.05.2025 द्वारा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में संविदा के आधार पर पूर्व में कार्यरत कुल–374 अमीनों(अमानत/सर्वेयर) को विभाग अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों में अमीन के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध करायी गयी है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची में कुल–14 अभ्यर्थियों को औरंगाबाद जिला आवंटित किया गया है। जिनकी विभागीय निदेश के आलोक में संविदा के आधार पर अमीन के पद पर नियुक्ति किया जाना है। अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची औरंगाबाद जिले के बेवसाईट **https://aurangabad.bih.nic.in** पर उपलब्ध है। विभागीय निदेशानुसार अनुशंसित अभ्यर्थियों के सभी मूल प्रमाण–पत्रों यथा शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों इत्यादि के जाँचोपरान्त संतुष्ट होने के पश्चात् ही नियुक्ति निर्गत किया जाना है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे सभी संबंधित शैक्षणिक प्रमाण पत्र/कागजातों मूल एवं छायाप्रति के साथ दिनांक–02.06.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे पूर्वाहन से 05 बजे अपराहन तक निम्नांकित कागजातों के साथ जिला स्थापना शाखा, औरंगाबाद में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। ताकि उनके सभी वांछित कागजातों का सत्यापन किया जा सके। जो अभ्यर्थी दिनांक–02.06.2025 को किसी वैद्य कारणवश उपस्थित नहीं हो पायेंगे वे अभ्यर्थी विशेष परिस्थिति में सभी वांछित कागजातों का सत्यापन के लिए जिला स्थापना शाखा, समाहरणालय, औरंगाबाद में दिनांक–09.06.2025 एवं 10.06.2025 को निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

1. पहचान पत्र मूल के साथ छायाप्रति। (आधार कार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट/मतदाता पहचान पत्र)
2. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र की मूल प्रति के साथ स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।
3. आवासीय प्रमाण–पत्र की मूल प्रति के साथ स्व अभिप्रमाणित साथ छायाप्रति।
4. जाति प्रमाण–पत्र/क्रिमिलेयर रहित प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र की मूल प्रति के साथ स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।
6. अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत इस आशय का शपथ पत्र कि सभी प्रमाण–पत्र सही है तथा गलत पाए जाने पर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी।
7. असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र। (मूल रूप में)
8. विवाह में तिलक–दहेज नहीं लेने एवं देने संबंधी घोषणा पत्र मूल प्रति में।
9. न्यायालय में किसी भी प्रकार का मुकदमा लंबित नहीं है एवं आपका आचरण प्रतिकूल नही है से संबंधित शपथ पत्र।
10. चरित्र प्रमाण–पत्र।
11. नवीनतम चार पासपोर्ट साईज फोटो।
12. पूर्व में नियोजित/पदस्थापित कार्यालय से निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।

संविदा के आधार पर नियोजित अभ्यर्थी सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे और सरकारी सेवक को अनुमान्य किसी भी सुविधा के वे हकदार नहीं होंगे। सविंदा के आधार पर नियोजन के बाद सरकारी सेवा में नियमितीकरण का उनका कोई भी दावा नहीं बनेगा।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 004463 ( District ) 2025-26

जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त समाचार

### किशनगंज में बारिश से टूटा डायवर्सन, 4 गांवों का संपर्क कटा

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के पोठिया प्रखंड के सरोगरा पंचायत में स्थित शेखपुरा गांव में सोमवार की रात हुई मूसलाधार एक निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन पानी के तेज बहाव में बह गई। इस डायवर्सन के टूटने से शेखपुरा, भूलगरा, बनवारी और बलेगची गांवों का आपस में संपर्क पूरी तरह कट गया है। इससे लगभग 3000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। डायवर्सन की खराब गुणवत्ता इस समस्या का मुख्य कारण बनी है। स्थानीय निवासी मोहम्मद इसराइल ने बताया कि डायवर्सन के टूटने से स्कूली बच्चों, किसानों और मजदूरों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक अन्य निवासी रीता देवी ने बताया कि यह पुल आसपास के गांवों को जोड़ने का एकमात्र रास्ता है। इससे वर्तमान में आपातकालीन सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रभावित हुई हैं। डॉक नदी के किनारे बनी झील की वजह से स्थिति और जटिल हो गई है। बारिश के मौसम में वैकल्पिक रास्तों के जलमग्न होने की आशंका से चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से डायवर्सन की तत्काल मरम्मत की मांग की है। साथ ही, निर्माण कार्य में तेजी लाने की अपील की है, ताकि लोगों का जीवन सामान्य हो सके।

### वैशाली में स्कॉर्पियो ने चाय दुकानदार को मारी टक्कर, मौत

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र में सोमवार की रात हुए एक सड़क हादसे में चाय दुकानदार की मौत हो गई। मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर बखरी गांव निवासी श्रवण साह (60) के रूप में हुई है। घटना देर रात करीब 10 बजे की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि श्रवण साह रानीपोखर चौक पर चाय-नाश्ते की दुकान चलाते थे। वह एक भोज समारोह से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया है। महुआ थानाध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृतक चाय-नाश्ते की दुकान चलाकर अपना परिवार चलाते थे।

### भोजपुर में बच्चे के विवाद में मारपीट : पड़ोसी ने पिता-पुत्री पर लाठी-डंडे से किया हमला

**आरा, भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद में मारपीट हुई है। पड़ोसी ने लाठी-डंडे से पिता-पुत्री और पोते की पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने झगड़े को शांत कराया। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना छोटकी सनदिया गांव के राम नगर टोला की है। घायलों की पहचान गुलजारी राम (50), बेटी रीता कुमारी (19) और पोता अंकुश कुमार (9) के तौर पर हुई है। पीड़ित ने बताया कि मेरी पोती अंशु कुमारी (5) घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रही थी। इसी बीच पड़ोस का एक लड़का आया और कहने लगा कि तुम लोगों के साथ मैं भी खेलूंगा। लेकिन अंशु ने उसे मना कर दिया। गुस्से में आकर लड़के ने पोती को थप्पड़ मार दिया। इसी बात को लेकर मैंने उसे डांटा था। कुछ देर बाद उसने अपने परिजनों को बुला लिया। सबसे पहले अंकुश को मारा। इसके बाद लाठी-डंडे से मुझे और मेरी बेटी की पिटाई कर दी। बेटी को जमीन पर पटकर लात से पेट में मारा। आसपास के लोगों ने हमलोगों को बचाया। इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं, सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि लड़की के पेट और बुजुर्ग के सिर में काफी चोटें आई है। सभी का इलाज चल रहा है।

### किशनगंज में एनएच-327ई सर्विस रोड धंसी : सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल, लोगों ने जांच की मांग की

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड में गलगलिया-अररिया राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड अचानक धंस गई। यह घटना साबोडांगी चौक के समीप हुई। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण में लापरवाही के लिए जीआर कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जवारुल हक ने बताया कि वे कादोगांव बाजार से लौट रहे थे। उन्हें सड़क धंसने की जानकारी नहीं थी। वे बाल-बाल बच गए। उन्होंने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रसमुद्दीन ने कहा कि दिन में सड़क का धंसना लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने जिला पदाधिकारी विशाल राज से जांच और कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सर्विस रोड का उपयोग रोजाना सैकड़ों लोग करते हैं। सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी से यह स्थिति बनी है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि यह घटना रात में हुई होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। साथ ही जिला प्रशासन से सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच की मांग की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने दोषी ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# नहीं अटकेगा जमीन का कोई काम, सरकार ने पंचायत सचिव और अंचल अमीन को दी बड़ी जिम्मेदारी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** विभिन्न मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारी पिछले करीब दो माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस कारण अंचलों में दाखिल खारिज, परिमार्जन समेत जमीन से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य बाधित हैं। राजस्व कर्मचारियों को काम पर वापस लौटाने का विभाग के स्तर से काफी प्रयास किया गया, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।



अंचलों में उत्पन्न समस्या को देखते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से अहम निर्णय लिया गया। इसके तहत अब राजस्व कर्मचारियों का भी कार्य पंचायत सचिव और अंचल अमीन को करना होगा। इसे लेकर सोमवार को सभी जिलों में पटना से ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई।

जिले में समाहरणालय सभागार के ऊपरी तल पर पंचायत सचिव और अमीन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। विभाग के अधिकारियों ने राजस्व कर्मचारियों के कामकाज के बारे में तकनीकी रूप से जानकारी दी।

सके बाद सभी संबंधितों से इस विषय पर सवाल जवाब भी किया गया। इस कार्य को करने में किसी प्रकार की दिक्कत के बारे में भी जानकारी ली गई। इसके बाद राजस्व कर्मचारियों के लिए आवंटित कराया गया लैपटॉप पंचायत सचिव और अमीन को उपलब्ध कराते हुए कार्य शुरू कराने को कहा गया।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव ने सभी समाहर्ता को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने के कारण अंचलों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। इसके लिए जो राजस्व कर्मचारी सेवानिवृत हो गए हैं, उनकी सूची तैयार की जाए और संविदा पर इनका नियोजन किया जाए, ताकि जमीन संबंधित कामकाज लंबित नहीं रहे।

उन्होंने कहा कि अगर सेवानिवृत कर्मी इच्छुक हैं तो वे 31 तक अपर समाहर्ता के कार्यालय में पहुंचकर पेंशन प्राधिकार और पहचान पत्र दिखाते हैं तो इस आधार पर उनका नियोजन किया जा सकता है।

मुशहरी, कांटी, मीनापुर, कुढ़नी और मोतीपुर अंचल का प्रदर्शन पिछली समीक्षा बैठक में सबसे खराब रहा था। दाखिल खारिज और परिमार्जन के लंबित आवेदनों के निष्पादन में पिछड़ने पर कांटी, मीनापुर, कुढ़नी और मोतीपुर के राजस्व कर्मचारी को डीएम ने निलंबित किया था, जबकि मीनापुर सीओ पर आर्थिक दंड भी लगाया गया था। इन अंचलों में दाखिल खारिज का निष्पादन 80 प्रतिशत के आसपास है।

# खान सर ने रचाई शादी, खुद किया खुलासा : पटना में 2 जून को रिसेप्शन

**पटना, एजेंसी।** अपने अलग अंदाज से पढ़ाने के लिए मशहूर शिक्षक खान सर ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक लाइव क्लास के दौरान इस बात का खुलासा किया कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान वो शादी कर चुके हैं। वीडियो में वे 2 जून को पटना में रिसेप्शन की बात कह रहे हैं। इसके साथ ही छात्रों के लिए 6 जून को भोज देने की बात है। वीडियो में खान सर कह रहे हैं मैंने शादी भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के दौरान की थी। जब पूरा देश युद्ध की खबरों पर नजरें गड़ाए बैठा था, तब मैं शादी कर रहा था।



हालांकि वीडियो में वे मजाकिए लहजे में अपनी बात कह रहे हैं। इस दौरान वे स्टूडेंट्स से कहते हैं आप मेरे सबसे करीब हैं, मेरा वजूद आप से है, इसलिए सबसे पहले आपको ये बता रहा हूं। यह सुनते ही उनके छात्र पहले तो चौंक गए, लेकिन इसके बाद पूरे सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। खबर सामने आने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि खान सर की पत्नी कौन हैं। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने ÷ए एस खान÷ नाम की एक युवती से निकाह किया है। हालांकि इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही खान सर ने अपनी पत्नी का नाम सार्वजनिक रूप से बताया है। खान सर की रिसेप्शन कार्ड भी बेहद साधारण और निजी रखा गया है, जिसमें न तो उन्होंने अपना असली नाम बताया और न ही अपनी पत्नी का पूरा नाम। इससे यह साफ होता है कि खान सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर अब भी सतर्क हैं। खान सर का यूट्यूब चैनल और खान जीएस रिसर्च सेंटर देशभर में छात्रों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को सरल भाषा में विषयों को समझाने के लिए जाने जाते हैं।

## भागलपुर में तेज गति से कार चला रहे चालक ने तीन वाहनों को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे कई लोग

भागलपुर, एजेंसी। बरारी-तिलकामांझी रोड पर तिलकामांझी चौराहे से चंद फर्लांग की दूरी पर रात सवा आठ बजे तेज गति से कार चला रहे एक चालक ने तीन वाहनों को टक्कर मार दी।

इस घटना में तीनों वाहन चालकों को चोटें आई हैं। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना को लेकर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपित कार चालक को लोग पीटने पर उतारू हो गए।

लेकिन क्षतिग्रस्त वाहनों में से एक वाहन के मालिक ने आरोपित वाहन चालक को देख कर उसके मालिक से बात कर मामले में क्षतिपूर्ति और समझौते की बात करने लगे। इस बीच स्थानीय दुकानदारों ने घटना की सूचना बरारी थाने को दे दी। पुलिस टीम मामले की छानबीन कर रही है।

वहीं, दूसरी ओर पीरपैंती बाराहाट एनएच 133 पर साठो गांव के समीप बाराहाट की ओर से तेज रफ्तार से आ रही सीएनजी ऑटो से एक व्यक्ति गिर गया। जिसके बाद चालक जख्मी को छोड़ भागने लगे।

पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस जख्मी को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जख्मी की पहचान झारखंड के नुना जोर के घट बोरिया निवासी भूपेंद्र राय के रूप में हुई है। डॉ. जीतू ने बताया कि जख्मी का सिर पर गंभीर चोट आई है।

## पटना में पेट्रोल पंप मैनेजर से 5.75 लाख लूटे

**पटना, एजेंसी।** बाढ़ अनुमंडल में एक पेट्रोल पंप मैनेजर से चार नकाबपोश बदमाशों ने 5.75 लाख रुपए लूट लिए। यह घटना सालिमपुर थाना क्षेत्र के डोमा गांव के पास रेलवे गुमटी के निकट हुई। पेट्रोल पंप मैनेजर विजय कुमार शाम 5 बजे बुद्धा फॉसिल फ्यूल सेंटर का कैश बैंक में जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार चार नकाबपोश बदमाश आए। उन्होंने हथियार दिखाकर विजय कुमार से कैश छीन लिया। अपराधियों ने लूट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। वारदात के बाद चारों बदमाश उसी रास्ते भाग गए जिधर से आए थे। विजय कुमार नियमित रूप से पेट्रोल पंप से बैंक में पैसे जमा कराने जाते थे।

घटना की सूचना मिलते ही सालिमपुर और बख्तियारपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# तेजस्वी यादव फिर बने पापा, बेटे के साथ तस्वीर शेयर की

**पटना, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव फिर पापा बन गए हैं। उन्होंने बेटे के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की है। राजश्री कोलकाता के अस्पताल में भर्ती हैं। 26 मई को लालू-राबड़ी बहू से मिलने कोलकाता के लिए निकले थे। तेजस्वी ने सोशल मीडिया पर बेटे की फोटो शेयर करते हुए लिखा, आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। घर में छोटे बच्चे के आने से बहुत खुश हूं। जय हनुमान।

बुआ रोहिणी ने लिखा, जूनियर टुड्डू को ढेर सारा प्यार। हॉस्पिटल का एक 24 सेकेंड का वीडियो सामने आया है, जिसमें वीडियो कॉल पर तेजस्वी यादव अपने पिता लालू यादव से कह रहे हैं, पापा, बेटा हुआ है, आपका पोता हुआ है। 2023 में पहली बार पिता बने थे तेजस्वी यादव 27 मार्च 2023 में तेजस्वी यादव पहली बार पिता बने थे। उस वक्त एक बेटी का जन्म हुआ था, जिसका लालू



यादव ने कात्यायनी नाम रखा। उस वक्त तेजस्वी नीतीश सरकार में डिप्टी सीएम थे। तब परिवार लैंड फॉर जॉब्स केस में ईडी और सीबीआई की पूछताछ का भी सामना कर रहा था।

दिसंबर 2021 में दिल्ली में बचपन की दोस्त के साथ की थी शादी 9 दिसंबर 2021 को तेजस्वी यादव ने राजश्री यादव से शादी की थी। दिल्ली के साकेत स्थित मीसा भारती के सैनिक फार्म हाउस पर विवाह समारोह संपन्न हुआ था। पहले दोनों की सगाई हुई। उसके बाद परिवार के समक्ष तेजस्वी-रेचल (राजश्री) ने अग्नि के सात फेरे लिए थे। कार्यक्रम में पिता लालू प्रसाद यादव, मां राबड़ी देवी, बहन मीसा भारती, भाई तेजप्रताप यादव और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी पत्नी डिंपल के साथ शामिल हुए थे। तेजस्वी यादव और उनकी पत्नी की दोस्ती बचपन की है। दोनों साथ में डीपीएस, आरके पुरम में पढ़ते थे। वहीं, 2014 से करीब आ गए थे।

दोस्ती प्यार में बदली और दोनों एक-दूसरे के हो गए। तेजस्वी लालू-राबड़ी के सबसे छोटे संतान हैं।

# मुजफ्फरपुर के सरैया में बनेगा फुटबॉल स्टेडियम, निर्माण कार्य पर 2 करोड़ से ज्यादा होंगे खर्च

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में सरैया प्रखंड के एसकेएसडी हाई स्कूल जैतपुर में 2 करोड़ 5 लाख 92 हजार लागत से फुटबॉल स्टेडियम सह एथलेटिक ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने फुटबॉल स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया था। जिसके बाद प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। अब कार्यकारी निर्माण एजेंसी, भवन निर्माण विभाग की ओर से निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**फुटबॉल ग्राउंड और रनिंग ट्रैक की सुविधा :** जिला पदाधिकारी ने बताया कि फुटबॉल स्टेडियम सह एथलेटिक ट्रैक (200द्व) बनने से युवाओं को फायदा होगा। खासकर मुसहरी प्रखंड के खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर पर ही स्टेडियम की सुविधा मिलेगी। युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा को विकसित करने का मौका मिलेगा। आउटडोर स्टेडियम की साइज 115द्वम 95द्व होगा। जिसके बीच में फुटबॉल ग्राउंड होगा और साइड से रनिंग



ट्रैक की सुविधा रहेगी। इसके अतिरिक्त पंचायत स्तर पर भी मनरेगा द्वारा खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। प्रगति की लगातार समीक्षा और फील्ड विजिट कर प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है। ताकि खिलाड़ियों को अत्यंत उपयोगी एवं गुणवत्तापूर्ण खेल के मैदान की सुविधा शीघ्र प्राप्त हो जाए। जिला में कुल 310 चयनित योजनाओं में से 226 पर काम शुरू हुआ है। जिसमें 115 का कार्य पूर्ण हो गया है। 111 पर काम चल रहा है। जिलाधिकारी ने उपविकास आयुक्त को सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग कर जल्द कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

# 20 सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र मिला, कई योजनाओं का शिलान्यास

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान का जायजा लिया। कई योजनाओं का शिलान्यास किया। 20 सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया। इन सहायक प्राध्यापकों का चयन बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने किया। मुख्यमंत्री ने रीतू नारायण, प्रीति सिंह, अशोक कुमार, संतोष कुमार झा एवं संजय कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र दिया। बाकी लोगों को शिक्षा मंत्री ने नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री ने संस्थान में 2.87 करोड़ रुपए से बनने वाले एनेक्सी भवन का शिलान्यास किया। वार्डन ब्लॉक व स्टार्टअप ब्लॉक का भी शिलान्यास किया। इन पर क्रमश : 4.90 करोड़ व 5.33 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने संस्थान के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। वहां की व्यवस्थाओं तथा शैक्षणिक कार्यकलापों की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान परिसर में स्थापित पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव व संस्थान के निदेशक डॉ. एस. सिद्धार्थ ने



मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव अनुपम कुमार, ओएसडी गोपाल सिंह, डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह, एसएसपी अवकाश कुमार आदि मौजूद थे। 1973 में शुरू हुआ था संस्थान इस संस्थान की स्थापना 1973 में 'बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनोमिक डेवलपमेंट' नाम से हुई थी। अभी यहां स्नातक व स्नातकोत्तर व स्तर के प्रोफेशनल कोर्स चलते हैं। प्रबंधन के क्षेत्र में पूर्वी भारत में इस संस्थान का खासा नाम है।

# एनडीए के कार्यक्रम में शामिल होने पर दो राजद नेताओं को पार्टी से 6 साल के लिए निकाला

**बांका, एजेंसी।** बांका में रजौन के दो राजद नेता दिवाकर यादव और विष्णुदेव ठाकुर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। यह कार्रवाई राजद के बांका जिलाध्यक्ष अर्जुन ठाकुर ने की है। सोमवार की शाम उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। इस फैसले के बाद धोरैया विधानसभा में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। जिसको लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। निष्कासित के बाद दोनों नेता ने इस फैसले का विरोध किया।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि 25 मई 2025 को रजौन प्रखंड परिसर में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम एनडीए के बैनर तले हुआ था। इस कार्यक्रम में दोनों नेता शामिल हुए थे। कार्यक्रम में जदयू के नेताओं की मौजूदगी थी। इसे राजद ने पार्टी नीति और सिद्धांतों का उल्लंघन माना। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दोनों नेता लंबे समय से समाजवादी विचारधारा के साथ पार्टी में काम कर रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने एनडीए नेताओं के दबाव और सान्निध्य में आकर पार्टी के विधायक और संगठन की अवहेलना की। यह न सिर्फ गलती थी, बल्कि पार्टी विरोधी कार्य भी था। इसलिए दोनों को राजद की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।



इस संबंध में पूछे जाने पर राजद नेता दिवाकर यादव और विष्णुदेव ठाकुर ने जिला अध्यक्ष के फैसले को गैरजिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि बिना किसी सूचना के जिला अध्यक्ष ने जो निर्णय लिया, वह गलत है। यह किसी एक पार्टी का कार्यक्रम नहीं था। यह एक सार्वजनिक कार्यक्रम था। जो भी निर्णय लेना था सोच समझ कर लेना चाहिए था। जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर हम लोग शामिल हुए थे।

**जिले में इस साल जनवरी से मार्च तक लूट की 31 घटनाएं :**
**पटना, एजेंसी।** पटना के शहरी और ग्रामीण इलाकों में इस साल जनवरी से मार्च तक लूट की 31 घटनाएं हुई हैं। इनमें सबसे अधिक मसौढ़ी पुलिस अनुमंडल में आठ घटनाएं यानी 25 फीसदी से अधिक लूट के मामले आए हैं। मसौढ़ी पुलिस अनुमंडल में सबसे अधिक चार घटनाएं धनरुआ थाना इलाके में हुई। टाउन पुलिस अनुमंडल में एक भी घटना नहीं हुई है। इस अनुमंडल के पीरबहोर, कदमकुआं और गांधी मैदान थाना आता है। एसपी स्तर पर बात करें, तो सबसे अधिक लूट की 14 घटनाएं सिटी एसपी पूर्वी के इलाकों में हुई हैं, जबकि सबसे कम सिटी एसपी सेंट्रल के इलाके में तीन घटनाएं हुई हैं। एसपी वेस्ट में 6 और एसपी ग्रामीण में 8 घटनाएं लूट की हुई हैं। हालांकि, इन 31 मामलों में करीब 85-90 फीसदी केस में पुलिस ने लूट का खुलासा करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष 10 से 15 फीसदी केस में भी अपराधियों की पहचान हो गई है। इन तीन महीनों में फतुहा, बाढ़ और फुलवारीशरीफ अनुमंडल में 4-4 लूट की घटनाएं हुई हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान कार्ड शिविर हुआ समाप्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के रामदासी गांव के बाबा बांध मोड़ के समीप बीते दिन गुरुवार की शाम एक युवक के साथ कुछ बदमाशों द्वारा मारपीट कर मोबाइल और सोने के चैन की छिनतई की गई थी। घटना को लेकर पीड़ित युवक रामदासी गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र रंजन यादव ने थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट एवं छिनतई को लेकर घायल युवक के द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। वहीं घटना में शामिल पांच आरोपियों में दो आरोपियों को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामदासी गांव निवासी फौदी यादव के पुत्र कुलदीप यादव एवं महेश यादव के पुत्र चंद्रदीप यादव है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### राजस्व कर्मी हड़ताल पर

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** संघ के आहवान पर कौआकोल अंचल कार्यालय में पदस्थापित सभी राजस्व कर्मचारी अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर सात मई से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मालूम हो कि राजस्व कर्मचारी के हड़ताल पर जाने से आमजनों को जाति प्रमाण पत्र, निवास सहित दाखिल खारिज आदि कामों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार, मिथुन कुमार मिठू, आदित्य कुमार नितेश कुमार मिश्र, दीपक कुमार, प्रकाश कुमार ने बताया कि सरकार जब तक हमलोगों के 17 सूत्री मांगों को मान नहीं लेती, तब तक हम कर्मचारियों का हड़ताल जारी रहेगी।

### सीएचसी में ईसीजी जांच सेवा प्रारम्भ

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में ईसीजी मशीन की व्यवस्था मंगलवार से शुरु हो गया। यह मशीन लगने से ह्रदय रोग से ग्रसित मरीजों को इलाज में सुविधा उपलब्ध होगी। मरीजों को निःशुल्क जांच किया जाएगा। इस रोग के मरीजों को अब दूसरे जगहों पर जांच कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस केंद्र में ईसीजी मशीन नहीं रहने से चिकित्सक को भी इस रोग से ग्रसित मरीजों को स्वास्थ्य जांच व इलाज करने में परेशानी होती थी। अब उन्हें भी सहूलियत होगी। लोग कहते हैं कि जांच विशेषज्ञों के माध्यम से ह्रदय रोग के मरीजों का जांच के बाद 10 मिनट में रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही गई है। कहा गया 40 वर्ष के बाद लोगों को ह्रदय का जांच अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार, नागेन्द्र कुमार, मुकुंद कुमार, सोना देवी अन्य लोगों को ईसीजी मशीन से जांच कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया।

### नाबालिग युवक ने बालिग लड़की से किया रेप

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक लड़की के साथ नाबालिग लड़का द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता का आरोप है कि 25 तारीख की रात नाबालिक आरोपी उम्र 16 साल ने उसके साथ गलत किया है। दो और बाहर खड़े थे। पीड़ित लड़की उम्र 18 साल ने 26 तारीख की शाम थाने में अपना शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी नाबालिग को विधि विरुद्ध कर न्यायालय में भेजा गया है। पीड़ित लड़की को भी 164 का बयान के लिए न्यायालय भेजा गया है।

### किसानों के लिए ढैंचा बीज उपलब्ध

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** हरी चादर योजना के अंतर्गत नरहट में ढैंचा बीज उपलब्ध है। प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक शिवनाथ केसर वाणी ने बताया कि सभी पंचायत के लिए ओलीपुर सर्वोत्तम बीज भंडार में ढैंचा बीज उपलब्ध है। जो भी किसान अपने खेत में उर्वरक क्षमता बढ़ाना चाहते हैं वैसे किसानों के लिए बीज 20 kg का पैकेट में उपलब्ध है। 41 रुपये 80 पैसे केजी के हिसाब से 20 केजी का 836 रुपया देय होगा। यह अनुदान काट कर दिया जा रहा है। कृषक अधिक जानकारी के लिए आप अपने पंचायत के किसान सलाहकार कृषि समन्वयक या प्रखंड कृषि कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

### ओभरलोड ट्रकों पर कार्रवाई

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के फुलवरिया डैम के समीप मंगलवार को झारखंड की ओर से आ रही पांच फ्लाई ऐश लदे ओभरलोड वाहनों से परिवहन विभाग द्वारा 2 लाख 47 हजार रुपए की जुर्माना किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय ने बताया कि परिवहन नियमों के पालन एवं ओभरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान चितरकोली स्थित जांच चौकी से लेकर एन.एच-20 पर पदाधिकारियों की मदद से लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जांच चौकी पर तीन ओभरलोड ट्रकों पर कुल 1 लाख 30 हजार रुपए की जुर्माना किया गया है। वहीं ईएसआई संदीप कुमार के द्वारा फ्लाई ऐश लदे दो ओभरलोड ट्रकों से 1 लाख 17 हजार रुपए की जुर्माना किया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि ओभरलोड वाहनों के कारण सड़क की आयु घट जाती है और दुर्घटना की असीम संभावना भी बनी रहती है। वहीं जिला में कई वाहनों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन भी किया जाता है। इसको लेकर विभाग ने विशेष अभियान चलाया है और यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर जुर्माना किया जा रहा है।

### नवजीवन हॉस्पिटल ईएसआई से जुड़ा



**सीतामढ़ी (नि.सं.)।** जहां नवजीवन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पटना के बीच एक महत्वपूर्ण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस अनुबंध के तहत अब सीतामढ़ी जिले में ईएसआईसी के पंजीकृत लाभार्थियों को नवजीवन हॉस्पिटल में कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। इस टाई-अप के तहत जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, हड्डी रोग (ऑर्थोपेडिक्स), प्रसूति एवं स्त्री रोग, आपातकालीन सेवाएं, क्रिटिकल केयर और पैथोलॉजी सेवाएं शामिल की गई हैं। इसका उद्देश्य ईएसआई लाभार्थियों को बेहतर और त्वरित इलाज उपलब्ध कराना है। यह जानकारी दी गई है कि नवजीवन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, सीतामढ़ी जिले का पहला अस्पताल है जिसने ईएसआईसी के साथ यह समझौता किया है। यह अस्पताल सीतामढ़ी के डुमरा रोड स्थित साहू चौक पर स्थित है, जिसका पिनकोड 843302 है। इस पहल से जिले के हजारों ईएसआई लाभार्थियों को अब इलाज के लिए पटना या अन्य बड़े शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा, जिससे उन्हें समय और धन दोनों की बचत होगी।

### शादी के एक वर्ष बाद युवती की मौत

**नवादा (नि.सं.)।** सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के टेकपुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में आज मौत हो गई। मृतका की पहचान अकबरपुर प्रखंड के पाती गांव निवासी सुबोध कुमार राय की पुत्री निशु कुमारी (27) के रूप में हुई है। निशु की शादी टेकपुर गांव के प्यारेलाल यादव के पुत्र संजीव कुमार के साथ 19 अप्रैल 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शुरुआत में सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन पिछले 6 महीनों से ससुराल पक्ष द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था। मायके पक्ष का आरोप है कि कई बार समझाने के बावजूद ससुराल वालों ने अपना व्यवहार नहीं बदला।

# पैंगरी गांव से 5 साइबर अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | वारिसलीगंज



पुलिस अधीक्षक, नवादा के निर्देश पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पैंगरी गांव के बगीचे में सोमवार को छापेमारी कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस उपाधीक्षक महेश चौधरी ने बताया की गिरफ्तार अपराधियों के पास से ठगी के धंधे में प्रयोग किए जाने वाले कई समान भी बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार साईबर अपराधकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई को ले पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा के द्वारा टीम का गठन किया गया जिसमें स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल तथा चौकीदार को शामिल किया गया।उक्त टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम पैंगरी स्थित रोड के 20 मीटर दक्षिण में जामुन पेड़ के पास कार्रवाई करते हुये छापामारी की गई। छापामारी में कुल 05 साईबर अपराधियों को पकड़ा गया है। इनके पास से 2 एंड्रोएड मोबाईल तथा कस्टमर डाटा का कापी बरामद किया गया है। पकड़ाये अपराधियों से पूछ - ताछ करने पर पता चला कि ये लोग अल-खैर ईस्लामिक फाईनेंस बैंक के नाम पर लोन देने का झांसा देकर ग्राहकों को प्राप्त कस्टमर डाटा से ठगते है। कस्टमर डाटा में ही ग्राहक का मोबाईल नंबर, नाम-पता आदि के बारे जानकारी अंकित रहता है। उक्त कस्टमर डाटा में अंकित मोबाईल नंबर पर ये लोग संपर्क कर लोन देने के नाम पर ठगी का काम करते है।मौके पर से भागे अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू लगातार छापामारी की जा रही है। सभी गिरफ्तार व्यक्ति नवादा जिलांतर्गत वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पैंगरी गांव के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अपराधियों में दीपक कुमार, उम्र 22 वर्ष s/o राजेन्द्र पासवान। रंजय सिंह, उम्र-30 वर्ष, s/o राजु सिंह। नीतीश कुमार, उम्र-25 वर्ष, s/o राजु सिंह। पप्पू सिंह, उम्र-42 वर्ष, s/o नरेश सिंह। रवि कुमार, उम्र-26 वर्ष, s/o देवनंदन सिंह हैं। उन्होंने बताया की उनलोगों के पास से दो एन्ड्रायड मोबाईल- कस्टमर डाटा का कॉपी बरामद किया गया हैं। रुपेश कुमार सिन्हा ने बताया की साइबर अपराधियों के खिलाफ वारिसलीगंज पुलिस लगातार कार्रवाई करते रहेगी। बहरहाल पुलिसिया ब दबीश के बाबजूद क्षेत्र में साइबर अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा केवाली में पाक विज्ञान का आयोजन



» विद्यालय के वरीय शिक्षक सह पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के केवाली पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली में मंगलवार को समर कैंप के तहत पाक विज्ञान का आयोजन किया गया। पाक विज्ञान में बच्चों ने धमाल मचाते हुए विभिन्न तरह के व्यंजनों को बनाया तथा चखा। विद्यालय के वरीय शिक्षक सह पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। समर कैंप शारीरिक और मानसिक विकास के साथ आत्म विश्वास एवं रचनात्मकता का संचार करते हैं। पाक विज्ञान में बच्चों ने लिट्टी चोखा, चाउमिन, गुजिया आदि व्यंजन बनाएं। मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा के प्रभारी प्रधानाध्यापक मीना कुमारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली के सत्येन्द्र कुमार समेत विद्यालय के अन्य सहायक शिक्षक सुमन शेखर, सुमन पंड्या, खुशबू रानी, कुमारी सुषमालता, राकेश कुमार रौशन आदि मौजूद थे।

## बाल श्रम मुक्ति को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को किया गया जागरूक

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक पर श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार के द्वारा संस्कार फाउंडेशन पटना के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक कर बाल श्रम मुक्ति एवं ई-श्रमिक कार्ड बनावाने को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान संस्कार फाउंडेशन के टीम लीडर हरि प्रसाद के साथ कलाकारों में सुनीता कुमारी, चंदन कुमार, राकेश राय, मुनिलाल चंद्रवंशी, ललन कुमार, रघुवेंद्र कुमार, कोमल कुमारी, सुशील कुमार एवं सोनू कुमार मौजूद रहे। नुक्कड़ नाटक के दौरान बताया गया कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को ई-श्रम कार्ड बनाने से बहुत फायदे मिलते हैं। ई-श्रम कार्ड मजदूरों को विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं के लाभ लेने में सहायक है। अधिकतम मजदूरों को ई-श्रम कार्ड बनवाने की अपील की गई। साथ ही कहा कि यह योजना सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करना है। इस योजना के तहत, श्रमिकों को एक विशिष्ट पहचान संख्या (यूएएन) प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकता है। राज्य में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। यह पोर्टल श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित है। पंजीकरण के लिए श्रमिकों को अपने आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है। ई-श्रम कार्ड धारकों को भविष्य में सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा।योजना के लाभ से संबंधित विशेष जानकारी उक्त योजना के लाभ से संबंधित विशेष जानकारी और पंजीकरण के लिए, संबंधित मजदूर श्रम संसाधन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। इस कार्ड के जरिये श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलने में मदद मिलती है। इस कार्ड के लिए असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोग पात्र हैं, जैसे निर्माण कार्य करने वाले श्रमिक (राजमिस्त्री, मज़दूर), घरेलू कामगार (घर में काम करने वाले) रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा-ठेला चालक, खेतिहर मज़दूर, प्रवासी श्रमिक, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मनरेगा मज़दूर, मछुआरे, बीड़ी मजदूर, चमड़ा उद्योग मजदूर आदि कार्ड बनवाने के लिए पात्र हैं। आधार कार्ड और बैंक खाता भी अनिवार्य है। ई-श्रम कार्ड के कई प्रकार के लाभ हैं। ई-श्रम कार्ड होल्डरों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये तक का बीमा होता है। वहीं दूसरी ओर कलाकारों ने हंसते-हंसाते नाटक के जरिए समझाया कि पढ़ने-लिखने की उम्र में बच्चों से मजदूरी करवाना कानूनन अपराध है। 14 साल से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी सहित होटल-रेस्टॉरेंट में काम करवाने पर एक महीने से 6 महीने तक की सजा का प्रावधान भी है। इसके अलावा 20 हजार से 50 हजार रुपए का जुर्माना भी देना होगा। बच्चों से बाल श्रम करवाने वाले लोगों सहित उनके माता-पिता को भी सजा हो सकती है।

## जवाहरलाल नेहरू का 61वां पुण्यतिथि मनाया गया कांग्रेसियों ने कहा हिंदुस्तान के जवाहर को शत-शत नमन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वां पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस संबंध में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी ने कहा कि आज देश के लोग अपने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी 61वीं पुण्यतिथि पर दिल से याद कर रहे हैं, उन्हें धन्यवाद इस बात के लिए दे रहे हैं कि उन्होंने छह दशक पहले देश के लिए जो कर दिखाया, वो आज का प्रधानमंत्री सोच भी नहीं सकता है। नेहरू जी को गए हुए भले ही 60 साल से अधिक हो गए, मगर आज भी देशवासियों के भीतर वो धड़कते हैं। प्रगति, सद्भाव और मोहब्बत में विश्वास रखने वाले देशवासी नेहरू को कभी नहीं भूल सकते। ये उनके करिश्माई व्यक्तित्व का ही असर है कि मौजूदा राजनीति में भी नेहरू उतना ही प्रासंगिक हैं, जितना अपने समय में थें। 1947 में जब अंग्रेजों ने भारत छोड़ा तो देश में चारो तरफ गरीबी-गंदगी, कर्ज, अशिक्षा और अंधविश्वास का आतंक था। बड़े-बड़े देशों ने अनाज देने के बदले भारत को अपना पिछलग्गू बनाने की पूरी योजना ही बना डाली थी। लेकिन हिंदुस्तान की किस्मत बुलंद थी, देश को नेहरू जैसा नेता मिला, जिसके पास दुनिया के बेहतरीन नेताओं से भी बेहतर नजरिया था, जो शांति का पुजारी था, लेकिन क्रांति का अग्रदूत। नजीतन, कुछ ही वर्षों के भीतर नेहरू की रहनुमाई में हिंदुस्तान बदहाली के दलदल से निकलकर दुनिया के नक्शे पर एक मजबूत और स्वाभिमानी देश के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। नेहरू और उनके बाद के किसी भी नेता के बीच हर मायने में बहुत लंबा अंतर है। नेहरू का सोचने, समझने और काम करने का तरीका शानदार था। वो जनता को सुनाने से अधिक जनता की सुनना पसंद करते थे।नेहरू के रूप में भारत को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला, जो जितना बड़ा नेता था, उससे बड़ा दार्शनिक।उनकी लेखनी विश्व इतिहास को शानदार नजरिए से दिखाती प्रस्तुत करती है। उन्होंने लेटर्स फ्रॉम ए फादर टू हिज डॉटर, गिलम्पस ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री, ए ऑटोबायोग्राफी, डिस्कवरी ऑफ इंडिया जैसी विश्वप्रसिद्ध पुस्तकें लिखीं। लोकतंत्र में उनकी आस्था का शायद ही कोई सानी हो। नेहरू जी बेहद उदारवादी थे, वो आज की तरह किसी भी कीमत पर सत्ता पाने के पक्षधर नहीं थे। उन्हें इस बात की बड़ी फिक्र रहती थी कि लोहिया जीतकर संसद में जरूर पहुंचे। जबकि लोहिया नेहरू पर हमला करने का कोई मौका नहीं चूकते थे। नेहरू ने भारत को विज्ञान, तकनीक और तर्कशीलता का हथियार दिया। सुपर कंप्यूटर, आईआईटी, आईआईएम, एम्स, इसरो, सरकारी कंपनियां, बांध और बिजलीघरों का खाका खींचकर पूरी दुनिया को आश्चर्य चकित किया। आज दुनिया के सबसे अच्छे इंजीनियर, डॉक्टर और मैनेजर नेहरू के इन्हीं संस्थानों से निकलकर पूरी दुनिया में प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। आज भारत विज्ञान से लेकर अनुसंधान, राजव्यवस्था से लेकर अर्थव्यवस्था में तरक्की की जो फसल काट रहा है, उसका बीजारोपण नेहरू जी ने ही किया था। आजादी के बाद दुनिया जिस देश को बर्बाद होने की भविष्यावाणी कर रही थी, आज वो देश अपने विजनरी नेता नेहरू की बदौलत इस मुकाम तक पहुंच चुका है। आधुनिक भारत के निर्माता और देश के दमदार और शानदार रहनुमा रहे पंडित नेहरू को कृतज्ञ राष्ट्र और राष्ट्रवासियों की ओर से विनम्रपूर्ण श्रद्धांजलि। मौके पर इंटर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य बालकृष्ण प्रसाद यादव, डॉ. अनरावूल हक व मोहन चौधरी के साथ दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मंडल कार्य समिति बैठक में बूथ मजबूत करने की रणनीति



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव स्थित संगत में मंगलवार को मंडल कार्य समिति की बैठक सह बूथ शक्ति करण अभियान कार्यशाला बुलाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता अमावां मंडल अध्यक्ष अवधेश अभिषेक कुमार उर्फ गुड्डू राय जी ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री सह रजौली विधानसभा प्रभारी अरविंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष तेजस सिंह एवं जिला मंत्री निशा राजवंशी मौजूद रहे। कार्यशाला में शामिल मेसकौर जिला परिषद सदस्य सरोज राजवंशी, सिरदला जिला परिषद सदस्य बसंती देवी, सिरदला मंडल अध्यक्ष रामविलास वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, अधिवक्ता दीपक रजक, ज़िला किसान मोर्चा मंत्री पवन पांडे, भाजपा नेता चंदन राजवंशी, बब्लू राम,कालूराम,राजेश राजवंशी, विपिन सिंह,बिंदा प्रसाद निराला, ममता देवी, कृष्णकांत पांडे दीक्षित, विक्रम कुमार, दीपू सिंह एवं उपेंद्र राजहंस सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर भाजपाइयों ने आगामी 2025 विधानसभा चुनाव के जीतने की रणनीति बनाई। साथ ही भाजपा का मूल मंत्र मेरा बूथ सबसे मजबूत को लेकर के आपसी विचार विचार विमर्श किया। मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि विगत 10 वर्षों से हम लोग रजौली विधानसभा में भाजपा का विधायक नहीं बना पा रहे हैं, इस बार हम लोग पूरी तन्मयता के साथ रजौली विधानसभा में भाजपा का विधायक बनकर विधानसभा भेजने को तैयार हैं। साथ ही जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता ने कहा की सभी कार्यकर्ता हमारे एक-एक बूथ को मजबूत करने में लगे हैं। हम लोग पूरी तरह से इस बार रजौली विधानसभा में परिवर्तन कर भाजपा का विधायक बनेंगे और बिहार में नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भारी बहुमत से बनाएंगे ऐसा हमें विश्वास है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा केवाली में पाक विज्ञान का आयोजन



» विद्यालय के वरीय शिक्षक सह पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखण्ड के केवाली पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली में मंगलवार को समर कैंप के तहत पाक विज्ञान का आयोजन किया गया। पाक विज्ञान में बच्चों ने धमाल मचाते हुए विभिन्न तरह के व्यंजनों को बनाया तथा चखा। विद्यालय के वरीय शिक्षक सह पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। समर कैंप शारीरिक और मानसिक विकास के साथ आत्म विश्वास एवं रचनात्मकता का संचार करते हैं। पाक विज्ञान में बच्चों ने लिट्टी चोखा, चाउमिन, गुजिया आदि व्यंजन बनाएं। मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा के प्रभारी प्रधानाध्यापक मीना कुमारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली के सत्येन्द्र कुमार समेत विद्यालय के अन्य सहायक शिक्षक सुमन शेखर, सुमन पंड्या, खुशबू रानी, कुमारी सुषमालता, राकेश कुमार रौशन आदि मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय में बच्चों ने लोकतंत्र के महत्व और चुनाव प्रक्रिया को समझा, सत्यम कुमार बने प्रधानमंत्री

» जीवन कौशल का विकास, बच्चों में नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने, विद्यालय की गतिविधियां एवं प्रबंधन में भागीदारी बढ़ाया जाएगा। बाल संसद का कार्यकाल एक वर्ष का होता है।



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में मंगलवार को बाल संसद कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापिका ममता रानी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका कविता झा, रजनी शर्मा, संगीता कुमारी, तनुजा कुमारी एवं शबनम प्रवीन भी मौजूद रही। प्रधानाध्यापिका ने बताई कि मानव संसाधन विकास विभाग के निर्देश पर शैक्षणिक गुणवत्ता मिशन कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में 25 जुलाई तक बाल संसद का पुनर्गठन करना है। बाल संसद के माध्यम से सशक्त सुशिक्षित समाज निर्माण के लिए बच्चे अपने विद्यालय, समाज, परिवार, स्वास्थ्य, शिक्षा, कला एवं संस्कृति के अलावा अपने अधिकारों पर खुल कर बात कर सकेंगे। बाल संसद विद्यालयों के बच्चे-बच्चियों का मंच है। इससे जीवन कौशल का विकास, बच्चों में नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने, विद्यालय की गतिविधियां एवं प्रबंधन में भागीदारी बढ़ाया जाएगा। बाल संसद का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। बाल संसद बच्चों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझते हैं और उसका अभ्यास करते हैं। यह वास्तविक संसद की तरह बच्चों की एक संगठनात्मक संरचना होती है, जिसमें बच्चे अलग-अलग जिम्मेदारियां निभाते हैं। जिसमें प्रधानमंत्री के अलावे मंत्रिमंडल में उपप्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, उपशिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य व स्वच्छता मंत्री, उपस्वास्थ्य मंत्री, जल व कृषि मंत्री, उप जल व कृषि मंत्री, पुस्तकालय व विज्ञान मंत्री,उप पुस्तकालय व विज्ञान मंत्री, सांस्कृतिक व खेल मंत्री एवं उप सांस्कृतिक व खेल मंत्री शामिल हैं। बाल संसद कार्यक्रम में बच्चों को चुनावी प्रक्रिया में नामांकन, वोट मांगने के लिए प्रचार-प्रसार, मतदान, मतगणना समेत निर्वाचन को शिक्षिकाओं की मदद से भली-भांति समझाया गया। इस दौरान सत्यम कुमार प्रधानमंत्री बने एवं मंत्रिमंडल में सौरभ कुमार उपप्रधानमंत्री, रौनक कुमार शिक्षा मंत्री, शिवम कुमार उपशिक्षा मंत्री अविराज कुमार स्वास्थ्य व स्वच्छता मंत्री, विवेक कुमार उपस्वास्थ्य मंत्री, रोहित कुमार जल व कृषि मंत्री, हिमांशु कुमार उप जल व कृषि मंत्री, कन्हैया कुमार पुस्तकालय व विज्ञान मंत्री, शिवम कुमार उप पुस्तकालय व विज्ञान मंत्री, मो. साहिल सांस्कृतिक व खेल मंत्री एवं प्रीतम कुमार और अमन कुमार उप सांस्कृतिक व खेल मंत्री के रूप में निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों को प्रधानाध्यापिका समेत सभी शिक्षिकाओं ने बधाई दी। वहीं निर्वाचित बच्चों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन की जिम्मेदारी को निभाने की बात कही।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 15 केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा कल से, सुबह 10:30 के बाद प्रवेश पर रोक

**आरा**। आरा राज्य के बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए 28 मई को प्रस्तावित संयुक्त प्रवेश परीक्षा- 2025 की सफलता के लिए सोमवार को जिला समाहरणालय में बैठक हुई। बैठक में आरा सदर की एसडीओ रश्मि सिन्हा, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के नोडल ऑफिसर प्रो केके सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन सहित सभी केंद्रों के केंद्राधीक्षक मौजूद थे। बैठक में कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संचालित करने को लेकर आवश्यक गाइडलाइन जारी किया गया। नोडल ऑफिसर ने बताया कि दो वर्षीय बीएड कोर्स सत्र 2025-27 में दाखिला के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा, भोजपुर में 15 केंद्र पर होगी। इन केंद्रों पर छह हजार आठ सौ 72 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी केंद्रों पर आब्जर्वर के अलावा मजिस्ट्रेट और पुलिस-बल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। छात्र - छात्राओं के लिए अलग अलग केंद्र बनाए गये है। नौ केंद्रों पर छात्राएं और छह केंद्रों पर छात्र परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा एक पाली में दोपहर 11 से एक बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के भीतर सुबह 10:30 बजे तक अंतिम प्रवेश मिलेगा। इसके बाद प्रवेश वर्जित रहेगा। बिना आधार कार्ड के परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं मिलेगा।

### राजस्व कर्मियों का मांगों को ले धरना

**आरा**। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट भोजपुर के बैनर तले सोमवार को जिला मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना दिया गया। अध्यक्षता रंजीत कुमार सिंह ने की। संचालन राहुल राय ने किया। जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने 17 सूत्री मांगों को विस्तार से रखा।धरना स्थल पर कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के मुख्य संरक्षक जानकी प्रसाद, जिला अध्यक्ष रामानंद सिंह, जिला सचिव सुमन जी, सेवा निवृत्त राजस्व कर्मचारी दीनबंधु सिंह सहित 14 अंचलों के राजस्व कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने कहा कि पिछले 7 मई से वे सामूहिक अवकाश पर हैं। जब तक 17 सूत्री मांगें पूरी नहीं होंगी, कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। मुख्य मांगों में 2800 ग्रेड पे, गृह जिला में स्थानांतरण, सेवा संपुष्टि, निलंबित कर्मियों को विभागीय कार्रवाई समाप्त कर निलंबन मुक्त करना, एसीपी, एमएसीपी का लाभ देना, सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर लाभ देना शामिल है। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की नीति हमेशा कर्मचारी विरोधी रही है। केंद्र सरकार को पुरानी पेंशन योजना लागू करनी चाहिए। संविदा कर्मियों को स्थाई किया जाए। जिला सचिव सुमन जी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीति मजदूर, कर्मचारी, शिक्षक और किसान विरोधी है। ट्रेड यूनियन नेताओं ने कहा कि 2004 के बाद नियुक्त कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलना चाहिए। सभी विभागों में वरीयता सूची प्रकाशित हो। धरने को भाकपा माले नेता कयामुद्दीन ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 17 सूत्री मांगें पूरी तरह जायज हैं। ग्रेड पे, स्थानांतरण और सेवा संपुष्टि मिलनी चाहिए। भाकपा माले आंदोलन का पूरा समर्थन करती है। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ पटना के महासचिव मन नारायण शर्मा और राज्य अध्यक्ष चौबे जी ने भी धरने को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जबकि कर्मचारी कहते हैं कि वे सामूहिक अवकाश पर हैं। जब तक 17 सूत्री मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में विभिन्न अंचलों से आए राजस्व कर्मियों ने भी संबोधित किया। इनमें हेमंत, निखिल, अनिल कुमार पंत, सुमन, सुमित, शशि रंजन, रवि, सोनू, संजय कुमार सिंह आशुतोष, प्रभात, कर्ण, जवाहर, संगीता, हैरिस सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए विधायक ने किया वाहन रवाना

**आरा**| बिक्रमगंज में 30 मई को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समारोह की तैयारी के लिए विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने आवास से बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के लिए गाड़ियों को रवाना किया गया।जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, जिला प्रभारी संजय कुशवाहा, पूर्व लोकसभा प्रभारी जितेन्द्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर धीरेन्द्र सिंह, धनंजय तिवारी, निशांत सेंगर, महामंत्री संतोष चंद्रवंशी, बड़हरा विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह, विधानसभा संयोजक धीरज सिंह, सरैया मंडल अध्यक्ष करोड़पति सिंह, बड़हरा मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय, कोईलवर उतरी मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा, सिन्हा मंडल अध्यक्ष गोबिन्द साह, संतोष सिंह संटु, सोनू गुप्ता, शशि थे।

### 30 को पीएम मोदी की सभा, एनडीए ने बनाई योजना

**आरा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मई को विक्रमगंज में होने वाली सभा की तैयारी को लेकर भोजपुर जिला एनडीए की बैठक धनुपरा में हुई। अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह एवं संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय व अन्य नेताओं ने दीप प्रज्वलन से की। ललन सिंह ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने कई विकास कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री की सभा में भोजपुर जिले से अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए। नित्यानंद राय ने ऑपरेशन सिंदूर का ज़िक्र करते हुए शाहाबाद से भारी समर्थन की उम्मीद जताई। डॉ. जायसवाल ने बिहार के विकास में केंद्र व राज्य सरकार की भूमिका को सराहा। सभा में विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विशाल प्रशांत, विधानपार्षद श्रीभगवान सिंह कुशवाहा आदि थे।

### वट सावित्री पर सुहागिनों ने बरगद की पूजा की

**कोईलवर**। स्थानीय कोईलवर प्रखंड और आसपास के गांवों में सोमवार को वट सावित्री व्रत की धूम रही। लोदीपुर, चांदी, गोपालपुर, बीरमपुर, जमालपुर, पचैना, नरही, बहियारा और फरहंगपुर की सुहागिनें तड़के सुबह से ही पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार में सजकर वट वृक्ष की पूजा में जुट गईं। महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधा। रोली, चंदन, धूप और अगरबत्ती से विधिवत पूजन किया। उन्होंने वट सावित्री माता से पति की लंबी उम्र और सुखमय जीवन की कामना की। मान्यता है कि इस व्रत से पतिव्रता स्त्री को अखंड सौभाग्य और समृद्धि का वरदान मिलता है। पंडित संतोष शास्त्री ने बताया, यह व्रत पति की दीर्घायु और पारिवारिक सुख-शांति के लिए रखा जाता है। पूजा के बाद महिलाएं पहले पूजन में उपयोग होने वाले पंखे से बरगद को हवा करती हैं। फिर पति को हवा करती हैं। एक-दूसरे को सिंदूर भेंट करती हैं। अंत में बड़ों का आशीर्वाद लेकर व्रत संपन्न करती हैं।

### सीडी रेसियो बढ़ाने को लेकर हुई चर्चा

**बक्सर**| जिले में साख-जमा अनुपात के कम रहने पर गठित विशेष अध्ययन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर के सभागार में की गई। बैठक की अध्यक्षता पंजाब नेशनल बैंक के उप अंचल प्रबंधक, पटना बलीकरण यादव ने किया। सीडी रेशियो बढ़ाने को लेकर एलडीएम सतीश कुमार ने पीपीटी के माध्यम से साख-जमा अनुपात के कम रहने के कारणों तथा इससे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की।प्रभारी पदाधिकारी बैंकिंग शाखा द्वारा जिला स्तर पर बैंको द्वारा ऋण नहीं देने वाली शाखाओं को चिन्हित कर कार्रवाई करने को कहा। एलडीएम ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में जिले के सीडी रेसियो में 5.9% की बढ़ोत्तरी हुई है और मार्च 2025 में यह 45.85% हो गई है। 50% के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बैंकों को करीब 800 करोड़ रूपये ऋण और वितरित करने होंगे।

### भोजपुर में स्कॉर्पियो से 6 लाख की शराब बरामद

**आरा**। भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। रतनपुर ओवर ब्रिज के पास स्कॉर्पियो(JH02BF-8494) से 1363 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। अनुमानित कीमत 6 लाख रुपए है। मौके से एक तस्कर की गिरफ्तारी हुई है। जिसकी पहचान दुलारपुर निवासी रंजीत कुमार के तौर पर हुई है। उत्तर प्रदेश से खेप लाई गई थी। सहायक आयुक्त रजनीश ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी। स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में विदेशी शराब उत्तर प्रदेश से लाई जा रही है। इनपुट के आधापर चेकिंग अभियान चलाया गया। शक के आधार पर गाड़ी को रोका गया। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में शराब मिला।

# भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद में मारपीट

निज संवाददाता। आरा



◆ पड़ोसी ने पिता-पुत्री पर लाठी-डंडे से किया हमला, लड़की के पेट पर पैर से मारा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद में मारपीट हुई है। पड़ोसी ने लाठी-डंडे से पिता-पुत्री और पोते की पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने झगड़े को शांत कराया। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना छोटकी सनदिया गांव के राम नगर टोला की है। घायलों की पहचान गुलजारी राम(50), बेटी रीता कुमारी(19) और पोता अंकुश कुमार(9) के तौर पर हुई है। पीड़ित ने बताया कि मेरी पोती अंशु कुमारी(5) घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रही थी। इसी बीच पड़ोस का एक लड़का आया और कहने लगा कि तुम लोगों के साथ मैं भी खेलूंगा। लेकिन अंशु ने उसे मना कर दिया। गुस्से में आकर लड़के ने पोती को थप्पड़ मार दिया। इसी बात को लेकर मैंने उसे डांटा था। कुछ देर बाद उसने अपने परिजनों को बुला लिया। सबसे पहले अंकुश को मारा। इसके बाद लाठी-डंडे से मुझे और मेरी बेटी की पिटाई कर दी। बेटी को जमीन पर पटकर लात से पेट में मारा। आसपास के लोगों ने हमलोगों को बचाया। इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

**घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाजः** वहीं, सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि लड़की के पेट और बुजुर्ग के सिर में काफी चोटें आई है। सभी का इलाज चल रहा है।

**जांच में जुटी पुलिसः** मुफस्सिल थानाध्यक्ष आशीष साह ने बताया कि थाने में पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। बच्चों के विवाद में मारपीट की बात सामने आ रही है। छानबीन चल रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आयुष्मान कार्ड के लिए लगे शिविर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



निज संवाददाता। आरा

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सोमवार से तीन दिवसीय विशेष अभियान शुरू हुआ। यह अभियान 28 मई तक चलेगा। जिले के सभी प्रखंडों में आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदी की मदद से वार्ड कार्यालय, सरकारी अस्पतालों के डिजिटल या आयुष्मान काउंटर, प्रखंड कार्यालय, पंचायत भवन, महादलित टोलों और नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर निशुल्क कार्ड बनाए जा रहे हैं। पंचायती राज कार्यपालक सहायक, विकास मित्र और प्रखंड कार्यालय के ऑपरेटर भी इस काम में लगे हैं। लोग आयुष्मान एप या beneficiary.nha.gov.in के जरिए भी कार्ड बनवा सकते हैं। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सोमवार को उदवंतनगर प्रखंड के पियानिया पंचायत में चल रहे आयुष्मान कार्ड निर्माण कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुकों से बातचीत की। योजना के लाभ बताए। लोगों से अनुभव और सुझाव भी लिए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र लोगों को कार्ड जरूर मिले। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार, सिविल सर्जन डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा, आरा सदर अनुमंडल पदाधिकारी रश्मि सिन्हा, एनईपी निदेशक, बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक आलोक कुमार गौतम, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण 26 मई को किया गया।

## भोजपुर में हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



◆ तलाशी के दौरान घर से कट्टा मिला, बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था

भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान एक कट्टा मिला है। बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सलेमपुर गांव से पकड़ा है। एसपी राज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सलेमपुर गांव में एक शख्स अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। इनपुट के आधार पर पुलिस ने गांव में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान घर से कट्टा मिला। आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

**चोरी की बाइक के साथ 2 बदमाश गिरफ्तारः** इसके अलावा टाउन थाना पुलिस ने धरहरा से चोरी की बाइक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान कोईलवर वार्ड नंबर 10 कसाना कोठी निवासी तनवीर आलम और खुशी मोहल्ले के मो. साहिल के तौर पर हुई है। सोमवार देर शाम पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान दोनों पुलिस को देखकर भागने लगा। मौके पर मौजूद टीम ने खदेड़कर दोनों को पकड़ लिया। बाइक का पेपर नहीं था। कड़ाई से पूछताछ में बदमाशों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# पीएम का मान और सम्मान रखने के लिए बिक्रमगंज चलने का दे रहा हूं न्योता : मंत्री

निज संवाददाता। बक्सर




जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय पंचायती राज्य एवं पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि मान, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन आगामी 30 मई को विक्रमगंज में होने वाला है। वैसे विभूति के मान और सम्मान रखने के लिए विक्रमगंज चलने का न्योता देने आया हूं। केंद्रीय राज्य मंत्री ललन सिंह सोमवार को नगर भवन में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंकियों ने पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। इसका बदला पीएम के नेतृत्व में आपरेशन सिन्दूर चला और सेना ने पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान में घुसकर नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। उन्होंने कहा 2005 से पहले लालू-राबड़ी के शासन काल का स्मरण कराया। कहा कि उस समय बिहार में अपहरण उद्योग और जंगल राज था। आज मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की धारा बह रही है। भारत आतंकवाद को नहीं करेगा बर्दाश्तः नित्यानंद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि 22 मिनट में आपरेशन सिन्दूर से यह साफ हो गया कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। पहलगाम घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि आतंकियों के आकाओं को गंभीर परिणाम भुगतना होगा। उन्होंने जो कहा वह कर दिखाया। उन्होंने कहा कि मोदी की सभा में विक्रमगंज चलने का आग्रह करने आया हूं। सेना के शौर्य पर देश गौरवान्वित : दिलीप बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि मोदी की सभा को सफल बनाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता विक्रमगंज पहुंचना सुनिश्चित करें। इस ऐतिहासिक सभा की साक्षी बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के आतंकियों की अर्थी निकाल दी। हमें अपने सेना के शौर्य और प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर देश गर्वान्वित है। अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

# दो दिनों में शुरू होगा अनुमंडल कार्यालय का निर्माण

निज संवाददाता। बक्सर



सोमवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने जिलांतर्गत भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के आधारभूत संरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट परिसर अवस्थित कार्यालय कक्ष में किया। भवन प्रमंडल बक्सर अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में विकास भवन निर्माण कार्य की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर अविलंब कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। डीडीसी को नियमित रूप से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल कार्यालय बक्सर सदर का निर्माण कार्य विलंब से प्रारंभ किये जाने पर डीएम ने असंतोष व्यक्त किया। भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता ने बताया कि 01 से 02 दिनों के अंदर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर सदर को निर्देश दिया गया कि अपने स्तर से उक्त कार्य का अनुश्रवण करें। बक्सर प्रखंड अंतर्गत निर्माणाधीन वन स्टॉप सेंटर के कार्यों की अंतिम एवं वितीय प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान बक्सर नगर परिषद अन्तर्गत 620 क्षमता का अटल कला भवन निर्माण की घोषणा की गई थी। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है। कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया गया कि भवन निर्माण विभाग बिहार, पटना से समन्वय स्थापित करते हुए कंसल्टेंट की प्रतिनियुक्ति एवं डीपीआर निर्माण का कार्य शीघ्र करें। बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के द्वारा बक्सर जिला अंतर्गत निर्माणाधीन संरचनाओं की समीक्षा की गई। 720 आसन्न वाले राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय महदह के संबंध में बताया गया कि इसका निर्माण कार्य 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। खेल भवन- सह- व्यायामशाला के निर्माण के क्रम में चिन्हित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु बक्सर सीओ सदर को निर्देशित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर सदर को अपने स्तर से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान बक्सर नगर परिषद अन्तर्गत आई0टी0आई मैदान में स्टेडियम निर्माण की घोषणा की गई थी। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है। आई0टी0आई0 मैदान बक्सर में स्टेडियम निर्माण कार्य संभावित माह जुलाई 2025 में प्रारंभ करने की सूचना दी गई। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। स्टेडियम निर्माण से स्थानीय युवाओं को खेल के विभिन्न आयामों में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही सेना भर्ती, पुलिस भर्ती, गृहरक्षक, रेलवे आदि भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों को प्रैक्टिस करने हेतु एक उपयुक्त स्थान प्राप्त होगा।

## रोपे पेड़ बबूल का तो आम कहां से होए



निज संवाददाता। आरा

'रोपे पेड़ बबूल का तो आम कहा से होए। ये उनके घर का आंतरिक मामला है।', केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने सोमवार को हंसते हुए तेज प्रताप यादव मामले पर अपनी प्रतिक्रिया में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि आज कल एक युवराज बने हुए हैं और अपने आप को मुख्यमंत्री घोषित कर रहे हैं। एक दिन मीडिया वालों ने हमसे पूछा कि मुख्यमंत्री बनने पर हम ये कर देंगे, वो कर देंगे... तेजस्वी ने कहा है कि बिहार में कुछ भी नहीं है। जवाब देते हुए ललन सिंह ने कहा कि आप (तेजस्वी यादव) अपने बाबूजी एवं माताजी के राज्य के बारे में सोच रहे हो क्या, तेजस्वी के माता–पिता के राज्य में बिहार में कुछ नहीं था, उन दोनों ने बिहार को बदहाली के कगार खड़ा कर दिया था। अगर बिहार के लोग कही जाते थे और कहते थे कि हम लोग बिहार से हैं, तो लोग उन्हें घृणा के दृष्टि से देखते थे। आज नीतीश के राज्य में लोग सर उठाकर कहते हैं कि हम बिहार से हैं। ललन सिंह ने ये भी कहा कि नीतीश कुमार के आने से पहले बिहार में न सड़क थी, न ही बिजली आती थी, न ही कानून व्यवस्था था। अपहरण का उद्योग चलता था, लेकिन अब सारा कुछ बंद हो गया। अपहरण की फिरौती कहा वसूली जाती थी, ये बिहार की जनता को पता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार के एक-एक गांव के सड़क को बनाकर सभी को आपस में जोड़ने का काम किया है। लालू-राबड़ी के राज्य के बिहार में 700 मेगा वॉट प्रतिदिन बिजली खपत होती थी, उसमें 176 मेगा वॉट रेलवे, नेपाल को दिया जाता था। बिहार को सिर्फ 450 से 475 मेगावॉट बिजली मिलती थी। आज बिहार में 6800 मेगा वॉट बिजली प्रतिदिन बिहार के लोगों को उपलब्ध करा रहे हैं। ललन ने सिंह का कहा कि नीतीश-मोदी की डबल इंजन की सरकार में विकास का काम हुआ है। पिछले दो वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के लोगों को जो दिया है, वह अद्भुत है। ललन सिंह ने 30 मई को होने वाली PM के कार्यक्रम को लेकर दो लाख से ज्यादा लोगों को आने की अपील की है। वहीं, नित्यानंद राय ने कहा कि एक तीन साल पहले भोजपुर के लोगों ने वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव पर एक नया इतिहास बनाया था,आज फिर समय आ गया है कि नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में लगे सवा लाख कुर्सियों को भर देना है।

**30 मई को रोहतास में होनी है पीएम मोदी की जनसभाः** दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को रोहतास के विक्रमगंज आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर सोमवार को आरा धनुपरा स्थित एक निजी रिसोर्ट में NDA कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य PM के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने एवं सभा में दो लाख से ज्यादा लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना था। सम्मलेन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जेडीयू के केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता समेत विधायक एवं वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों के द्वारा कायराना हमला कर हमारे मां एवं बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया था। अगले दिन मधुबनी में प्रधानमंत्री ने कहा थी कि उक्त घटना का बदला आतंकवादियों से ऐसा लिया जाएगा कि उनकी रूह कांप जाएगी।

# सलाह : हरी खाद के लिए खेतों में लगाएं ढैंचा

निज संवाददाता। बक्सर




सदर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ई किसान भवन के सभागार में खरीफ महाभियान 2025 के तहत सोमवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र राय, उप प्रमुख ओमप्रकाश तिवारी ने किया। कार्यशाला में सदर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से सौ से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि हरेंद्र राय व उप प्रमुख ओमप्रकाश तिवारी ने किसानों से सभी तरह की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वहीं सहायक निदेशक उद्यान किरण भारती ने कृषि विभाग की ओर से संचालित योजनाओं और उस पर मिलने वाले अनुदान के बारे में विस्तार से बताया। खरीफ मौसम में विभिन्न फसलों अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य एवं बीज अनुदान के बारे में जानकारी दी गई। पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की रोपनी और बदलते मौसम में धान की सीधी बुवाई के तरीके और इसके फायदे की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद संकर धान, संकर मक्का, अरहर आदि का बीज किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ देवकरन ने बिचड़ा बोने और रोपनी करने से पहले खर-पतवार के नियंत्रण और खेत की तैयारी की बारीकियों से किसानों को अवगत कराया। उन्होंने कृषि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए वैज्ञानिक विधि से खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा के तरीकों को समझाया। उन्होंने मिट्टी जांच के फायदे को बताते हुए संतुलित मात्रा में उर्वरक के उपयोग करने की बात कही। वहीं खेतों में हरी खाद के लिए ढैंचा लगाने की सलाह दी। इस मौके पर सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम, बीटीएम मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना सूचना के इमरजेंसी से गायब डॉ. महेन्द्र का काटा वेतन, शोकॉज

**भागलपुर**। बिना सूचना के इमरजेंसी सेवा से गायब रहने पर बांका सदर अस्पताल के डॉ. महेंद्र कुमार का वेतन काटा गया है। साथ ही उनसे 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसकी वजह से मरीजों को परेशानी हो रही है। रविवार को इमरजेंसी में सुबह की पाली में डॉ. महेन्द्र कुमार अनुपस्थित थे। इस वजह से इमरजेंसी में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। मरीजों को काफी असुविधा हुई, जिससे कई मरीजों ने नाराजगी भी जताई। डॉक्टर की अनुपस्थिति की जानकारी नहीं होने की वजह से अस्पताल प्रबंधन को भी देर से सूचना मिली। इसके बाद इमरजेंसी में दूसरे डॉक्टर की व्यवस्था की गई। ऐसे में सोमवार को सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. लक्ष्मण पंडित ने इस संबंध में डॉ. महेन्द्र कुमार से स्पष्टीकरण पूछा है।

### पुरानी रंजिश में घर से बुलाकर बच्चे को लोगों ने रॉड से पीटा

**सुल्तानगंज**। खेलने के बहाने घर से बुलाकर एक बच्चे की पुरानी रंजिश में लोहे के रॉड से पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार की शाम सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के शिवनंदनपुर गांव की बताई जाती है। पिटाई से बुरी तरह से घायल हुए बच्चे का इलाज कराकर परिजन उसे लेकर देर शाम थाने पर पहुंचे। इस मामले में घायल बच्चे की मां पूनम देवी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने थाने में दिए आवेदन में कहा कि 26 मई को शाम लगभग 5.30 बजे, शिवनंदनपुर निवासी अमित कुमार, धनंजय यादव और उसकी पत्नी ने उनके बेटे अंकित कुमार को खेलने के बहाने घर से बुलाया और फिर उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

### वार्ड-21 में पार्षद चुनाव के लिए अधिसूचना आज

**मुंगेर**। नगर निगम के वार्ड-21 के पार्षद पद के उपचुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी होगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही वार्ड में आचार संहिता लागू हो जाएगी और चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के अवर सचिव ने कहा है कि 28 मई को अधिसूचना जारी कर दिया जाएगा। इसके अलावा उम्मीदवार को नामांकन करने की तिथि 28 मई से 5 जून तक चलेगी। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगी। नामांकन पत्र की स्क्रूटनी 6 जून से 9 जून तक होगी। इसके अलावा नामांकन वापसी की तिथि 10 से 12 जून तक होगी। अभ्यर्थियों के अंतिम सूची का प्रकाशन 13 जून को होगी। मतदान 28 जून किया जाएगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक किया होगा। मुंगेर| मेयर कुमकुम देवी ने बताया कि निगम के सभी 45 वार्ड से कम-से-कम 50 लोगों का आयुष्मान बनाया जाना है। इसके लिए 26 से 28 मई तक प्रमुख 27 प्वाइंट पर कैंप लगाया जा रहा है। 3 दिनों तक चलने वाले शिविर में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड शिविर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लगाया गया है।

### 297 शोधार्थियों के लिए जारी नहीं हुई पंजीयन की तिथि

**मुंगेर**। मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजीआरसी (पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च सेंटर) प्रक्रिया सम्पन्न होने के बावजूद अब तक शोधार्थियों के लिए पंजीयन की तिथि जारी नहीं की गई है। यदि 30 जून तक पंजीयन प्रक्रिया पूरी नहीं होती है, तो करीब 14 जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) शोधार्थियों को आर्थिक और शैक्षणिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। सैकड़ों शोधार्थियों के सामने अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जल्द ही पंजीयन प्रारंभ होने का आश्वासन दिया गया है। लेकिन समय सीमा तय न होने के कारण छात्रों में असमंजस और आक्रोश का माहौल है। वर्तमान में शोधार्थी पंजीयन की तिथि जारी होने की प्रतीक्षा में हैं। इन सभी की शैक्षणिक गतिविधियां रुकी हुई हैं। पंजीयन की देरी न केवल व्यक्तिगत शोध यात्रा को प्रभावित कर रही है, बल्कि विवि की समग्र शैक्षणिक छवि पर भी सवाल खड़े कर रही है। शोधार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि अविलंब पंजीयन की तिथि घोषित की जाए। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय के कुल 297 शोधार्थियों में से लगभग 204 को पीजीआरसी द्वारा पंजीयन के लिए अनुमति मिल चुकी है। वहीं करीब 93 शोधार्थियों को या तो अनुपस्थिति या सीनोप्सिस संशोधन के कारण प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इन 93 शोधार्थियों के लिए पीजीआरसी की प्रक्रिया फिर से कराई जाएगी, जिससे संपूर्ण सत्र की गति प्रभावित होने की आशंका है। करीब 24 शोधार्थी पीजीआरसी में अनुपस्थित रहे। इधर जिन्हें टाइटल में संशोधन कराना है, उन्हें संबंधित विभाग से शुद्धिकरण कराकर जमा करना होगा। इधर जानकार बताते हैं कि जून प्रथम सप्ताह में पंजीयन के शुरू होने की पूरी संभावना है।

### 18 जून को आयोजन , पुरस्कार में पांच पुस्तकें दी जाएंगी

**मुंगेर**। मुंगेर स्वास्थ्य विभाग और बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देश पर मुंगेर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई और रेड रिबन क्लब मिलकर पियर एजुकेटर के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। यह कार्यक्रम 18 जून को मुंगेर विश्वविद्यालय परिसर में होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के विवि कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण रेड रन, जागरूकता अभियान, गांव गोद लेने और रेड रिबन क्लब की वार्षिक गतिविधियों में पियर एजुकेटर के रूप में युवाओं की भागीदारी के लिए जरूरी है। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी और अन्य स्वास्थ्य विषयों पर जागरूकता बढ़ाना है। इसमें राज्य के रेड रिबन क्लब संचालित कॉलेजों के छात्र भाग लेंगे। मुंगेर जिले के सात कॉलेजों से 30 एनएसएस स्वयंसेवक इसमें शामिल होंगे। प्रशिक्षण बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा नामित साधन सेवी देंगे। प्रशिक्षण के बाद पोस्ट टेस्ट होगा। इसमें उच्च अंक लाने वाले पांच प्रतिभागियों को पुरस्कार मिलेगा। पुरस्कार में पांच पुस्तकें दी जाएंगी।

### 7वें दिन भी जारी रहा शिक्षकों का धरना

**मुंगेर**। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के बैनर तले उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन, प्रैक्टिकल परीक्षा और वीक्षण कार्य की लंबित राशि की मांग को लेकर मुंगेर विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों के शिक्षक पिछले सात दिनों से हड़ताल पर हैं। सोमवार को भी बिना भुगतान के धरना का सातवां दिन गुजर गया। न तो कुलपति और न ही कोई अन्य पदाधिकारी शिक्षकों से संवाद के लिए पहुंचे। धरना के कारण स्नातक सेमेस्टर-3 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पिछले एक सप्ताह से पूरी तरह बाधित है। जिससे छात्रों का शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है। इधर छात्र नेताओं ने मांग की कि जल्द शिक्षकों का हड़ताल खत्म करवाया जाए, ताकि मूल्यांकन कार्य फिर से जारी हो सके। महासंघ के मुंगेर विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र कुमार सिंह ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई सत्रों की मूल्यांकन और परीक्षा कार्य की राशि अब तक शिक्षकों को नहीं दी है। इनमें सत्र 2020–23 स्नातक पार्ट-2, सत्र 2021–24 स्नातक पार्ट-3, सत्र 2023–27 सेमेस्टर-1 व 2, और सत्र 2022–25 स्नातक पार्ट-2 शामिल हैं। स्थिति यह है कि शिक्षक लगातार कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी मेहनताना की राशि वर्षों से लंबित है। शिक्षकों ने 22 मई को कुलपति प्रो. संजय कुमार से मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी, जिसमें उन्होंने जल्द भुगतान का आश्वासन दिया। इसके बाद 24 मई को परीक्षा नियंत्रक से भी वार्ता की गई, लेकिन वहां भी जवाब सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित रहा।

### 3500 लोगों का बना आयुष्मान गोल्डन कार्ड

**मुंगेर**। मुंगेर स्पेशल ड्राइव चलाकर लोगों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर सोमवार से जिलास्तर पर कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस तीन दिवसीय स्पेशल ड्राइव में जिले के प्रत्येक प्रखंड व पंचायतों में शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड से आच्छादित किया जा रहा है। इसको लेकर, स्वास्थ्य विभाग सहित प्रशासनिक विभाग भी पूरा सहयोग कर रहा है। नगर निगम मुंगेर के 45 वार्डों में कुल 27 जगहों पर कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग अलग से अपने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया है। तीन दिवसीय इस स्पेशल ड्राईव के दौरान 90 हजार लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बावजूद इसके पहले दिन बरियारपुर प्रखंड से 160, असरगंज से 165 सहित पूरे जिले से महज साढ़े तीन हजार लोगों का ही आयुष्मान कार्ड बन सका। जिला समन्वयक ज्योति कुमारी ने बताया कि पहले दिन विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों सहित कुल 35 सौ लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है।

# अस्पताल बना गोशाला, कमरे में रखा चारा, न डॉक्टर और मरीज

## ग्रामीण बोले- स्वास्थ्य सेवा बहाल नहीं हुई तो बांध दिया मवेशी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर की 2 पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र बदहाल है। जहां न मरीज हैं और न डॉक्टर हैं। अस्पताल को गोशाला बना दिया गया है। भवन में मवेशियों को बांधा गया है। उनका चारा भी वहीं रखा जाता है। पहला मामला कहलगांव के भोलसर पंचायत का है। जहां नयाटोला स्वास्थ्य उपकेंद्र है। जिसका भवन 2003 में बना था, लेकिन अब तक यहां स्वास्थ्य सेवा बहाल नहीं है। अस्पताल के कमरे में पशुओं का चारा भरा हुआ है।

ग्रामीण बिपिन ने बताया कि अस्पताल बनते वक्त उम्मीद जगी थी कि इलाज की सुविधा मिलेगी, टीकाकरण होगा, दवाइयां मिलेंगी, लेकिन सरकार और विभाग ने इसे बनाकर छोड़ दिया। जब वर्षों तक किसी ने सुध नहीं ली, तो ग्रामीणों ने इसका उपयोग चारा रखने और मवेशी बांधने के लिए करना शुरू कर दिया। अस्पताल में कभी कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचे। बीमार होने पर लोगों को अनुमंडल अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर प्रशासन फिर से अस्पताल चालू करने की पहल करे हम चारा और मवेशी को हटा देंगे।

**नर्स कभी-कभी आती हैं और तुरंत चली जातीं**: दूसरा मामला एचकारी पंचायत का है। यहां एकचारी स्वास्थ्य उपकेंद्र है। इसका भी वही हाल है। अस्पताल के एक कमरे में कुर्सी, टेबल और कुछ दवाइयां रखी हैं, लेकिन दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। एक और कमरे में मवेशियों के लिए चारा रखा है। मवेशी भवन के पिलर से बंधी है। ग्रामीणों ने बताया कि कभी-कभी नर्स आती हैं और तुरंत चली जाती हैं। अस्पताल अक्सर बंद ही रहता है। शौचालय में भी ताला लगा हुआ था। अस्पताल परिसर में करीब 4 साल पहले नए भवन के निर्माण की शुरुआत हुई थी, लेकिन वह भी पूरा नहीं हुआ है।

# भागलपुर में आवारा कुत्तों ने 6 लोगों को काटा



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नारायणपुर ब्लॉक में इन दिनों आवारा कुत्तों का आंतक है। अलग-अलग इलाकों में 6 से ज्यादा लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई। बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर किया गया है। पीड़ित की पहचान ऋषभ कुमार(8) के तौर पर हुई है। इसके अलावा मनोहरपुर गांव के सार्थक कुमार, रायपुर में उत्तम कुमार, नगरपारा में भोला कुमार, भवानीपुर में विष्णु कुमार, आशा टोल में वकील शर्मा को भी कुत्ते ने काटा है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

**सरकारी अस्पताल में इलाज की सुविधा**: पीएचसी नारायणपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में एंटी-रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध है। आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्राइवेट अस्पताल या झोलाछाप डॉक्टरों के पास न जाएं। सरकारी अस्पताल में मुफ्त और सुरक्षित इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

# एमपी-एमएलए कोर्ट से कांग्रेस विधायक अजित शर्मा को राहत

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में बरी, 2020 विधानसभा चुनाव के समय दर्ज हुआ था केस

भागलपुर सदर से कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में बरी कर दिया है। 2020 विधानसभा चुनाव दौरान मजिस्ट्रेट के बयान पर इशाक चक थाने में 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। विशेष अदालत में एडीजे-3 दीपक कुमार ने इस मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान जज ने कहा, 'विधायक अजीत शर्मा समेत छह अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं किया गया। इसलिए सभी को रिहा किया जाता है।'

**अजीत शर्मा ने कोर्ट के फैसले पर जताई खुशी**: कोर्ट के फैसले पर विधायक अजित शर्मा ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू रहती है। कई बार छोटी-मोटी बातें सामने आती हैं। लेकिन मैं न्यायपालिका का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने सच्चाई को पहचाना। मेरा इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था। जनता का भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझ पर हमेशा विश्वास बनाए रखा।'

# सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से कार की टक्कर, नशे में था ड्राइवर

## आरोपी होटल मालिक को पुलिस ने हिरासत में लिया, 2 लोग घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में तिलकामांझी थाना क्षेत्र के सरकारी बस स्टैंड के पास देर रात तेज रफ्तार कार ने स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी में गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

**ओवरटेक करने के चलते हुआ हादसा**: आरोपी मुन्ना सिंह घटना के समय में नशे की हालत में था। पुलिस ने हिरासत में लिया है। मुन्ना सिंह शहर के शाही इंटरनेशल होटल का मालिक है। हादसे में 2 लोगों को हल्की चोटें आई हैं, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ब्लैक कलर की कार झारखंड की ओर से आ रही थी। बरारी के पास ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया। बस स्टैंड के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से जा भिड़ी। ओवरटेक करने के दौरान हादसा हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



# ग्रामीणों के अनुरोध पर कटाव रोकने के लिए बोल्डर पिचिंग का शुरू हुआ काम

निज संवाददाता। संग्रामपुर



प्रखंड के पूछरिया गांव के मलाही टोला के सामने गंडक नदी में तीन दिन से बोल्डर पिचिंग का काम चल रहा है। एजेंसी को अब तक लिखित स्वीकृति नहीं मिली है। विभाग के मौखिक आदेश पर ही काम शुरू किया गया है। ग्रामीणों ने बताया, एक सप्ताह पहले नदी का जलस्तर तीन फीट से ज्यादा बढ़ गया था। इसके बाद गांव के सामने कटाव शुरू हो गया। कटाव देख ग्रामीणों ने एजेंसी से तुरंत बोल्डर गिराने की मांग की। एजेंसी ने अनुमति नहीं होने की बात कही। ग्रामीणों के अनुरोध पर एजेंसी ने विभाग से संपर्क किया। मौखिक निर्देश मिलने के बाद काम शुरू हुआ। ग्रामीणों का कहना है, गांव के सामन पहले से 300 मीटर में नदी कटाव क्षेत्र बनाई हुई है।इस हिस्से में मजबूती से बोल्डर पिचिंग हो जाए तो गांव को संभावित बाढ़ से बचाया जा सकता है। एजेंसी कर्मी लालबाबू सिंह ने बताया, कुल 700 मीटर में बोल्डर पिचिंग होनी है। यदि बाढ़ आने में देरी हुई तो एक महीने में काम पूरा कर लिया जाएगा। मजदूरों की संख्या बढ़ाकर डेढ़ से दो हजार की जाएगी। लेकिन यदि जल्दी बाढ़ आ गई तो कम से कम 300 मीटर में काम कर गांव को सुरक्षित किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया, पिछले साल कटाव से मलाही टोला के 35 घर बह गए थे। इसके बाद विभाग ने सोल कटिंग और बोल्डर पिचिंग की अनुमति दी थी। इस बार बाढ़ आई तो मलाही टोला, बाबू टोला, तिवारी टोला सहित पूछरिया की छह हजार से ज्यादा आबादी खतरे में आ जाएगी। इनमें अधिकतर परिवारों के पास दूसरी कोई जमीन नहीं है। फिलहाल नदी का पानी डेढ़ फीट नीचे है। इसी कारण एजेंसी तेजी से काम कर रही है। हालांकि पानी और नीचे जाने की संभावना है। समय से काम पूरा हो जाएगा एजेंसी कर्मियों का कहना है, बारिश या बाढ़ की चेतावनी मिलते ही काम रोकना पड़ेगा। मौसम ने साथ दिया तो काम समय पर पूरा हो जाएगा। अब तक 800 ट्रक से ज्यादा बोल्डर गिराए जा चुके हैं। विभाग का कोई इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं है। इससे ग्रामीणों को आशंका है कि लिखित अनुमति नहीं मिली तो काम रुक सकता है। ऐसी स्थिति में गांव पर खतरा बढ़ जाएगा। विभाग का दावा है, जो सोल कटिंग हुआ है उससे बाढ़ आने पर नदी का दबाव गांव पर कम पड़ेगा।


झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

73वीं औपबंधिक सूची
जिला :– पलामू

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–478<br>2. आवेदक–रामदयाल उराँव<br>3. पिता–स्व0 रामकिशुन उराँव<br>4. ग्राम–चियाँकी, पोस्ट–चियाँकी<br>5. प्रखण्ड–डालटनगंज थाना–डालटनगंज<br>6. लिंग–पुरूष आयु–70 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | नहीं | नहीं | कारण :–आवेदक द्वारा सलंग्न विभिन्न कागजातों द्वारा ज्ञात होता है कि आवेदक झा0मु0मो0 पार्टी के सदस्य रहे है। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | PR 353621 Home (25-26)_D | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष



पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(साधारण), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1169–2024–25, दिनांक: 23.05.2025, कार्य का विवरण:** निश्चिंदपुर स्टेशन पर नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम को बदलना। **निविदा मूल्य:** रु. 32,94,569.60, **बयाना राशि:** रु. 65,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 15 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1226–2025–26, दिनांक: 23.05.2025, कार्य का विवरण:** एसएसई/इलेक्ट/जी/सीपी के कार्यक्षेत्र में विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए पावर सप्लाई उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/मेन्टेनेंस कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 19,41,330/– **बयाना राशि:** रु. 38,800/–**निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1225–2025–26, दिनांक: 23.05.2025, कार्य का विवरण:** 02 (दो) वर्षों के लिए सियालदह मंडल की एलएचबी टाइप राजधानी, दुरंतो, पुरी दुरंतो एक्सप्रेस और अन्य एलएचबी ट्रेनों जिनमें पैंट्री कार है, के सब पैंट्री उपकरणों और पैंट्री कार के इलेक्ट्रिकल पैंट्री उपकरणों की दैनंदिन सफाई। **निविदा मूल्य:** रु. 20,22,030/– **बयाना राशि:** रु. 40,500/–**निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 24 माह। **क्रम सं. 4, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1229–2025–26, दिनांक: 23.05.2025, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के तहत हेल्थ यूनिट के सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 32,95,840/–**बयाना राशि:** रु. 65,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 06 माह। **क्रम सं. 5, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1228–2025–26, दिनांक: 23.05.2025, कार्य का विवरण:** क्वार्टर, रास्ते के खंभों में स्टैंडर्ड अर्थिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 33,66,919/–, **बयाना राशि:** रु. 67,300/–**निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 08 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2025, 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2025 को 14.00 बजे के बाद। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 02.06.2025, निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
SDAH-65/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/674, दिनांक: 26.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. : ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3384–आर 1, कार्य का नाम :(1)** "वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत हरिणसिंह गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **(2)** "वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत पिनरगड़िया गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,62,83,162/– **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 2,31,400/–, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.06.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।
HWH-102/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना सं.–सोनपुर2025–26(45–47)

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा' आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 16.06.2025 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है। **45. कार्य का नाम:** हाजीपुर–गोल्डिनगंज सेक्शन में प्रत्येक तरफ आरयूबी संख्या 76, 78डी, 3, 30, 31, 34, 35 और 37 पर 16 गैर मानक ऊंचाई गेज का प्रावधान **2. अनुमानित लागत (रू में):** 73,03,450.87 **3. बयाने की राशि (रू में):** 1,46,100.00 **46. कार्य का नाम:** (1) सोनपुर–छपरा कचहरी सेक्शन: सोनपुर छपरा कचहरी सेक्शन के बीच मौजूदा लेवल क्रॉसिंग संख्या 7, 9, 10, 10ए, 10बी, 10ई, 10जी, 10एच, 10के, 18 (केवल 5 एलएचएस) के स्थान पर बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा आरयूबी/सीमित ऊंचाई वाले सबवे का प्रावधान। (2) सोनपुर–छपरा कचहरी सेक्शन के बीच प्रस्तावित 3एलएचएस (10जी, 10एच और 9सी) पर पहुंच मार्ग रिटेनिंग वॉल और ड्रेनिंग व्यवस्था आदि के लिए शेष कार्य। (3) सोनपुर–छपरा कचहरी सेक्शन के बीच प्रस्तावित 4एलएचएस (10बी, 10सी, 10ई और 18सी) पर पहुंच मार्ग रिटेनिंग वॉल और ड्रेनिंग व्यवस्था आदि के लिए शेष कार्य। **2. अनुमानित लागत (रु में):** 23,57,46,181.35 **3. बयाने की राशि (रु में):** 13,28,700.00 **47. कार्य का नाम:** हाजीपुर एवं शाहपुर पटोरी में आरपीएफ बैरक तथा दिघवारा एवं शाहपुर पटोरी में सेवा भवनों का सुधार। **2. अनुमानित लागत (रु में):** 3,28,74,309.2 **3. बयाने की राशि (रु में):** 3,14,400.00 उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार– किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मंडल रेल प्रबंधक(इंजी0)
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से
पीआर/0314/एसईई/टी/25–26

# पति ने की सिलबट्टे से पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या, जांच में जूटी पुलिस



निज संवाददाता | रांची

झारखंड की राजधानी रांची से एक ऐसा दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के ढुब बस्ती में सोमवार देर रात एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों की नृशंस हत्या कर दी। घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही है, जब पूरा मोहल्ला नींद में डूबा हुआ था। लेकिन उस रात ढुब बस्ती के एक घर में वह खौफनाक मंजर घटा, जिसे सुनकर कोई भी कांप उठे। आरोपी का नाम रवि लोहरा है, जो पेशे से राजमिस्त्री है और अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ अपनी ससुराल में रह रहा था। मृतकों में उसकी पत्नी रेणु देवी उर्फ पारो देवी (28), बेटा आरुष कुमार (7) और बेटी आरोही कुमारी (4) शामिल हैं। आरोप है कि रवि ने सिलबट्टे से तीनों के सिर बुरी तरह कूचकर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे धमधमिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूरे घटनाक्रम का खुलासा उस वक्त हुआ जब रवि की सास मंजरी देवी देर रात शौच के लिए उठी। उसने देखा कि उसकी बेटी के घर का दरवाजा खुला है और दामाद रवि घर से बाहर निकल रहा है। यह देखकर उसे कुछ शक हुआ और वह भीतर गई। जैसे ही वह कमरे में पहुंची, तो सामने का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। बेटी और दोनों नाती-नातिन खून से लथपथ बिस्तर पर पड़े थे, जिनकी सांसें थम चुकी थीं। मंजरी देवी की चीख-पुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य भी उठे और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामले की सूचना मिलते ही मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा और खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और खून से सना सिलबट्टा बरामद कर लिया। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स, रांची भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है ताकि इस जघन्य हत्याकांड के पीछे की वजह सामने आ सके। इस हत्याकांड को लेकर मृतका के भाई चंदन लोहरा ने मैकलुस्कीगंज थाने में मामला दर्ज कराया है।

चंदन ने बताया कि उसका जीजा रवि लोहरा लगभग डेढ़ साल से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ढुब बस्ती में रह रहा था। बीते 20 दिन पहले वह गढ़वा जिले के नगर उंटारी काम के सिलसिले में गया था और 23 मई को रांची लौटा था। दो दिन बाद 25 मई को वह अपने घर आया। दिनभर सबकुछ सामान्य रहा। रवि बच्चों को बाल कटवाने ले गया और रात को घर में मुर्गा-भात बना था। परिवार के किसी सदस्य को इस बात का अंदेशा तक नहीं था कि वह व्यक्ति, जो सामान्य व्यवहार कर रहा था, रात में इतना बड़ा खौफनाक कदम उठा लेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार, रवि लोहरा का व्यवहार हाल के दिनों में थोड़ा अजीब हो गया था, लेकिन किसी ने यह कल्पना नहीं की थी कि वह अपने ही बच्चों और पत्नी की हत्या कर देगा। पूरे इलाके में इस हत्याकांड को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल है। पड़ोसी भी स्तब्ध हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो एक पिता अपने मासूम बच्चों और पत्नी की जान लेने पर उतर आया। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। आरोपी से पूछताछ के दौरान उसकी मानसिक स्थिति, पारिवारिक तनाव और किसी तरह की घरेलू कलह की भी जानकारी ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद पूरे घटनाक्रम की पुख्ता तस्वीर सामने आएगी।

## अज्ञात वाहन ने मजदूर को कुचला मौत

निज संवाददाता | धनबाद

धनबाद जिले के निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत आमडंगाल में एनएच-19 पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय मजदूर मनोज हांसदा की मौत हो गई। यह घटना रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप कोलकाता लेन पर हुई, जहां एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने मनोज को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन उसे करीब 10 फीट तक घसीटता हुआ ले गया और फिर मौके से फरार हो गया। मनोज हांसदा तेतुलिया स्थित एक कोयला भट्ठा में मजदूरी करता था और उसी दिन काम से लौटने के बाद स्नान करके पास की एक दुकान से अंडा खरीदने निकला था। लेकिन सड़क पार करते समय मौत उसका इंतजार कर रही थी। यह हादसा उस समय हुआ जब वह कोलकाता लेन पार कर रहा था और अंधेरे व बिना स्ट्रीट लाइट वाली सड़क पर एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। घटना की खबर जैसे ही गांव में फैली, परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और आक्रोशित होकर एनएच-19 की कोलकाता लेन पर शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे निरसा थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने पुलिस बल के साथ स्थिति को संभालते हुए ग्रामीणों को शांत किया और मुआवजे के लिए एक समिति गठन का आश्वासन दिया, तब जाकर जाम हटाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आमडंगाल क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, जिससे रात के समय अक्सर सड़क पर धुंध और अंधेरा रहता है। इसके कारण यहां दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों ने मांग की है कि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उस वाहन की पहचान की जाए, जिसने मनोज की जान ली। मनोज हांसदा अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। वह अपनी वृद्ध मां सूरज मुनि हांसदा के साथ अपने मामा रूपलाल सोरेन के घर में रहकर जीवन चला रहा था। उसका पैतृक गांव तालबेड़िया है और हाल ही में उसकी शादी की बातचीत चल रही थी।

# माओवादी मुठभेड़ में कमांडर तुलसी भुईयां मारा गया, एक एसएलआर राइफल बरामद

- सर्च ऑपरेशन के दौरान मिला शव
- अभियान में इनकी रही भूमिका



निज संवाददाता | पलामू

पलामू ज़िले के हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत नैया जंगल में सोमवार की शाम सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ शाम क़रीब साढ़े पांच बजे शुरू हुई और पूरी रात रुक-रुक कर दोनों ओर से गोलियों की आवाज़ें जंगल में गूंजती रहीं। सुरक्षाबलों ने माओवादियों को चारों ओर से घेरकर करीब 300 राउंड फायरिंग की, जिससे जंगल का माहौल युद्ध क्षेत्र जैसा बन गया। मंगलवार सुबह जब उजाला हुआ, तो माओवादी घने जंगल का लाभ उठाकर वहां से भाग निकले। लेकिन भागने से पहले वे अपने एक मारे गए साथी का शव वहीं छोड़ गए। पुलिस की तलाशी के दौरान यह खुलासा हुआ कि मुठभेड़ में मारा गया नक्सली कोई सामान्य सदस्य नहीं, बल्कि संगठन का एक अहम चेहरा—तुलसी भुईयां था। लगभग 45 वर्षीय तुलसी भुईयां लंबे समय से माओवादी गतिविधियों में सक्रिय था और उस पर पलामू जिले में दो गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। वह 15 लाख के इनामी माओवादी रिजनल कमांडर नीतेश यादव का भरोसेमंद सहयोगी माना जाता था। तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल से एक SLR राइफल भी बरामद हुई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि माओवादी पूरी तैयारी के साथ इस क्षेत्र में सक्रिय थे। मुठभेड़ के दौरान नीतेश यादव के साथ 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर संजय यादव उर्फ गोदराम और एरिया कमांडर इम्तियाज अंसारी भी मौजूद थे। वे अन्य दस्ते के सदस्यों के साथ मिलकर अपने मारे गए साथी तुलसी भुईयां का शव छोड़कर भाग खड़े हुए। माओवादियों की यह टोली लंबे समय से पलामू, लातेहार और गढ़वा जैसे जिलों में आतंक फैलाने में लगी हुई थी।

इसी वर्ष 1 फरवरी को माओवादियों द्वारा हुसैनाबाद के दुधिया जंगल में छिपाए गए विस्फोटक को सुरक्षाबलों ने बरामद किया था, जो पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने की बड़ी साजिश का हिस्सा था। इसके बाद 11 मार्च को तुलसी भुईयां और नीतेश यादव ने हरिहरगंज के जगदीशपुर स्कूल के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे हाईवा और पोकलेन मशीनों में आग लगाकर इलाके में दहशत फैलाई थी। इन घटनाओं ने प्रशासन की नींद उड़ा दी थी और माओवादियों की गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए एक बड़ी रणनीति बनाई गई थी। सोमवार की मुठभेड़ उसी रणनीति का हिस्सा थी, जिसमें नावाबाजार, मोहम्मदगंज, पांडू और हैदरनगर थाना की पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप) की टुकड़ियों ने साझा अभियान चलाया। मुठभेड़ के बाद से इलाके में लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है और भागे हुए माओवादियों की तलाश तेज़ कर दी गई है। सुरक्षाबलों ने जंगलों की घेराबंदी कर कई संदिग्ध स्थानों को चिन्हित किया है। इस कार्रवाई को माओवादियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही यह संकेत भी है कि सुरक्षाबलों ने अब माओवादी नेटवर्क की कमर तोड़ने की ठान ली है। स्थानीय ग्रामीणों में फिलहाल भय का माहौल है, लेकिन सुरक्षाबलों की बढ़ी हुई मौजूदगी से लोगों को राहत और भरोसा भी मिला है। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और हालात पर लगातार नज़र रखी जा रही है।

# आपसी विवाद के दौरान मारपीट, चार लोग घायल, एक को अस्पताल में किया रेफर

निज संवाददाता | राजमहल (साहिबगंज)

राजमहल के थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड के पमरिया टोला (कालीबाड़ी), फुलवरिया में बीती सोमवार की रात दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुरानी रंजिश के चलते हुई कहासुनी जल्द ही भयंकर मारपीट में बदल गई, जिसमें एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, मिस्टर शेख के परिवार में पत्नी अजनुर बीवी, नूरजहां बेवा (60), हजरा बेवा (60) और मेनेरा खातुन (22) शामिल हैं। यह चारों पड़ोसी के साथ पुरानी नाराजगी को लेकर विवाद में उलझ गए, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गया। मारपीट में चारों घायल हो गए, जिन्हें परिजन आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। इस बीच, मेनेरा खातुन की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल रेफर कर दिया है। यह पहली बार नहीं था जब दोनों पक्षों के बीच तनाव ने हिंसक स्वरूप लिया हो। 24 मई को भी दोनों पक्षों के बीच हुई झड़प में चाकू से हमला हुआ था, जिसमें दोनों ओर से चार लोग घायल हुए थे। इसके अलावा दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की पूरी छानबीन में जुटी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एसआई महादेव उरांव अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अब इस बात का पता लगाने में लगी है कि इस हिंसक संघर्ष के पीछे असली कारण क्या है और किसने पहले आघात किया। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता और भय व्याप्त है, क्योंकि छोटे विवादों का बढ़कर हिंसा में बदल जाना इलाके में सुरक्षा की स्थिति पर सवाल खड़ा करता है।

## जामताड़ा के 26वें डीसी के रूप में रवि आनंद ने दिया योगदान

जामताड़ा (नि.सं.)। जिले को नया उपायुक्त मिल गया है। रवि आनंद ने जामताड़ा के 26वें उपायुक्त के रूप में विधिवत रूप से समाहरणालय में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान उपायुक्त कुमुद शर्मा से उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे और कार्यभार हस्तांतरण की प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। रवि आनंद ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जिले के समग्र विकास को गति देना उनकी प्राथमिक प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप वे यह सुनिश्चित करेंगे कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# चोरों ने की बंद घर से सोने-चांदी समेत लाखों की चोरी

निज संवाददाता | गिरिडीह



गिरिडीह जिले में एक बार फिर चोरों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। नगर थाना क्षेत्र के करबला रोड स्थित जेपी नगर मोहल्ले में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मंगलवार सुबह एक घर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। इस घटना में चोरों ने घर के मालिक की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर न सिर्फ नकद रुपये चुरा लिए, बल्कि कीमती सोने-चांदी के जेवरात और किचन का कीमती सामान भी अपने साथ ले गए। इस चोरी से इलाके के लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जेपी नगर में रहने वाले अमित कुमार शनिवार को कोडरमा स्थित अपनी बहन के घर गए थे। उन्होंने अपने घर को पूरी तरह से लॉक कर रखा था। लेकिन मंगलवार सुबह जब वह लौटे, तो घर की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। मुख्य दरवाजे और खिड़की का ताला टूटा हुआ था। जैसे ही वह अंदर गए, उन्हें हर तरफ बिखरा सामान नजर आया। गोदरेज की अलमारी टूटी पड़ी थी, जिसमें रखे करीब 50 से 60 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषण गायब थे। चोरों ने किचन में रखे कीमती बर्तन और अन्य सामान भी उठा लिए। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद की अगुवाई में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की है, ताकि चोरों की पहचान हो सके। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इस चोरी को काफी सोच-समझकर अंजाम दिया गया है। चोरों ने ऐसा समय चुना जब घर पूरी तरह से खाली था और आसपास के किसी व्यक्ति को भी इसकी भनक नहीं लगी। यह हैरान करने वाली बात है कि घर के आसपास रहने वाले किसी भी व्यक्ति ने किसी संदिग्ध हलचल को नहीं देखा या महसूस नहीं किया। इससे यह आशंका प्रबल हो गई है कि चोर न केवल शातिर थे, बल्कि संभवतः उन्होंने पहले से ही इस घर की रेकी की थी और पूरी तैयारी के साथ आए थे। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि चोरी में कितने लोग शामिल थे और क्या किसी ने चोरों को अंदर की जानकारी दी थी।

# गांजा सप्लाई का बड़ा नेटवर्क बेनकाब, नसीम आलम की गिरफ्तारी से पुलिस को मिली अहम सफलता

निज संवाददाता | पाकुड़



पाकुड़ जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित बड़ी अलीगंज मुहल्ले में पुलिस को नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। गांजा की अवैध तस्करी में संलिप्त एक शातिर स्टॉकिस्ट नसीम आलम को गिरफ्तार कर पुलिस ने न सिर्फ एक बड़ी खेप को जब्त किया, बल्कि गांजा सप्लाई के एक पूरे नेटवर्क का भी पर्दाफाश किया है। नसीम आलम के घर से 3 किलो 373 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। नसीम पर आरोप है कि वह लंबे समय से पाकुड़ शहर के विभिन्न इलाकों में छोटे पैमाने के विक्रेताओं को गांजा की आपूर्ति करता था। उसके नेटवर्क में कई अन्य लोग भी शामिल हैं, जो विभिन्न स्थानों पर इसे खपाने का काम करते थे। इस गिरोह के खिलाफ पुलिस को पिछले कुछ समय से गोपनीय सूत्रों के माध्यम से लगातार जानकारी मिल रही थी। इसी आधार पर पाकुड़ पुलिस अधीक्षक को एक महत्वपूर्ण सूचना मिली, जिसके बाद कार्रवाई को अंजाम देने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में पाकुड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, नगर थाना प्रभारी प्रयाग दास समेत कई अनुभवी पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। योजना बनाकर नसीम आलम के घर पर छापेमारी की गई, जहां तलाशी के दौरान भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। नसीम की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब नशे के खिलाफ पूरे जिले में पुलिस ने अभियान तेज कर रखा है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने बताया कि यह गिरफ्तारी सिर्फ एक संयोग नहीं बल्कि एक लंबी जांच और खुफिया सूचना का नतीजा है। हाल ही में गांजा तस्करी के ही एक अन्य मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी, जिसके बाद हुई पूछताछ में नसीम आलम का नाम सामने आया।

इसके बाद से ही पुलिस उसकी गतिविधियों पर नज़र बनाए हुए थी और मौका मिलते ही कार्रवाई कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार नसीम आलम पहले भी गांजा बेचने के आरोप में जेल जा चुका है और जेल से छूटने के बाद उसने फिर से इस गोरखधंधे में कदम रख दिया था। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि गांजा कहां से आता था, किस रास्ते से सप्लाई होता था और किन-किन लोगों तक इसकी पहुंच थी। साथ ही, यह भी जानने की कोशिश की जा रही है कि इस तस्करी के पीछे कहीं कोई बड़ा गिरोह तो नहीं है, जो जिले से बाहर बैठकर इस धंधे को संचालित कर रहा हो। एसडीपीओ डीएन आजाद ने साफ कहा है कि नशीले पदार्थों के व्यापार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए एक बड़ा खतरा है, खासकर युवाओं के भविष्य को नष्ट करने वाला। पुलिस की प्राथमिकता है कि ऐसे अवैध व्यापार से जुड़े हर व्यक्ति को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इस पूरी कार्रवाई को लेकर आम जनता में भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से मोहल्ले में संदिग्ध गतिविधियां बढ़ गई थीं, जिससे लोगों को अंदेशा था कि कुछ गलत हो रहा है। नसीम की गिरफ्तारी ने उन संदेहों को सच साबित कर दिया है।

## 10 विद्यालयों के प्रभारी का वेतन होगा स्थगित

देवघर (नि.सं.)। विभाग द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद भी लगभग 6 महीने से मध्यान भोजन योजना का ऑडिट नहीं करने वाले प्रखंड के 10 विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों का वेतन स्थगित होगा इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार तिवारी ने पत्र भेज कर अनेकों बार विद्यालयों को स्मरण भी कराया। उसके बावजूद भी विद्यालय प्रभारी द्वारा मध्यान भोजन योजना का ऑडिट नहीं कराया गया । । प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑडिट नहीं करने वाले विद्यालयों में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जेरुआ, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मांझीडीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डिंडाकोली रवानी टोला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कजियाटांड़, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सुग्गीपहाड़ी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चिठ्माझटर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चपरिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तेतेरियातांड व अन्य विद्यालय शामिल है।

# विधायक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया सरना धर्म कोड के समर्थन में प्रदर्शन

निज संवाददाता | राजमहल। (शाहिबगंज)

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के निर्धारित कार्यक्रम के तहत आदिवासी अस्मिता और पहचान से जुड़े सरना धर्म कोड की मांग को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय साहिबगंज में आयोजित धरना प्रदर्शन में राजमहल क्षेत्र से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस प्रदर्शन में राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एम.टी. राजा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सरना धर्म कोड के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। राजमहल नगर, प्रखंड, उधवा और तीनपहाड़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों और टोले से कार्यकर्ता सुबह से ही जुटने लगे थे। सभी स्थानीय बालू प्लॉट में एकत्रित हुए, जहां से झामुमो के झंडा-बैनर से सजे बाइक, चार पहिया वाहन और ट्रैक्टरों के काफिले के साथ कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। इस दौरान 'Sarna धर्म कोड लागू करो', 'आदिवासी पहचान बचाओ' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। धरना प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। उन्होंने यह स्पष्ट संदेश दिया कि सरना धर्म कोड सिर्फ एक मांग नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति और धार्मिक अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। कार्यकर्ताओं का कहना था कि लंबे समय से आदिवासी समुदाय सरना धर्म कोड की मांग कर रहा है, लेकिन इसे अब तक केंद्र सरकार द्वारा मान्यता नहीं दी गई है, जो कि घोर उपेक्षा का परिचायक है। इस मौके पर विधायक मो. ताजुद्दीन ने कहा कि झामुमो हमेशा से आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष करता आया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासी समाज की आत्मा है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार कराना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आदिवासियों की भावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द इस मांग को नहीं माना गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ, नगर अध्यक्ष मो. आजाद, अयूब अली, मुर्शीद रजा, बारीक शेख, अली कमिशन, विश्वजीत मंडल समेत झामुमो के सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। इन सभी ने एकजुट होकर आदिवासी समाज के हक और अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। हालांकि, प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा, जो कि झामुमो कार्यकर्ताओं की संगठित ताकत और जागरूकता का परिचायक है।

# आंतरिक संसाधनों से हॉट स्ट्रिप मिल के क्रेन संख्या #21 का नवीनीकरण

निज संवाददाता | बोकारो



बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल के नवीनीकृत क्रेन संख्या #21 का उद्घाटन मंगलवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा के द्वारा किया गया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स & फाउंड्री) जे वी शेखर, महाप्रबंधक (शॉप्स & फाउंड्री) पी पी सिंह एवं हॉट स्ट्रिप मिल के मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार सिंह के साथ वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। हॉट स्ट्रिप मिल के यांत्रिकी अनुभाग के महाप्रबंधक (प्रभारी) एस एन भगत के दिशा निर्देशन में क्रेन संख्या 21 के 110 टन क्षमता वाले पुराने एवं क्षतिग्रस्त टोंग का जीर्णोधार किया गया। क्रेन के क्षतिग्रस्त टोंग की मरम्मत एवं नवीनीकरण की जिम्मेदारी एस. सी. मोहापात्रा के नेतृत्व में सहायक महाप्रबंधक एस के रॉय, वरीय प्रबंधक एस एस यादव और क्रेन अनुभाग के कर्मियों ने उठाई जिसे उन्होंने रिकॉर्ड समय में पूरा किया। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूर्ण करने में हॉट स्ट्रिप मिल के महाप्रबंधक एस के सेन ने न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि तकनीकी सलाह भी प्रदान की। सामान्य अनुरक्षण विभाग के एन के बेहरा, महाप्रबंधक तथा राजेश यादव की टीम का सराहनीय योगदान था। अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा ने इस कार्य से सम्बंधित सभी विभागों तथा कार्मिकों के प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के अभिनव पहल करने की अपील की।

## ठगी का शिकार हो रहे हैं उपभोक्ता

देवघरर (नि.सं.)। माप-तौल विभाग की लापरवाही के कारण इन दिनों उपभोक्ता ठगी के शिकार हो रहे हैं। शहरी और ग्रामीण इलाकों के दुकानों में प्रयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक तराजू के वजन पर प्रश्न चिह्न लग रहा है। इलेक्ट्रॉनिक तराजू का सेटिंग कर उपभोक्ताओं को कम समान तौल कर दिया जा रहा है। उपभोक्ता को अधिक मूल्य देकर कम वजन पर ही संतोष करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक दुकानदारों द्वारा अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक तराजू का इस्तेमाल किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक तराजू को दुकानदार अपने मन मुताबिक सेट कर रहे हैं। एक किलो में 900 ग्राम समान मिलाना आम बात हो गई है। सब्जी फल किराना दुकानों में उपभोक्ताओं को कम समान दिया जा रहा है। जिसके कारण आम लोगों में असंतोष व्याप्त है। अगर विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक तराजू की जांच कर दी जाए तो सारा राज खुल जाए।

# जामताड़ा में अवैध शराब पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई, बड़ी मात्रा में विदेशी शराब एवं बीयर बरामद

निज संवाददाता | जामताड़ा



जामताड़ा जिले के दुलाडीह गांव में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि नशे के कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा। जामताड़ा थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में रविवार को की गई छापेमारी में 50 बोतल बीयर और 31 बोतल विदेशी शराब जब्त की गई है। यह कार्रवाई उस समय की गई जब पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि गांव में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने तत्काल योजना बनाकर गांव के राजेश महतो के घर पर छापा मारा, जहां अवैध रूप से शराब को स्टॉक करके रखा गया था। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही राजेश महतो मौके से फरार हो गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि वह अवैध धंधे में लंबे समय से संलिप्त था और किसी बड़ी सप्लाई चेन का हिस्सा हो सकता है। पुलिस द्वारा जब्त की गई शराब में विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब और बीयर शामिल हैं, जो अवैध रूप से बाजार में बेचे जाने की तैयारी में थी। थाना प्रभारी राजेश मंडल ने बताया कि बरामद शराब को कब्जे में ले लिया गया है और इसके स्रोत की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह शराब कहां से लाई गई और इस धंधे में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस की यह कार्रवाई गांव और आसपास के इलाकों में चर्चा का विषय बन गई है। इस छापेमारी से अवैध शराब का धंधा करने वालों में हड़कंप मच गया है और कई अन्य संभावित कारोबारी भूमिगत हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई केवल शुरुआत है और आने वाले समय में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से शिकंजा कसा जाएगा। थाना प्रभारी ने यह भी साफ कर दिया है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है समाज को नशे के खतरे से बचाना और खासकर युवाओं को इस दलदल में गिरने से रोकना। जामताड़ा जिले में अवैध शराब की बिक्री पिछले कुछ समय से एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। पुलिस की यह ताजा कार्रवाई इस दिशा में एक अहम कदम है, जो न केवल अवैध धंधे को रोकने का प्रयास है, बल्कि समाज को एक स्पष्ट संदेश भी देता है कि कानून के हाथ लंबे हैं और कोई भी अपराधी कानून से ऊपर नहीं है। फरार आरोपी राजेश महतो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सघन अभियान शुरू कर दिया है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही वह कानून की गिरफ्त में होगा। साथ ही, इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### नक्सलवाद पर निर्णायक हमला

देश में नक्सली हिंसा लंबे समय से एक जटिल समस्या रही है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई स्तर पर मोर्चेबंदी की है और वह अब भी जारी है। मगर सच यह है कि अब भी इस समस्या और इसकी जड़ों से पार पाना एक चुनौती है। हालांकि नक्सली हिंसा का सामना करने के क्रम में पिछले कुछ समय से सुरक्षा बलों को जैसी कामयाबी मिल रही है, उससे कहा जा सकता है कि सरकार इसे खत्म करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ काम कर रही है और इसी मुताबिक जमीनी स्तर पर भी कार्रवाई कर रही है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाकों में बुधवार को सुरक्षा बलों द्वारा सत्ताईस नक्सलियों को मार गिराने की खबर आई। खुफिया जानकारी के बाद घेरेबंदी कर की गई इस कार्रवाई में शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ वसवराजू को भी मार गिराया गया। इसके अलावा, गुरुवार को राज्य के सुकमा जिले में भी नक्सल विरोधी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक कोबरा कमांडो की मौत हो गई और मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। जाहिर है, देश भर में नक्सली हिंसा का सामना करने और इसे खत्म करने के लिए किए जाने वाले सरकारी दावों के लिहाज से ताजा कार्रवाई को एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। खासतौर पर इसलिए भी कि पिछले कुछ वर्षों से नक्सल विरोधी अभियान में तेजी के साथ छिटपुट स्तर पर नक्सलियों को या तो मार गिराने या फिर उनका समर्पण कराने में सरकार को लगातार सफलता मिल रही थी। मगर इस बार के मुठभेड़ को सरकार ज्यादा अहम इसलिए मान रही है कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के तीन दशकों के दौरान यह पहली बार है जब सुरक्षा बलों ने एक शीर्ष स्तर के किसी नेता को मारा है। ताजा अभियान के तहत हाल के दिनों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में चौवन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और चौरासी ने आत्मसमर्पण कर दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ इस वर्ष अब तक एक सौ अस्सी से ज्यादा माओवादी मारे गए और कई सौ ने आत्मसमर्पण भी किया। निश्चित तौर पर नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने, आत्मसमर्पण और उनकी गिरफ्तारी को प्रत्यक्ष नक्सली हिंसा को समाप्त करने की दिशा में अहम उपलब्धि माना जा सकता है। मगर इस समस्या की जड़ें सामाजिक-आर्थिक कारणों में भी छिपी हैं। इसलिए प्रत्यक्ष कार्रवाई के साथ-साथ उनके समाधान या उन्हें दूर करने के लिए भी एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करने की जरूरत है। मसलन, नक्सली समूहों तक वित्तीय मदद और हथियार पहुंचने के रास्तों या माध्यमों को खत्म करने, नक्सल प्रभावित इलाकों में आम लोगों के बीच विश्वास पैदा करने, उन्हें बुनियादी और भूमि अधिकार देने, मुख्यधारा में लाने, ऋण माफ करने और गरीबी दूर करने के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक वंचनाओं से मुक्ति दिलाने जैसे अन्य पहलुओं पर भी स्थायी हल तलाशने की मंशा के साथ काम करने की जरूरत है।

### नेताओं के बिगड़े बोल के लिए राजनीतिक दल ही जिम्मेदार

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता के लिए सीमा पार से मिलने वाली चुनौती का भारत ने न सिर्फ वर्तमान में बल्कि पूर्व में बखूबी जवाब दिया है। भारत बाहर से मिलने वाली हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह दृढ़ता विश्व में साबित कर दी है। देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं, वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है। ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फेहरिस्त है।

## सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

(रमेश सर्राफ धमोरा)

सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है। भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।। अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है। भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं।

> ***वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है।***

लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया। भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है। इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है। सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं। रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा। शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया। भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती है। इसके लिए महिलाओं के लिए आर्मी मेडिकल कोर, आर्मी डेंटल कोर और मिलिटरी नर्सिंग सेवाओं के लिए परमानेंट कमिशन को मंजूरी दी गई है। अब 11 आर्म्स एंड सर्विसेज में महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन मिलता है। जिनमें आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आर्डनेंस कोर, आर्मी एडुकेशन कोर, जज एडवोकेट जनरल ब्रांच, इंजीनियर कोर, सिगनल कोर, इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल कोर, इंटेलीजेंस कोर, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन, रीमाउंट एंड वेटनरी कोर आदि शामिल हैं।

## अमेरिकी सिंहासन से जारी होते तुगलकी फरमान

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

अमेरिका की स्थित निरंतर असहज होती जा रही है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर से लेकर घरेलू मामलों तक में वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फरमान मुहम्मद तुगलक की याद ताजा करने लगे हैं। मुहम्मद तुगलक व्दारा अपनी राजधानी का स्थानान्तरण दिल्ली से दौलताबाद और फिर दौलताबाद से दिल्ली करने से लेकर चमडे के सिक्के चलाने तक के किस्से आज भी चटखारे लेकर कहे-सुने जाते हैं। ऐसा ही कुछ हाल डोनाल्ड ट्रंप का भी नजर आ रहा है। कभी टैरिफ को लेकर विवादास्पद बने तो कभी एपल, सैमसन जैसी कम्पनियों को धमकी देने नजर आये। कभी हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के दाखिले पर प्रतिबंध लगाया तो कभी विदेशी अतिथियों के साथ व्हाइट हाउस में अभद्र व्यवहार किया। विचित्र मानसिक स्थिति से गुजर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति का व्यवहार इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। कभी आपरेशन सिंदूर को रुकवाने का श्रेय लेने के लिए आगे आते हैं तो कभी अपनी ही बात से पीछे हट जाते हैं। यूक्रेन के राष्टपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ खनिज अनुबंध को लेकर दबाव बनाने के दौरान गर्मागर्म बहस होने के बाद अभी हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोस को कथित रूप से फर्जी वीडियो दिखाकर रंग-भेद पर उनकी बौखलाहट देखते ही बनी। उन्होंने अपने सहयोगी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तक को वहां की आन्तरिक नीतियों पर नहीं बक्सा था। ट्रंप ने तो इजरायल को उसके कट्टर दुश्मन तुर्किये तथा ईरान तक के साथ तर्क संगत करने की सीख तक दे दी थी। ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ट्रंप की मुलाकात न केवल सम्मानजनक वातावरण में हुई थी बल्कि आतिथ्य देने वाले ने मोदी की जमकर प्रशंसा भी की थी। उन्होंने कहा था कि यह मुझसे कहीं ज्यादा सख्त वार्ताकार हैं, इनसे कोई मुकाबला ही नहीं है। ईमानदाराना बात तो यह है कि भारत की बढती अर्थ व्यवस्था, शीर्ष पर पहुंचती प्रतिभायें, आत्मनिर्भरता का ऊपर उठता ग्राफ, तकनीकी प्रगति, स्वदेशी हथियारों की बाढ, विदेश नीति का फहराता परचम, आन्तरिक स्थिरता जैसे अनगिनत कारण है जो अमेरिका के माथे पर उभर रही चिन्ता की लकीरों को निरंतर गहरा कर रहे हैं। रूस, यूक्रेन, फ्रांस, इटली, जापान, जर्मनी जैसे देशों के साथ भारत ने संतुलित संबंध स्थापित किये हैं जिनके कारण दुश्मन की कूटनैतिक चालों से लेकर घातक षडयंत्रों तक पर नियंत्रण लगना शुरू हो गया है। बंगला देश के माध्यम से भारत को तनाव देने की अमेरिकी चाल असफल रही तो चीनी झांसे में आकर मालदीप और श्रीलंका की अल्पकाल के लिए खराब हुई बुध्दि फिर से सकारात्मक हो गई। पाकिस्तान के कंधे पर रखकर चीन और अमेरिका ने एक साथ बंदूकें चलाई थीं। जहां अमेरिका ने आतंक के संरक्षक को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्जा दिलवाया, विश्व बैंक से राहत दिलवायी, कूटनैतिक चालें चलीं वहीं चीन ने उसे प्रत्यक्ष समर्थन ही नहीं दिया बल्कि युध्द हेतु अत्याधुनिक साज-ओ-सामान सहित अपनी सैटलाइट सुविधा तक उपलब्ध करायी। वर्तमान में दुश्मनों व्दारा एक साथ मिलकर भारत की बहुमुखी तरक्की को रोकने के लिए घिनौनी चालें, खतरनाक षडयंत्र और छद्म युद्ध जैसे हथियारों का खुलकर उपयोग किया जा रहा है। भारत की साख को बट्टा लगाने के अवसर पैदा करने की चल रही कोशिशों को तूफानी गति दी जा रही है। इस बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से पहले ही ट्रंप ने रूस-यूक्रेन तथा इजरायल-हमास के मध्य चल रहे युध्द को रुकवाने की गारंटी दी थी। कुछ समय तक प्रयास भी किये परन्तु जब सफल नहीं हुए तो टैरिफ को हथियार बनाकर दुनिया को गुलाम बनाने की पहल शुरू कर दी। अनेक देशों के कडे रुख के कारण वे पूरी तरह सफल नहीं हुए।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5744

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5743

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

### वर्ग पहेली 5744



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. भारत का सबसे अधिक राज्यों के साथ सीमा (8 राज्य) बनाने वाला राज्य (6)
6. आनंद, सुख, लुत्फ, स्वाद, रस (2)
7. कामदेव, मनोज, रतिपति (3)
8. स्थिति, अवस्था, हालत (2)
9. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
10. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दूसरी वस्तु पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
12. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
13. पुत्र, सुत, पूत (2)
14. औलाद, पुत्र या पुत्री, संतति (3)
16. तरकारी, हरी सब्जी, भाजी (2)
18. जख्म पर लगाया जाने वाला गाढ़ा और चिकना लेप (4)
19. गिरवी रखने का भाव या क्रिया रहने का ढंग (3)
20. पकाकर उबालकर बनाया हुआ चावल (2)

**ऊपर से नीचे**
1. हिंदु धर्म के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें यज्ञोपवीत धारण किया जाता है (8)
2. हिंडोले पर झूलना, पेंगे मारना, झूमते हुए चलना (4)
3. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (2)
4. पुरानी फिल्मों की पार्श्व गायिका जिन्होंने हिंदी के अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल एवं पंजाबी भाषाओं में लगभग 6000 से अधिक गाने गाए है (7)
5. कपि, बंदर (3)
8. समूह, गुट, पंखुड़ी, गिरोह (2)
11. छोटे कद का, ठिगना, बौना (2)
15. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन करने की क्रिया (3)
16. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
17. उचित से अधिक, यथेष्ट, अधिक मात्रा में, ज्यादा (3)

### वर्ग पहेली 5743 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | ग | द | | ग | ठि | या |
| ल | त | म | र्द | न | | ग | म |
| दे | | क | | व | र | ना | |
| व | क्ष | | स | जी | व | | श्या |
| | मा | मा | | व | | सो | म |
| | प्र | ह | स | न | | ह | ल |
| | दा | वा | | | रा | व | |
| वा | न | र | | बे | ह | त | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन आर्थिक और पेशेवर दृष्टि से फायदेमंद साबित होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी और किसी बड़ी ज़िम्मेदारी के लिए चयन हो सकता है। व्यापार में पुरानी योजना को दोबारा शुरू करने का समय आ गया है। सरकारी नौकरी के इच्छुक जातकों के लिए दिन शुभ संकेत दे रहा है। आय में वृद्धि के योग हैं।

### वृष
आज व्यवसाय में नई साझेदारी शुरू करने के लिए दिन उत्तम है। आपका आर्थिक दृष्टिकोण मजबूत रहेगा और किसी अधूरे पड़े काम को भी पूरा करने में सफलता मिलेगी। ऑफिस में सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त होगा और बॉस आपकी कार्यशैली से प्रसन्न रहेंगे। मार्केटिंग, फैशन या ब्यूटी से जुड़े पेशेवरों को विशेष लाभ हो सकता है।

### मिथुन
आपको अपने करियर में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के अवसर मिल सकते हैं। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को सकारात्मक संकेत मिलेंगे। व्यापार में कोई बड़ा सौदा फाइनल हो सकता है जिससे लाभ की उम्मीद की जा सकती है।

### तुला
आज दिन शुभ है और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में प्रयासों का परिणाम अच्छा मिलेगा, विशेष रूप से यदि आप खुद का व्यवसाय करते हैं। साझेदारी में कुछ मतभेद संभव हैं, लेकिन संवाद से समाधान मिलेगा। उच्च शिक्षा या विदेश से जुड़े मामलों में प्रगति होगी। ऑफिस में आपका व्यवहार और कड़ी मेहनत वरिष्ठों को प्रभावित करेगी।

### वृश्चिक
आज लेनदेन से जुड़े हर मामले में सावधानी रखने की सलाह है। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन थोड़ा सावधानी बरतने योग्य है। हालांकि आय के स्रोत बने रहेंगे, परंतु खर्चे भी अचानक बढ़ सकते हैं। निवेश से पहले विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लें। करियर में कोई नया ऑफर मिल सकता है लेकिन तत्काल निर्णय न लें। ऑफिस में आपकी सोच को महत्व दिया जाएगा।

### धनु
आज लाभ के योग हैं और आपको मेहनत के अनुपात में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। हालांकि दिनभर कुछ अनावश्यक खर्च आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को स्थानांतरण या नई जिम्मेदारी का प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापारी वर्ग को पुराने संपर्कों से फायदा होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुलकर बात करना आपकी भावनात्मक स्थिति को सुधार सकता है।

### कर्क
आपकी योग्यता और कुशल संवाद शैली से नए ग्राहक या प्रॉजेक्ट मिल सकते हैं। फ्रीलांसर या क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों को अप्रत्याशित आय हो सकती है। खर्च अधिक होगा, विशेषकर पारिवारिक जरूरतों पर, लेकिन निवेश के अवसर भी मिलेंगे। कोई मित्र या शुभचिंतक आपके करियर को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

### सिंह
आज मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे और कठिन कार्यों में भी सफलता प्राप्त करेंगे। धन के नए स्रोत खुल सकते हैं, विशेषकर यदि आप शिक्षा, परामर्श या आध्यात्मिक सेवाओं से जुड़े हैं। कार्यस्थल पर आपका व्यवहार सकारात्मक रहेगा और सहकर्मी भी सहयोगी बनेंगे। किसी महिला से आर्थिक सहयोग या सलाह मिल सकती है।

### कन्या
आज दिन निर्णय लेने के लिए उत्तम है। नई परियोजनाओं की शुरुआत हो सकती है जो लंबे समय में बड़ा लाभ देंगी। शेयर मार्केट या डिजिटल मनी से जुड़े अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में कुछ बदलाव संभव हैं, लेकिन वह आपकी उन्नति में सहायक बनेंगे।

### मकर
आज दिन सफलता से भरा होगा। आप अपने आत्मविश्वास से कठिन कार्य भी सरलता से पूर्ण कर पाएंगे। विशेषकर यदि उधारी या लोन से संबंधित कोई बात हो। करियर में परिवर्तन या उन्नति की संभावना है। बिजनस पार्टनरशिप में पारदर्शिता बनाए रखें। पारिवारिक जीवन में सहयोग और स्नेह का वातावरण रहेगा।

रुका हुआ धन मिल सकता है या कोई पुरानी देनदारी खत्म होगी। नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग मिलेगा। जो लोग विदेश से जुड़े काम करते हैं, उनके लिए लाभ के संकेत हैं। शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड में निवेश करने के लिए दिन अनुकूल है। पारिवारिक जीवन में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन संभव है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है।

### मीन
आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आगे चलकर प्रमोशन या वित्तीय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगी। कोई महिला सहयोगी या वरिष्ठ आपकी मदद कर सकती हैं। पैतृक संपत्ति से संबंधित निर्णय लाभकारी रहेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम बढ़ाएं, लेकिन दिन अंत तक धन लाभ की स्थिति बन सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


# दुमका में उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण




निज संवाददाता | दुमका

दुमका के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक तकनीकी संसाधनों की स्थिति की गहन समीक्षा की। नियमित रूप से किए जाने वाले इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि वेयरहाउस में रखे गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की सुरक्षा और संरक्षण में किसी भी प्रकार की चूक न हो और सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से कार्यरत रहें। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वेयरहाउस की विधि व्यवस्था से जुड़े तमाम पहलुओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने वेयरहाउस के प्रवेश द्वार से लेकर भीतर के प्रत्येक हिस्से की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा में लगे सशस्त्र बलों की तैनाती, उनकी सतर्कता और कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने यह स्पष्ट किया कि सुरक्षा में लगे सभी कर्मियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहना होगा, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी की संभावना को पहले ही रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की और कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, जहां से पूरे परिसर की निगरानी की जाती है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी कैमरे सही स्थिति में हों और उनका फुटेज नियमित रूप से सुरक्षित रखा जा रहा हो। विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था, बैकअप सुविधा और कंट्रोल रूम की स्वच्छता एवं प्रबंधन पर भी उपायुक्त ने विशेष ध्यान दिया। इसके अतिरिक्त अग्निशमन यंत्रों की स्थिति का भी आकलन किया गया।

उपायुक्त ने यह निर्देश दिया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी उपकरण कार्यशील और तैयार हालत में होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों और वेयरहाउस प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि न केवल बाहरी सुरक्षा पर ध्यान दें, बल्कि भीतरी तकनीकी और भौतिक सुरक्षा को भी समान रूप से सुदृढ़ बनाए रखें। निरीक्षण के अंत में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने उपस्थित अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी निष्ठा और सजगता के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा को लेकर कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि यहां रखे गए ईवीएम लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद हैं, जिनकी सुरक्षा सर्वोपरि है।

## एसडीओ के किया मंडल कारा का औचक निरीक्षण



निज संवाददाता | गोड्डा

सोमवार की देर शाम गोड्डा मंडल कारा में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से एक विशेष औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस निरीक्षण का नेतृत्व सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीओपी) बैद्यनाथ उरांव ने किया। उनके साथ जिले के कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। इस छापेमारी अभियान को पूरी तरह गोपनीय रखा गया था और पूर्व में इसकी कोई सूचना नहीं दी गई थी, ताकि जेल के अंदर की वास्तविक स्थिति को बिना किसी पूर्व तैयारी के देखा जा सके। निरीक्षण के दौरान जेल के विभिन्न वार्डों की बारीकी से तलाशी ली गई। बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में सभी कैदी वार्डों की सघन तलाशी की गई। तलाशी अभियान इस प्रकार से संचालित किया गया कि कोई भी कोना छूट न जाए। कैदियों के सामान, बिस्तर, आलमारियां, शौचालय तथा अन्य निजी उपयोग की वस्तुओं की जांच की गई, ताकि नशीले पदार्थ, मोबाइल फोन या अन्य किसी प्रकार के आपत्तिजनक सामानों की बरामदगी की जा सके। हालांकि, तलाशी के बाद किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक सामान मिलने की पुष्टि नहीं हुई है, जिससे जेल प्रशासन को फिलहाल राहत मिली है। इस दौरान विचाराधीन कैदियों से अधिकारियों ने अलग-अलग बातचीत भी की और जेल में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवहार, किसी प्रकार की परेशानी अथवा शिकायत आदि के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने कैदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान की दिशा में पहल का आश्वासन भी दिया। इस विशेष निरीक्षण में जेल अधीक्षक के साथ-साथ सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास, गोड्डा प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद जयसवाल, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा, सर्कल इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारी और दर्जनों पुलिसकर्मी शामिल थे। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में राज्य के विभिन्न जेलों में आपत्तिजनक वस्तुएं मिलने की खबरें सामने आती रही हैं, जिसके आलोक में गोड्डा मंडल कारा में यह औचक निरीक्षण विशेष महत्व रखता है।

# आवास योजना में तेज गति लाने को लेकर डीडीसी ने किया रात्रि चौपाल का आयोजन

निज संवाददाता | मेहरमा



मेहरमा प्रखंड के मधुरा पंचायत भवन में सोमवार की रात एक विशेष रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना में चल रही धीमी प्रगति की समीक्षा और उसमें तेजी लाना था। यह चौपाल उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गोड्डा उपायुक्त के निर्देश पर गठित विशेष टीम के तहत यह कार्यक्रम किया गया, ताकि जमीनी स्तर पर योजनाओं की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया जा सके और संबंधित लाभुकों से सीधी बातचीत कर समस्याओं का हल निकाला जा सके। इस चौपाल में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार, पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह, वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। रात्रि के समय आयोजित इस जनसंवाद कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने आवास योजना के लाभुकों से सीधे संवाद किया और उनसे उनके आवास निर्माण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। स्मिता टोप्पो ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन लाभुकों ने आवास योजना की पहली किस्त प्राप्त कर ली है, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं जिन लाभुकों ने कुछ हद तक निर्माण कार्य शुरू किया था और फिर बीच में ही बंद कर दिया, उन्हें भी निर्देश दिया गया कि वे शीघ्र अपना निर्माण कार्य पूर्ण करें अन्यथा प्रशासन को बाध्य होकर कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। डीडीसी ने यह भी कहा कि यह योजना गरीबों के लिए सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है और इसका उद्देश्य यह है कि कोई भी व्यक्ति बेघर न रहे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत रूप से लाभुकों से संपर्क कर उन्हें निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक गांव में कम से कम पांच नई योजनाएं शुरू की जाएं, ताकि स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर उत्पन्न हो सकें और मजदूरों को बाहर पलायन न करना पड़े। चौपाल के दौरान अन्य विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई और अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण करें। डीडीसी ने अधिकारियों से यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में योजनाओं की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हत्यारोपी शिक्षक को विभाग ने किया निलंबित

ठाकुरगंगटी (नि.सं.)। बोआरीजोर थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान तालू मुर्मू की हत्या के मामले में गिरफ्तार शिक्षक पर शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राजकीयकृत मध्य विद्यालय मंडरो में पदस्थापित प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष ठाकुर को सोमवार को बोआरीजोर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद शिक्षा विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सुभाष ठाकुर पर गंभीर आरोप है कि उन्होंने जमीन विवाद में ग्राम प्रधान की हत्या के लिए दो लाख रुपये की सुपारी देकर साजिश रची थी। बताया जा रहा है कि मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के फुलोलस्थी गांव निवासी ग्राम प्रधान तालू मुर्मू की हत्या एक सुनियोजित साजिश के तहत की गई थी, जिसके पीछे मास्टर माइंड सुभाष ठाकुर ही था। ग्राम प्रधान की पत्नी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर बोआरीजोर थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने छानबीन कर शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शिक्षक की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की और आरोपी शिक्षक को सेवा से निलंबित कर दिया।

# जिला स्थापना दिवस पर भव्य मुशायरा सह कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

निज संवाददाता | बसंतराय (गोड्डा)



जिले के 43वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बसंतराय मुख्यालय में साहित्यिक उत्सव का नजारा देखने को मिला, जब अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू झारखंड (जिला इकाई, गोड्डा) के तत्वावधान में भव्य मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए सैकड़ों साहित्यप्रेमी और ग्रामीणों की मौजूदगी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक थाना प्रभारी प्रेम मोहन झा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मो. रऊफ आज़ाद और जिला पार्षद मो. एहतेशाम उल हक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंच पर उर्दू और हिंदी साहित्य के कई दिग्गज शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं से ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मधुपुर से आईं मशहूर शायरा रौशन हबीबा रौशनी ने अपनी सुरीली आवाज और शेरों की गहराई से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं ख्यातिप्राप्त शायर सुशील साहिल ने जब सामाजिक व्यंग्य पर आधारित नज़्म "कुत्ते" पेश की, तो श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट सभागार में गूंज उठी। गोड्डा जिले के ही लोकप्रिय शायर नईमुद्दीन इबारत ने जब अपना कलाम सुनाया, तो हर दिल में उसका असर महसूस किया गया। शायर मुजाहिद के बेबाक और सटीक अशआरों ने भी खूब वाहवाही बटोरी। इसके अलावा मंच पर शायर कलीमुल्लाह परवाना, शम्स परवाना, तल्हा जिया, युवा कवि डॉ. राधेश्याम चौधरी, शकील शम्सी और आफताब आलम ने भी एक से बढ़कर एक शेर-ओ-शायरी पेश कर महफिल को रौनकदार बना दिया। इनकी रचनाओं ने जहां समाज की हकीकत बयां की, वहीं उम्मीद और बदलाव की रोशनी भी दिखाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू के जिला सचिव सुलेमान जहांगीर आज़ाद ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी शायर सुशील साहिल ने बखूबी निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मो. मुजाहिद उल इस्लाम मौजूद रहे।

## विद्या विहार के बच्चों ने 10वीं बोर्ड में सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

गोड्डा (नि.सं.)। विद्या विहार स्टडी सेंटर, गंगटा के नॉन-स्कूलिंग श्रेणी के छात्रों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सेंटर से कुल 11 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी और सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इनमें अनु कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। सुप्रिया मरांडी ने 79 प्रतिशत, सुस्मिता मरांडी और रवि रंजन ने 78 प्रतिशत, पल्लवी कुमारी ने 76 प्रतिशत, शिलम कुमारी ने 78 प्रतिशत, रोशनी मुर्मू ने 77 प्रतिशत, ज्योति मुर्मू ने 78 प्रतिशत और रोशनी मुर्मू (2) ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संध्या ने 69 प्रतिशत और लक्ष्मी कुमारी ने 68 प्रतिशत अंक हासिल किए। संस्थान के निदेशक आशीष कश्यप ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, सोचने की क्षमता और आगे बढ़ने का जज़्बा पैदा करना है।

# ललमटिया सामूहिक दुष्कर्म मामले का डालसा ने लिया संज्ञान

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले के ललमटिया क्षेत्र में हाल ही में घटित हुए सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इस गंभीर मामले में अब जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने संज्ञान लेते हुए पहल शुरू कर दी है। डालसा के सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर सोमवार को एक टीम को पीड़िता से मुलाकात कर घटनाक्रम की पूरी जानकारी लेने के लिए भेजा गया, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच के आधार पर पीड़िता को न्याय और मुआवजे की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा सके। डालसा की ओर से भेजी गई टीम में शामिल अधिकार मित्रों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे पीड़िता के साथ संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए पूरे घटनाक्रम की तथ्यपरक जानकारी जुटाएं, ताकि न सिर्फ पीड़िता को त्वरित कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा सके, बल्कि उसके पुनर्वास और मुआवजे की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो सके। डालसा ने यह भी साफ किया है कि वह इस प्रकार के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेती है और पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

टीम को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे पूरे मामले की सच्चाई तक पहुंचकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें और पीड़िता की मानसिक, शारीरिक व सामाजिक स्थिति का समुचित आंकलन कर आवश्यक कानूनी समर्थन उपलब्ध कराएं। ज्ञात हो कि यह मामला राजाभीठा थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां शनिवार को एक आदिवासी महिला के साथ चाकू की नोक पर जंगल में ले जाकर दो युवकों द्वारा बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया था। ग्रामीणों ने एक आरोपी सादिक अंसारी को मौके पर ही पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया और थाना परिसर में आक्रोशित भीड़ ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है, जबकि दूसरा आरोपी अब भी फरार है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। यह पहली बार नहीं है जब जिले में इस प्रकार की हृदयविदारक घटना सामने आई है। इससे पहले सुंदरपहाड़ी के घटियारी गांव में भी इसी वर्ष जनवरी-फरवरी के बीच पहाड़िया समुदाय की एक युवती के साथ यौन शोषण के बाद उसे नशा खिलाकर मौत के घाट उतार दिया गया था। उस मामले में भी दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उस घटना में भी डालसा ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए जिला प्रशासन और पुलिस को पत्र भेजकर मामले में उचित कार्रवाई और पीड़िता के परिवार को मुआवजा दिलाने की अनुशंसा की थी। इन घटनाओं ने न सिर्फ प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है, बल्कि समाज में महिला सुरक्षा को लेकर व्याप्त असुरक्षा के माहौल को भी उजागर किया है। डालसा की ओर से की जा रही पहल से उम्मीद की जा रही है कि पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा और ऐसे मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई से समाज में एक सख्त संदेश जाएगा।

# दो दिवसीय किशोरी सशक्तिकरण शिविर का समापन

निज संवाददाता | गोड्डा



जिले के सुन्दरपहाड़ी और बोआरीजोर प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में किशोरी सशक्तिकरण को लेकर आयोजित दो दिवसीय जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। साथी संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर से चयनित लगभग दो सौ पियर लीडरों ने भाग लिया, जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरी समूहों के साथ काम करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। समापन समारोह के दौरान संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कालेश्वर मंडल ने घोषणा की कि आने वाले दिनों में सुंदरपहाड़ी के कुसमाहा, तिलाबाद, करमाटांड तथा बोआरीजोर के बड़ा बोआरीजोर, जामुझरना और मेधी पंचायत में लगभग दो हजार किशोरियों के लिए विशेष समर कैंप का आयोजन किया जाएगा।

यह समर कैंप 'किशोरी उत्सव' के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें किशोरियां अपने-अपने गांवों में जागरूकता और रचनात्मक गतिविधियों को अंजाम देंगी। कालेश्वर मंडल ने कहा कि आने वाले दस दिनों तक पियर लीडर्स अपने गांवों में किशोरी समूहों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाएंगी, जिसमें अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों को भी जोड़ा जाएगा। इसके तहत बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर संवाद और जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके साथ ही गांवों में खेल गतिविधियों, रचनात्मक सत्रों और अधिकारों पर चर्चा के जरिए किशोरियों को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान पियर लीडर्स को संप्रेषण कला, समूह संचालन की विधि, नेतृत्व क्षमता तथा गांवों में सकारात्मक बदलाव लाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। प्रखंड समन्वयक अमर कुमार ठाकुर और सुबोध कुमार ने बताया कि पियर लीडर स्कूल से ड्रॉपआउट किशोरियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करेंगी और स्कूल खुलते ही उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ा जाएगा। शिविर में सहभागी पियर लीडरों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में बिभास चंद्र झा, रौशन कुमार, हेमकांत मुर्मू, महादेव पासवान, पिंकी बास्की, सुनीता मेरी एंजेला, जूलियस सहित कई समाजसेवी एवं प्रशिक्षक मौजूद थे।

## इंप्रूवमेंट इंस्टीट्यूट की आरती बनी मालिनी स्कूल की टॉपर

गोड्डा (नि.सं.)। जिले के शिवपुर स्थित इंप्रूवमेंट इंस्टीट्यूट की छात्रा आरती कुमारी ने मालिनी हाई स्कूल की परीक्षा में टॉप कर अपने माता-पिता, शिक्षकों और संस्थान का नाम रोशन किया है। अपनी इस उपलब्धि पर आरती ने बताया कि यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। संस्थान के संचालक रोहित सिंह ने आरती की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उनके संस्थान के छात्र मेहनती और अनुशासित हैं, जो हर वर्ष बेहतर परिणाम लाते हैं। उन्होंने कहा कि आरती ने पढ़ाई के प्रति गंभीरता दिखाई और समय का सदुपयोग करते हुए लगातार अभ्यास किया, जिसके चलते उसने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंप्रूवमेंट इंस्टीट्यूट के अन्य शिक्षकों—अभिषेक झा, जितेंद्र पंडित, सैफ और रोहित सिंह—ने भी सभी छात्रों के संतोषजनक प्रदर्शन पर खुशी जताई और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत नाइट ब्लड सर्वे शिविर का आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन गोड्डा के तत्वावधान में सोमवार की रात शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत विशेष नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां 20 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुषों एवं महिलाओं के कुल 52 रक्त नमूने एकत्र किए गए। फाइलेरिया जैसे घातक परजीवी जनित रोग की पहचान के लिए यह सर्वे रात्रि 8 बजे से 12 बजे के बीच किया गया, क्योंकि इस बीमारी के परजीवी इसी समय रक्त में सर्वाधिक सक्रिय होते हैं। शिविर के आयोजन को लेकर स्थानीय समुदाय की सहभागिता और जागरूकता उल्लेखनीय रही। खासकर महिला आरोग्य समिति की सक्रिय भूमिका के कारण लोग सहजता से शिविर में पहुंचे और बिना किसी झिझक के जांच में भाग लिया। शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर ने बताया कि आमतौर पर लोग रात में जल्दी सो जाते हैं और फाइलेरिया जैसी बीमारी के लक्षण लंबे समय बाद प्रकट होते हैं, इसलिए लोगों को इसके प्रति जागरूक करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। उन्होंने बताया कि यदि समुदाय का सहयोग न मिलता तो इस तरह की रात्री जांच संभव नहीं हो पाती। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि फाइलेरिया की पहचान और रोकथाम को लेकर लोगों में धीरे-धीरे जागरूकता बढ़ रही है। हेमंत कुमार, जो जिले के भीबीडी कंसलटेंट हैं, ने बताया कि अब ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोग फाइलेरिया के लक्षणों को पहचानने लगे हैं और समय रहते जांच कराने को लेकर गंभीर हो रहे हैं। यह सर्वे 26 मई से जिलेभर में चलाया जा रहा है, जिसमें हर ब्लॉक से एक सेंटिनल और एक रैंडम क्षेत्र को चुना गया है। शहरी क्षेत्र में 600 स्लाइड इकट्ठा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वार्ड नंबर 2 में आयोजित इस शिविर में एएनएम जयमाला कुमारी, रूपम कुमारी, प्रभात झा और प्रह्लाद कुमार ने तकनीकी रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर और जिला भीबीडी कंसलटेंट हेमंत कुमार भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिविर की संपूर्ण प्रक्रिया पर निगरानी रखी और यह सुनिश्चित किया कि सभी नमूनों को सही तरीके से एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाए।

# गोड्डा जिला कांग्रेस कार्यालय में पंडित नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सादगी से मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके विचारों, आदर्शों और देश के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंडित नेहरू केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा, विचारक, लेखक और आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने देश को वैज्ञानिक सोच, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र की मजबूत नींव दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सच्चिदानंद शाह ने पंडित नेहरू के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारत को औद्योगिक, तकनीकी और शैक्षणिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अद्वितीय कार्य किया। उन्होंने आईआईटी, इसरो, भाखड़ा नांगल जैसी परियोजनाओं की शुरुआत की जो आज भारत की प्रगति की पहचान हैं। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार झा, उपाध्यक्ष धर्मकांत दास, महासचिव कुंदन कुमार ठाकुर, प्रियव्रत झा और कार्यालय प्रभारी सोनी सिंह ने भी नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज जब देश को एकजुटता और समावेशी विकास की आवश्यकता है, तब नेहरू की सोच और दृष्टिकोण और भी प्रासंगिक हो गया है। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर शाह, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अमरेंद्र कुमार अमर सहित कई अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सभा के दौरान यह भी तय किया गया कि नेहरू के विचारों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए जिला कांग्रेस विभिन्न स्तरों पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाएगी, ताकि देश की नई पीढ़ी उनके योगदान और मूल्यों को समझ सके।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जूली को मिला गोल्ड मेडल

गोड्डा (नि.सं.)। जिले की बेटी जूली कुमारी ने 21वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता 26 और 27 मई को रांची के नामकुम स्थित आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में आयोजित की गई थी, जिसमें राज्यभर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जूली ने 56 किलोग्राम भारवर्ग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि गोड्डा जिले का नाम भी राज्य पटल पर रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर जिले भर में खुशी की लहर है। जिला वुशू एसोसिएशन के अध्यक्ष देवाशीष कुमार झा, कोषाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, शैलेश कुमार, मिनी हांसदा, मनीष कुमार और बांके बिहारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने जूली को इस सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वुशू एसोसिएशन के सचिव दीपक सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि जूली की यह उपलब्धि जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# एयरपोर्ट पर झारखंड के हाजियों से मिले मंत्री संजय यादव, देश की एकता व विकास के लिए मांगी दुआ

निज संवाददाता | गोड्डा/कोलकाता



झारखंड के श्रम, उद्योग एवं कौशल विकास मंत्री और गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव ने कोलकाता हज टर्मिनल पहुंचकर झारखंड के हज यात्रियों, विशेष रूप से गोड्डा जिले से जाने वाले हाजियों से मुलाकात की। इस भावनात्मक और आत्मीय मुलाकात के दौरान उन्होंने हाजियों को मुबारकबाद दी और कहा कि आप सब बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जिन्हें इस पवित्र यात्रा पर जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। हज सिर्फ धार्मिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मंत्री संजय यादव ने हाजियों से अपील की कि वे मक्का-मदीना में देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए दुआ करें। उन्होंने कहा, "झारखंड और गोड्डा की जनता की ओर से आपके लिए शुभकामनाएं हैं। आप लोग वहां से नेक दुआओं के साथ लौटें, यही हमारी कामना है।" इस दौरान मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि झारखंड सरकार द्वारा हाजियों की सुविधा के लिए नौ हज सेवकों को रवाना किया गया है, ताकि किसी को कोई कठिनाई न हो।

उन्होंने हज यात्रियों के ठहराव, खानपान और सफर की बेहतर व्यवस्था के लिए पश्चिम बंगाल सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सराहना की। कोलकाता एयरपोर्ट पर पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री गुलाम रब्बानी ने भी संजय यादव से भेंट की और झारखंड-बंगाल के आपसी समन्वय से हज व्यवस्था को और बेहतर बनाए जाने की बात कही। हज कोऑर्डिनेटर हाजी इकरारूल हसन आलम ने बताया कि सोमवार को दो फ्लाइटों के माध्यम से कुल 620 हज यात्री जद्दा के लिए रवाना हुए, जिनमें गोड्डा जिले के 35 हाजी शामिल हैं। झारखंड से कुल 1300 हज यात्री इस वर्ष हज यात्रा पर जा रहे हैं। अब तक अधिकांश उड़ानें पूर्ण हो चुकी हैं और केवल 141 हाजियों की अंतिम उड़ान बाकी है, जिसमें गोड्डा के 10 हाजी शामिल हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार



### बारिश के बाद मुंबई को राहत मिली, बारिश की उम्मीद के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई को आज सुबह लगातार हो रही बारिश से कुछ राहत मिली, जबकि भारतीय मौसम विभाग ने आज शहर के लिए फिर से बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुंबई में रात भर बारिश होती रही, लेकिन सुबह होते-होते इसकी तीव्रता काफी कम हो गई, जिससे निवासियों को कुछ देर के लिए रुकना पड़ा।

शहर में कहीं भी जलभराव की कोई खबर नहीं है, जो यात्रियों के लिए राहत की बात है। मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेन सेवाएं तीनों महत्वपूर्ण लाइनों - सेंट्रल, वेस्टर्न और हार्बर पर तय समय पर चल रही हैं।

रविवार मध्यरात्रि से सोमवार दोपहर के बीच शहर के कुछ हिस्सों में 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई, जिसके बाद भारतीय मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान को रेड अलर्ट में अपग्रेड किया, जिसमें मुंबई के साथ-साथ पड़ोसी जिलों ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी में गरज और तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी गई।

सप्ताहांत में शहर में हल्की से मध्यम बारिश रविवार रात को भारी बारिश में बदल गई। दिन भर बारिश जारी रहने के कारण उपनगरीय ट्रेन सेवाओं के साथ-साथ सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ और शहर के कई इलाकों में जलभराव की खबरें आईं। एक भूमिगत स्टेशन के पानी से भर जाने के बाद मेट्रो लाइन पर परिचालन निलंबित कर दिया गया।

### गर्मी की छुट्टियों के बाद सुप्रीम कोर्ट में नजर आ सकते हैं तीन नए जज, कॉलेजियम ने की सिफारिश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने तीन उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत करने की संस्तुति की। अनुशंसित नामों में न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, जो वर्तमान में कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, जो गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर, जो बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं, शामिल हैं। न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, जिन्होंने अगस्त 1988 में गुजरात उच्च न्यायालय से अपना कानूनी करियर शुरू किया था, संवैधानिक, सिविल और श्रम कानून में उनकी व्यापक पृष्ठभूमि है। उन्हें 2011 में गुजरात उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और दो साल बाद वे स्थायी न्यायाधीश बन गए। 2024 में, उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, जो 1989 में स्नातक हैं, ने अपना अधिकांश करियर राजस्थान उच्च न्यायालय में बिताया है, जहाँ उन्होंने सिविल, आपराधिक और संवैधानिक कानून के कई मामलों को संभाला है। इसके अलावा, उन्होंने 2000 से 2004 के बीच विभिन्न राज्य विभागों का प्रतिनिधित्व करते हुए अतिरिक्त केंद्र सरकार के स्थायी वकील के रूप में कार्य किया। न्यायमूर्ति बिश्नोई फरवरी 2024 में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने।

न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर, 1988 से अधिवक्ता हैं, उन्होंने 1992 में नागपुर जाने से पहले मुंबई में वकालत की थी। विविध कानूनी पृष्ठभूमि के साथ, उन्हें 2013 में बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। अपने न्यायिक करियर के अलावा, न्यायमूर्ति चंदुरकर एक कुशल लेखक भी हैं, जिन्होंने महाराष्ट्र के नगरपालिका और किराया नियंत्रण कानूनों पर कानूनी किताबें लिखी हैं।

# राजस्थान बोर्ड मूल्यांकन में लापरवाही, गोपनीयता भंग पर 4 शिक्षक सस्पेंड! दो पर तीन साल की रोक

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने और गोपनीयता भंग करने के मामले में शिक्षा निदेशालय ने कड़ी कार्रवाई करते हुए चार शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। साथ ही दो शिक्षकों को आगामी तीन वर्षों तक किसी भी प्रकार के मूल्यांकन कार्य से भी वंचित कर दिया गया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने सोमवार देर रात आदेश जारी किए।




### पहला मामला अलवर से सामने आया

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर के वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश सैनी को बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा 2025 के गणित विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सौंपा गया था। लेकिन उन्होंने मूल्यांकन के दौरान गोपनीयता नियमों का उल्लंघन करते हुए उत्तर पुस्तिकाएं इंटर्न छात्रों के समक्ष खुली छोड़ दीं। यही नहीं, विद्यालय की हिन्दी साहित्य की व्याख्याता मीनाक्षी अरोड़ा ने उन उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर दी, जिससे पूरे मूल्यांकन की गोपनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### डीडवाना-कुचामन क्षेत्र से दूसरा मामला

इसी तरह संस्कृत विषय की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में भी गंभीर लापरवाही का मामला उजागर हुआ है। रा.उ.मा.वि., बागोट (डीडवाना-कुचामन) के वरिष्ठ शिक्षक भवरूद्दीन को मूल्यांकन कार्य सौंपा गया था, लेकिन उन्होंने यह कार्य स्वयं करने की बजाय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, निम्बड़ी (मकराना) के शिक्षक प्रदीप कुमार शर्मा और उनके पिता की मदद से उत्तर पुस्तिकाओं की केजिंग करवाई। यह स्पष्ट रूप से परीक्षा मूल्यांकन के नियमों का उल्लंघन था। इस गंभीर लापरवाही के चलते भवरूद्दीन और प्रदीप कुमार शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, दोनों को तीन वर्ष के लिए परीक्षक कार्य से भी वंचित कर दिया गया है।

### शिक्षा निदेशालय ने दिया सख्त संदेश

शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने साफ किया है कि परीक्षा मूल्यांकन कार्य अत्यंत संवेदनशील और गोपनीय प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई उन सभी शिक्षकों के लिए चेतावनी है, जो अपने दायित्वों को हल्के में लेते हैं। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने मूल्यांकन कार्य की निगरानी और पारदर्शिता पर एक बार फिर ध्यान खींचा है। बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में ऐसे मामलों पर और अधिक सख्त निगरानी रखी जाएगी।

### जगन्नाथ मंदिर से जुड़े विशिष्ट शब्दों और 'लोगो' का पेटेंट करा रहा है ओडिशा

**पुरी, एजेंसी।** दीघा मंदिर को धाम नाम देने को लेकर पश्चिम बंगाल के साथ चल रहे विवाद के मद्देनजर, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति ने सोमवार को ओडिशा में 12वीं शताब्दी के मंदिर से जुड़े कुछ शब्दों और 'लोगो' का पेटेंट कराने का फैसला किया। पुरी के गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब की अध्यक्षता में समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढी, पुरी जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन, पुरी के पुलिस अधीक्षक विनीत अग्रवाल और पदेन सदस्य शामिल हुए। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक पाढी ने संवाददाताओं से कहा, एसजेटीए जल्द ही महाप्रसाद (भोग), श्रीमंदिर (मंदिर), श्री जगन्नाथ धाम (स्थान), श्रीक्षेत्र (स्थान) और पुरुषोत्तम धाम (स्थान) जैसे शब्दों के पेटेंट के लिए आवेदन करेगा। इस संबंध में एक प्रस्ताव को एसजेटीएमसी द्वारा मंजूरी दे दी गई है। पाढी ने कहा कि जगन्नाथ मंदिर से संबंधित विशिष्ट शब्दों और 'लोगो' का पेटेंट कराना पुरी मंदिर की सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक पहचान की रक्षा के लिए एक कानूनी उपाय के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा, इससे 12वीं शताब्दी की मूल आध्यात्मिक पहचान के दुरुपयोग और इसकी शब्दावली के अनधिकृत उपयोग को रोकने में मदद मिलेगी। जगन्नाथ धाम शब्द के कथित दुरुपयोग को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार के साथ चल रहे विवाद के बारे में पाढी ने कहा कि इस मामले का हल राज्य सरकारों द्वारा किया जाएगा। देब ने कहा, पश्चिम बंगाल सरकार दीघा स्थित अपने मंदिर के लिए जगन्नाथ धाम शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकती। यह हिंदू धर्मग्रंथों और भगवान जगन्नाथ की सदियों पुरानी परंपरा के खिलाफ है।

## एआई वीडियो में ट्रंप को देख झांसे में आया कर्नाटक का वकील, स्कीम के नाम पर लाखों की चपत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर कर्नाटक के एक वकील से लाखों की धोखाधड़ी हो गई। ठगों ने एक फर्जी निवेश योजना का लालच देकर पीड़ित को लगभग 6 लाख रुपए का चूना लगा दिया। हैरानी की बात यह है कि इस स्कीम का प्रचार एआई से तैयार किए गए एक फर्जी वीडियो के जरिए किया गया था, जिसमें ट्रंप खुद निवेश के बदले भारी मुनाफा देने का दावा कर रहे थे।






जानकारी के अनुसार, पीड़ित वकील ने 6 मई को हावेरी सेंट्रल क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि जनवरी में उन्होंने यूट्यूब पर डोनाल्ड ट्रम्प होटल किराया नामक एक वीडियो देखा, जिसमें बताया गया कि अगर वह एक खास मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसमें निवेश करेंगे, तो उन्हें 3 प्रतिशत दैनिक रिटर्न मिलेगा।

**ठगों से कैसे दिया झांसा:** शुरुआत में 1500 रुपए निवेश करने पर वकील को कुछ रिटर्न मिला, जिससे उसका भरोसा बढ़ा। इसके बाद उन्होंने 25 जनवरी से 4 अप्रैल के बीच 5,93,240 रुपए विभिन्न बैंक खातों, यूपीआई और डिजिटल वॉलेट्स के ज़रिए भेज दिए। लेकिन कुछ समय बाद न रिटर्न मिला, न पैसा वापस आया।

**पुलिस की जांच में क्या निकला:** पुलिस जांच में सामने आया है कि यह पूरा मामला फर्जी लिंक और एआई वीडियो के जरिए ठगी का है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, जहां पैसा ट्रांसफर किया गया था उस बैंक खाते से 1.5 लाख रुपए की राशि फ्रीज़ कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील करते हुए कहा, ट्रंप होटल रेंटल जैसी स्कीम के नाम पर पूरे देश में करोड़ों रुपये की ठगी हो चुकी है। आम जनता से अनुरोध है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और लालच में न आएं।

## पुरी में बड़ा हादसा, समुद्र में पलटी नाव, बाल-बाल बचे सौरव गांगुली के भाई-भाभी

**पुरी, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के भाई और भाभी स्नेहाशीष और अर्पिता गांगुली की नाव रविवार को ओडिशा में समुद्र में पलट गई। यह घटना ओडिशा के पुरी में जल क्रीड़ा गतिविधि के दौरान हुई। अर्पिता गांगुली ने नाव के वाहक और संचालकों को दोषी ठहराया और कहा कि नाव में कम लोग होने के कारण नाव समुद्र में पलट गई, जिसके बाद लाइफगार्ड ने उसे बचा लिया। इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियो में पर्यटकों को बचाने के लिए रबर फ्लोट का इस्तेमाल किया जा रहा था।



समुद्र पहले से ही बहुत उग्र था। नाव पर 10 लोगों की क्षमता थी, लेकिन पैसे के लालच में उन्होंने केवल तीन से चार लोगों को ही सवार होने दिया। यह उस दिन समुद्र में जाने वाली आखिरी नाव थी। हमने समुद्र में जाने को लेकर चिंता जताई थी, लेकिन संचालकों ने हमें बताया कि यह ठीक है, अप्रिता गांगुली ने घटना के बारे में बताया। घटना के बाद थोड़ी स्तब्ध और स्तब्ध दिख रहीं गांगुली ने आगे बताया कि जैसे ही वे समुद्र में गईं, नाव पर एक बड़ी लहर ने हमला किया, जिससे नाव पर और भी ज़्यादा असर पड़ा, क्योंकि नाव पर पहले से ही कम लोग सवार थे। अगर लाइफगार्ड नहीं आते, तो हम बच नहीं पाते। मैं अभी भी सदमे में हूं...मैंने कभी इस तरह की घटना का सामना नहीं किया। अगर नाव पर और लोग होते, तो शायद नाव पलटती नहीं। उन्होंने तटीय क्षेत्र के आसपास के संचालकों और अधिकारियों की थोड़ी और जांच करने की मांग की, खासकर देश के कई हिस्सों में प्री-सीजन मानसून के चलते। अधिकारियों को यहां इन खेलों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। पुरी बीच पर समुद्र बहुत ही उथल-पुथल भरा है। मैं कोलकाता वापस जाने के बाद पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री को पत्र लिखूंगी, जिसमें उनसे यहां जल-खेलों को रोकने के लिए कहा जाएगा

## संभल सांसद जियाउर्रहमान ने कोर्ट में मान ली गलती, जुर्माना देने को भी तैयार

**संभल, एजेंसी।** यूपी की संभल सीट से सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क बिना नक्शा पास बने मकान के मामले में अब बैक फुट पर हैं। वह इस मामले में जुर्माना देने को तैयार हैं। इसके लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र भी दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब तीन जून को होगी। बता दें कि संभल के मोहल्ला दीपा सराय में बने इस मकान को लेकर सांसद के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर पहले ही यह स्वीकार कर लिया था कि मकान बिना नक्शा पास कराए बनाया गया है। उन्होंने एसडीएम कोर्ट से जारी 19 अप्रैल के वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर नगर पालिका रिकॉर्ड में अपना नाम पूर्व सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क की जगह दर्ज कराने की भी मांग की है।



इसके साथ ही उन्होंने नक्शा पास कराने के लिए एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर विलंब शुल्क के साथ नक्शा पास कराने की मांग की थी। जबकि कोर्ट का कहना था कि नक्शा पास कराने के लिए पिता कैसे आवेदन कर सकते हैं जबकि उनके नाम पर अभी मकान है ही नहीं।

**सोमवार को हुई सुनवाई, अब आगे क्या?:** बिना नक्शा पास कराए सपा सांसद जियाउर्रहमान के मकान निर्माण के मामले में सोमवार को एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा की कोर्ट में एक बार फिर सुनवाई हुई। सांसद की ओर से पेश हुए वकील ने मकान को शमन प्रक्रिया के तहत वैध कराने के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। एसडीएम ने यह समय सीमा तय करते हुए अगली सुनवाई की अंतिम तारीख 3 जून निर्धारित कर दी है।

सांसद के वकील ने कोर्ट में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में कहा कि वे मकान के शमन मानचित्र को स्वीकृत कराकर शमन शुल्क अदा करने के लिए तैयार हैं। ऐसे में शमन मानचित्र पत्रावली दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाना न्यायोचित होगा। एसडीएम से मांग की गई कि पत्रावली तैयार करने और शुल्क जमा करने हेतु 3 जून तक का समय दिया जाए। एसडीएम वंदना मिश्रा ने जानकारी दी कि विनियमित क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए निर्माण को लेकर पहली बार 5 दिसंबर को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद सांसद पक्ष को जवाब देने के लिए कई अवसर दिए गए, लेकिन हर बार केवल समय की मांग की जाती रही। दिसंबर से अप्रैल 2024 के बीच दस से अधिक बार सुनवाई की तिथियां बढ़ाई गईं। साथ ही, इस दौरान 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। मामले की अंतिम सुनवाई के लिए पहले 14 मई की तारीख तय की गई थी, लेकिन उस दिन भी सांसद पक्ष ने समय मांगा। इसके बाद 26 मई को अंतिम सुनवाई की बात कही गई, परंतु एक बार फिर सांसद की ओर से समय मांगे जाने के चलते अब 3 जून की तारीख दी गई है।

### नेशनल हाईवे के किनारे मिली यूपी पुलिस के दरोगा की लाश, पास में पड़ी थी मोटरसाइकिल

**ललितपुर, एजेंसी।** यूपी के ललितपुर में नेशनल हाईवे के किनारे यूपी पुलिस के दरोगा की लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। दरोगा का शव संदिग्ध परिस्थितयों में मिलने की सूचना पर जिले में हड़कंप मच गया है। एसपी मोहम्मद मुश्ताक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर दौड़े-दौड़े घटनास्थल पर पहुंचे। दरोगा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



जिस दरोगा की लाश मिली है उनका नाम जितेंद्र सिंह था। वह ललितपुर की बिरधा चौकी के इंचार्ज थे। घटनास्थल ललितपुर कोतवाली सदर के अंतर्गत आता है। यहां से गुजर रहे राहगीरों को ललितपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाईवे) के किनारे शव और एक मोटरसाइकिल पड़ी दिखाई दी। लोगों ने पास जाकर देखा तो पिस्टल, पानी की बोतल और हेलमेट दिखाई पड़ा। थोड़ी ही देर में कुछ लोगों ने उनके बिरधा चोकी इंचार्ज जितेन्द्र सिंह होने की आशंका जाहिर की। लोगों ने तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी। दरोगा की लाश नेशनल हार्हवे के किनारे पड़ी होने की सूचना मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस कर्मियों ने जिले के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही एसपी मोहम्मद मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अजय और कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे। इन अफसरों ने घटनास्थल का जायजा लिया और चौकी इंचार्ज के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक चौकी इंचार्ज बिरधा चौकी की ओर जा रहे थे। इस संबंध में पुलिस अफसरों ने फिलहाल कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। चौकी इंचार्ज की संदिग्ध मौत की गहनता से जांच की जा रही है। घटना के सभी पहलुओं की जांच-पड़ताल की जा रही है। दरोगा की इस तरह मौत की घटना ने क्षेत्र के ग्रामीणों को भी हैरत में डाल दिया है।

## मुंबई में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुंबई के वडाला इलाके का है। मृतक की पहचान इस्माइल अली जमाल अली शेख (36) के रूप में हुई है। मुंबई के एंटॉप हिल के बंगाली पुरा इलाके में 36 वर्षीय व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। कथित तौर पर शेख की पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर उस पर चाकू से कई बार हमला किया। एंटॉप हिल पुलिस ने हत्या के मामले में उसकी पत्नी सुमाया शेख (26) और उसके प्रेमी जब्बार शेख को गिरफ्तार किया है।

एंटॉप हिल पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस्माइल को अपनी पत्नी और जब्बार के बीच संबंध का पता चल गया था, जिसके कारण सोमवार रात को दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और सुबह करीब 3 बजे झगड़ा और भी बढ़ गया। तभी आरोपी महिला ने अपने प्रेमी जब्बार को अपने घर बुलाया और अपने पति के पैर पकड़ लिए, जबकि जब्बार ने एक धारदार हथियार से इस्माइल की गर्दन पर कई बार वार किया। प्रेमी के हमले के बाद आरोपी महिला ने भी चाकू से अपने पति पर कई बार वार किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला सुमाया ने अपने पति के खून से लथपथ शव को घर के बाहर घसीटा और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। दावा किया कि किसी और ने उसके पति की हत्या कर दी। हालांकि, पुलिस को कड़ाई से पूछताछ के दौरान उसके बयानों से संदेह पैदा हुआ और उसे आगे की जांच के लिए हिरासत में ले लिया गया। महिला का प्रेमी जब्बार शेख हत्या के बाद मौके से भाग गया था, लेकिन बाद में उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया है और एंटॉप हिल पुलिस स्टेशन ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# राज्यसभा में बढ़ने वाली है विपक्ष की ताकत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने सोमवार को 8 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव का ऐलान कर दिया। इन सीटों पर चुनाव से विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन की ताकत में दो सीटों का इजाफा हो सकता है। 19 जून को होने वाले चुनाव में तमिलनाडु की 6 सीटों के लिए मतदान होना है तो वहीं असम की दो सीटों के लिए भी वोटिंग होनी है। ये सीटों राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट के चलते खाली हो रही हैं। तमिलनाडु के 6 सदस्य जुलाई में रिटायर

### 8 सीटों के चुनाव से बदल जाएगा समीकरण

होंगे, जबकि असम के दो सदस्यों का जून महीने में कार्यकाल समाप्त हो रहा है। तमिलनाडु में जिन 6 सीटों पर इलेक्श होना है, उनमें से तीन पर अब तक डीएमके के सदस्य थे। इसके अलावा तीन सीटों पर पीएमके, एआईएडीएमके और एमडीएमके के मेंबर सांसद थे। फिलहाल तमिलनाडु विधानसभा का जो समीकरण है, उसके हिसाब से डीएमके का नंबर तीन से 4 हो सकता है। इसके अलावा यदि कांग्रेस के साथ सहमति बनी तो फिर डीएमके एक सीट उसे भी दे सकती है। ऐसा होने पर भी विपक्षी ढ्ढह्लष्ठढ्ढ गठबंधन के खाते में ही एक और सीट जाएगी। इसी तरह असम के आंकड़ों को देखते हुए भी विपक्ष के खाते में एक सीट का इजाफा हो सकता है। फिलहाल जो मेंबर रिटायर हो रहे हैं, वे भाजपा और असम गण परिषद के सदस्य हैं। लेकिन विधानसभा का जो समीकरण है, उस लिहाज से चुनाव की स्थिति में एक सीट भाजपा को मिलेगी तो वहीं एक अन्य सीट कांग्रेस या फिर उसके सहयोगी को मिल सकती है। इस तरह चुनाव के बाद राज्यसभा में विपक्ष की सीटें 91 हो सकती हैं, जो अभी 89 ही हैं। इसके अलावा एनडीए की सीटें जो फिलहाल 128 हैं, वे घटकर 126 ही रह सकती हैं। बता दें कि हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में चुनावी हार के बाद विपक्ष के लिए यह राहत भरी खबर होगी। दरअसल कई राज्यों के चुनावों में लगातार कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को मात झेलनी पड़ी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com




भारतीय सेना के लिए बीसीसीआई कर रहा स्पेशल इवेंट

# आईपीएल क्लोजिंग सेरेमनी ऑपरेशन सिंदूर के नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी भारतीय सशस्त्र बलों के लिए समर्तित रहेगी. इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को सम्मान किया जाएगा. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घोषणा की है कि आगामी आईपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी को भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान में समर्पित किया जाएगा. यह सेरेमनी 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगी. जहां आईपीएल का फाइनल खेला जाएगा इस पहल का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ भारतीय सेना की सफल कार्रवाई को सम्मान देना है.

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया- हम बीसीसीआई की ओर से हमारे वीर सैनिकों की बहादुरी, हिम्मत और निःस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं. ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारे जवानों ने जो बहादुरी दिखाई है, वो देश को सुरक्षित रखने के साथ-साथ हम सभी को प्रेरित भी करती है.

इसी सम्मान में हमने फैसला किया है कि आईपीएल 2025 के समापन समारोह को सेना को समर्पित करेंगे और हमारे सैनिकों को सम्मानित करेंग. क्रिकेट भले ही देश का सबसे पसंदीदा खेल है, लेकिन देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा सबसे ऊपर है. गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए किए थे. इस हमले के बाद आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था.

# सूर्यकुमार ने आईपीएल 2025 में रचा इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सूर्या ने 2025 के सीजन में 14 बार 25+ रन बनाए, जो आईपीएल इतिहास में किसी भी बल्लेबाज का सर्वोच्च प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन (2018) और शुभमन गिल (2023) के नाम था, जिन्होंने 13-13 बार यह कारनामा किया था।

सूर्या की इस उपलब्धि में उनकी 171.68 की स्ट्राइक रेट और 640 रनों का योगदान शामिल है, जो मुंबई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन भी है। जयपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ 57 रनों की पारी ने उनके रिकॉर्ड को और चमकाया। सूर्या की निरंतरता ने मुंबई को प्लेऑफ तक पहुंचाया और प्रशंसकों का दिल जीता। पहली पारी खत्म होने के बाद सूर्यकुमार यादव ने पिच पर बात करते हुए कहा कि यह चुनौतीपूर्ण थी। पेसरों, स्पिनरों के साथ यह थोड़ा चिपचिपा लग रहा था। मुझे लगता है कि हार्दिक और नमन ने जिस तरह से शुरुआत से बल्लेबाजी की, उससे हम 10-15 रन कम रह गए।

तेज गति और अच्छी सीम अप डिलीवरी बल्लेबाजों के लिए एक चुनौती होगी। इस विकेट के लिए हमारे पास अच्छा स्कोर है, यह एक चुनौती होगी। मेरा पसंदीदा शॉट स्वीप और स्क्वायर लेग पर फ्लिक रहे हैं।



# हमने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है : पंजाब किंग्स के मुख्य कोच पोंटिंग

**जयपुर, एजेंसी।** पंजाब किंग्स की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि टीम ने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है और एक दशक से अधिक समय में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना अभी आधा-अधूरा काम है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। पोंटिंग ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'मुझे लगता है कि यह स्पष्ट हो गया है कि यह वास्तव में एक प्रतिभाशाली टीम है जो सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

# रोहित -विराट के बाद अब इस भारतीय खिलाड़ी ने कर दिया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए आईपीएल 2025 के बाद इंग्लैंड रवाना होगी, जिसके लिए बीसीसीआई ने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. विराट कोहली और रोहित शर्मा इस दौरे से पहले टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके हैं. शुभमन गिल की कप्तानी में एक युवा टीम इंग्लैंड जाएगी. इस बीच एक और भारतीय क्रिकेटर ने अपने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए भावुक पोस्ट शेयर किया.

डोमेस्टिक क्रिकेट में गुजरात के लिए खेलने वाले प्रियांक पांचाल ने 35 साल की उम्र में फर्स्ट क्लास क्रिकेट को अलविदा कह दिया. उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 8 हजार से अधिक रन बनाए. सलामी बल्लेबाज प्रियांक ने डोमेस्टिक क्रिकेट में 250 से अधिक मैच खेले. साल 2021 में प्रियांक को भारतीय टीम में चुना गया था. साउथ अफ्रीका दौरे पर उन्हें रोहित शर्मा के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया था लेकिन उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिल सका था.

## प्रियांक पांचाल डोमेस्टिक करियर

गुजरात और वेस्ट जोन से खेलने वाले प्रियांक ने 127 फर्स्ट क्लास मैचों में 45.18 की एवरेज से 8856 रन बनाए. इसमें 29 शतक और 34 अर्धशतक हैं. फर्स्ट क्लास में उनके नाम 16 विकेट भी हैं. 97 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 3672 रन और 59 टी20 मुकाबलों में 1522 रन बनाए हैं. लिस्ट ए में उनके नाम 8 शतक और 21 अर्धशतक हैं.



## प्रियांक पांचाल ने शेयर किया भावुक पोस्ट

उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा करते हुए लिखा, बड़े होते हुए, हर कोई अपने पिता को देखता है, उन्हें आदर्श मानता है, प्रेरित होता है, और उन्हें प्रभावित करने की कोशिश करता है, मैं भी इससे अलग नहीं था. मेरे पिता मेरे लिए लंबे समय तक ताकत का स्रोत रहे, उन्होंने मुझे जो ऊर्जा दी, उससे मैं अभिभूत हूं, जिस तरह से उन्होंने मुझे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया, एक अपेक्षाकृत छोटे शहर से उठकर एक दिन भारत की कैप पहनने की आकांक्षा रखने का साहस किया. वह बहुत पहले हमें छोड़कर चले गए, और यह एक ऐसा सपना था जिसे मैं लगभग दो दशकों तक, हर सीजन में, आज तक अपने साथ लेकर चलता रहा. मैं, प्रियांक पांचाल, तत्काल प्रभाव से प्रथम श्रेणी क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं. यह एक भावनात्मक क्षण है. यह एक समृद्ध क्षण है. और यह एक ऐसा क्षण है जो मुझे बहुत कृतज्ञता से भर देता है.



# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट की रोमांचक शुरुआत, कार्लसन की सटीकता के आगे गुकेश को मिली हार

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी।** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट की शुरुआत बेहद शानदार रही। पहले ही दिन खेले गए मुकाबले बहुत रोमांचक थे। यह टूर्नामेंट इस साल का सबसे प्रतीक्षित शतरंज मुकाबला माना जा रहा है।

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डोम्मराजू के बीच मुकाबला बेहद कड़ा रहा। सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने आखिरी चरण में अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया। समय की कमी के कारण गुकेश से एक चूक हो गई, और कार्लसन ने खेल को अपने पक्ष में सटीक रूप से समाप्त किया। एक और दिलचस्प मुकाबला अमेरिका के दो दिग्गजों, हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच हुआ। नाकामुरा ने खेल के दौरान ड्रॉ (बराबरी) का प्रस्ताव दिया था, लेकिन कारुआना ने उसे ठुकरा दिया। अंत में नाकामुरा ने काले मोहरों से खेलते हुए यह मैच जीत लिया।

वेई यी और अर्जुन एरिगैसी का मुकाबला सबसे पहले समाप्त हुआ, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक दमदार गेम हुआ, जिसमें अर्जुन ने वेई यी के दबाव को अच्छे से झेला और जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में भी जबरदस्त मुकाबले हुए। भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की इकलौती निर्णायक जीत दर्ज की। हम्पी ने शांत और सटीक खेल दिखाते हुए अंतिम चरण में वैशाली की गलती का फायदा उठाया। बाकी दो मुकाबले - अन्ना मुझिचुक बनाम सरसादात खादेमालशारिह और लेई टिंगजी बनाम जू वेनजुन बराबरी पर खत्म हुए। बाद में हुए 'आर्मागेडन' गेम्स में अन्ना और लेई टिंगजी ने अपने-अपने मैच जीतकर दिन का समापन जीत के साथ किया।

इस साल के नार्वे शतरंज लाइनअप में बड़े नाम शामिल हैं - विश्व चैम्पियन गुकेश डोम्मराजू, विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन, फैबियानो कारुआना, हिकारू नाकामुरा, अर्जुन एरिगैसी और वेई यी। महिला वर्ग में विश्व चैम्पियन जू वेनजुन, लेई टिंगजी, हम्पी कोनेरू, अन्ना मुझिचुक, वैशाली रमेशबाबू और सरसादत खादेमालशारिह शामिल हैं।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप:

# जेवलिन थ्रोवर नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में भारत का ये दिग्गज खिलाड़ी पाकिस्तान के अरशद नदीम को देगा चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में मंगलवार से शुरू हुई एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के उभरते हुए सितारे सचिन यादव और अन्य एथलीट अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हैं। इस प्रतियोगिता में भारत की नजरें न केवल पदक पर हैं, बल्कि विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर भी टिकी हैं। इस बार, स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में 25 वर्षीय साचिन यादव भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे।

सचिन यादव, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.39 मीटर है, अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी, पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ उतरेंगे। अरशद ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, साचिन का कहना है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वियों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। मैं केवल अपनी



ट्रेनिंग और प्रदर्शन पर ध्यान दे रहा हूँ। मेरा लक्ष्य 85.50 मीटर की विश्व चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन दूरी को पार करना है, सचिन ने बताया।

सचिन के साथ-साथ भारत के यश वीर सिंह भी भाला फेंक में अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। यश का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.13 मीटर और सीजन का सर्वश्रेष्ठ 80.85 मीटर है। हालांकि, उन्हें पोडियम पर जगह बनाने के लिए असाधारण प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका के सुमेधा रणसिंघे (85.78 मीटर) और रुमेश थरंगा पथिरंगे (85.41 मीटर) जैसे खिलाड़ी भी इस स्पर्धा में कड़ी चुनौती पेश करेंगे।

### मध्यम दूरी में भारत की मजबूत दावेदारी

मध्यम दूरी की दौड़ में भारत का दबदबा कायम है। अविनाश साबले, परुल चौधरी और गुलवीर सिंह इस बार भारत की पदक उम्मीदों के केंद्र में हैं। अविनाश साबले, जिन्होंने 2023 एशियाई खेलों में 3,000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण जीता था, इस बार भी प्रबल दावेदार हैं।

उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, जापान के रियुजी मिउरा इस स्पर्धा में हिस्सा नहीं ले रहे, लेकिन जापान के रियोमा आओकी से उन्हें कड़ी टक्कर मिल सकती है। साबले का इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ समय 8:22.59 रहा है।

# फ्रेंच ओपन: डेनियल अल्टमायर ने पहले दौर में टेलर फ्रिट्ज को हराया

**पेरिस, एजेंसी।** जर्मनी के डेनियल अल्टमाइर ने फ्रेंच ओपन का पहला बड़ा उलटफेर कर दिया। उन्होंने पहले दौर में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को हराया। विश्व के 66वें नंबर के खिलाड़ी डेनियल अल्टमायर ने फ्रिट्ज को चार सेटों में 7-5, 3-6, 6-3, 6-1 से हराया। कोर्ट में अपने तेज शॉट्स के लिए जाने जाने वाले अल्टमायर ने दो घंटे, 41 मिनट के मुकाबले में साहस के साथ खेला। उनके खेल में आक्रामकता, नियंत्रण और बुद्धिमत्ता का मिश्रण था जिसने फ्रिट्ज जैसे दिग्गज को भी धराशाई कर दिया। मैच के बाद अल्टमायर ने कहा, यह बहुत खास था, मैं पिछले कुछ हफ्तों से आत्मविश्वास हासिल करने और इस तरह के मैचों के लिए तैयार होने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं किसी का भी सामना करने के लिए तैयार हूं। 26 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी ने पेरिस के क्ले कोर्ट पर अपनी क्षमता पहले भी दिखाई थी। वह 2020 में चौथे राउंड तक पहुंचे थे। सोमवार की जीत रोलां गैरो में उनके करियर की तीसरी बड़ी जीत थी। वहीं, 2020 में माटेओ बेरेटिनी को और 2023 में जैनिक सिनर को हराने के बाद शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों के खिलाफ उनकी कुल पांचवीं जीत थी। मैच का सबसे अहम समय चौथे सेट में अल्टमायर का दबदबा था, जहां उन्होंने दो ब्रेक सर्व के साथ बढ़त हासिल की। एक विशेष रूप से आश्चर्यजनक रैली विजेता के इनसाइड-आउट फोरहैंड के साथ समाप्त हुई। यहीं फ्रिट्ज चूक गए।



## बीसीसीआई पर भड़के वीरेंद्र सहवाग

# गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए पिछले हफ्ते टीम की घोषणा की गई। शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी मिली। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद कई अटकलों के बीच जसप्रीत बुमराह को विकल्प के रूप में देखा जा रहा था और गिल की घोषणा ने कुछ लोगों को चौंका दिया जिसमें एक नाम पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग का भी है। सहवाग ने बीसीसीआई के इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि शुभमन गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते। सहवाग ने कहा, वह दूसरा सबसे अच्छा विकल्प था। लेकिन जो प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठता, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है?

इसलिए मुझे लगता है कि यहां तर्क यह था कि उन्होंने देखा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प कौन था, और वह गिल थे और ऐसा ही हुआ। दूसरी ओर सहवाग बुमराह को अतिरिक्त जिम्मेदारी न देने के लिए चयनकर्ताओं से सहमत थे। हालांकि वह





तिवारी से असहमत थे और उन्होंने गिल को तीसरा सबसे अच्छा विकल्प बताया, न कि दूसरा। उन्होंने कहा, एक सीरीज के लिए बुमराह ठीक हैं। लेकिन एक दीर्घकालिक विकल्प के रूप में आपको यह पूछने की जरूरत है कि अगर भारत एक साल में 10 टेस्ट खेलता है, तो क्या वह उन सभी मैचों में खेल पाएगा? या वह कितने मैच खेल सकता है? कप्तान चुनने में यह एक प्रमुख कारक है। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही निर्णय था क्योंकि उन्हें लगा कि वे बुमराह पर इतना दबाव और भार नहीं डाल सकते।

तिवारी ने कहा कि गिल दूसरे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह ऋषभ पंत हैं, और गिल तीसरे सर्वश्रेष्ठ हैं। सहवाग ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने और विराट कोहली के बाद आधुनिक समय के दर्शकों के लिए इसे मनोरंजक बनाने के लिए पंत की प्रशंसा की। सहवाग ने यह भी व्यक्त किया कि अगर पंत अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटते हैं तो उन्हें भविष्य में संभावित कप्तान के रूप में पेश किया जा सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## न्यूज बाइट्स

### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**अम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के सतवाहिनी मंदिर के पास की गई, जहां से चोरी की गई एक मोटरसाईकिल के साथ आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार, अम्बा थाना को सूचना मिली थी कि सतवाहिनी मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाईकिल के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही अम्बा थाना की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के बाद पता चला कि मोटरसाईकिल चोरी की गई थी और आरोपी की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि आरोपी मोटरसाईकिल चोरी के एक गिरोह से जुड़ा हो सकता है। इस दिशा में आगे की जांच तेज़ कर दी गई है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश भी जारी है। अम्बा थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ते मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है और इसके विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से भी अपील की गई है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस कार्रवाई से क्षेत्र में आम जनता ने राहत की सांस ली है और पुलिस की तत्परता की सराहना की है। औरंगाबाद पुलिस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अपराध के खिलाफ उसकी नीति बिल्कुल भी नरम नहीं है और हर हाल में दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

### पुलिस केंद्र में पीटी, परेड एवं योग के माध्यम से अनुशासन का संचार

**अम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिला पुलिस केंद्र में मंगलवार को प्रत्येक दिन की भांति अनुशासन बनाए रखने और शारीरिक व मानसिक सुदृढ़ता हेतु पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए पीटी, परेड तथा योग अभ्यास का नियमित आयोजन किया गया। सुबह के समय निर्धारित समय पर पुलिसकर्मी अपनी वर्दी में अनुशासित तरीके से परेड ग्राउंड पर एकत्र हुए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की देखरेख में पहले शारीरिक प्रशिक्षण (पीटी) कराया गया, जिसमें दौड़, हाथ-पैरों की कसरत और समूह में तालमेल के अभ्यास शामिल थे। इसके बाद अनुशासनात्मक परेड कराई गई, जिसमें सशस्त्र और बिना हथियारों के परेड के अभ्यासों के माध्यम से एकता और अनुशासन की भावना को सशक्त किया गया। इस अभ्यास के उपरांत कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया। योग के माध्यम से मानसिक तनाव को दूर करने एवं सकारात्मक ऊर्जा के संचार का प्रयास किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया गया जिससे पुलिस कर्मियों को दैनिक जीवन की व्यस्तता और मानसिक दवाब से राहत मिल सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिदिन नियमित रूप से चलता है ताकि पुलिस बल में अनुशासन, शारीरिक दक्षता और मानसिक मजबूती बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिसकर्मियों में एकजुटता और सेवाभाव की भावना प्रबल होती है।

संबद्धता विनियमावली 2011 लागू करने के विरोध में

# शिक्षक और कर्मचारियों ने दिया धरना, आंदोलन की दी चेतावनी

- 715 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों पर संबंधता विनियमावली 2011 को जबरन लागू करने का विरोध।
- यदि सरकार नियमावली वापस नहीं लेती है, तो चरणबद्ध आंदोलन होगा और आगामी चुनाव में सरकार का विरोध किया जाएगा।



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शहर के दानी बिगहा बस स्टैंड के समीप मंगलवार को वित्त रहित शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बिहार प्रदेश माध्यमिक शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के बैनर तले एक दिवसीय महाधरना आयोजित किया। यह धरना 715 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों पर संबंधता विनियमावली 2011 को जबरन लागू किए जाने के विरोध में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामनरेश सिंह ने की। रामनरेश सिंह ने कहा कि 1970 से लेकर 2008 तक राज्यभर में माध्यमिक विद्यालय आम जनता द्वारा राज्यपाल के नाम की गई निबंधित भूमि पर खोले गए, जिन्हें राज्य सरकार ने अधिनियम 1981 की धारा 19 के तहत मान्यता दी। ये विद्यालय स्वत्वधारक नियमावली 1994 के अंतर्गत संचालित होते रहे हैं और 2008 में सरकार ने वित्त रहित नीति समाप्त कर इन्हें अनुदानित घोषित किया था। उन्होंने कहा कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति नियमावली 1952 के अनुसार राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त विद्यालय ही मान्य होते हैं। ऐसे में 715 अनुदानित विद्यालयों पर 2011 की संबंधता विनियमावली लागू करना अन्यायपूर्ण है क्योंकि यह केवल परीक्षा संबद्धता की बात करती है, जबकि इसमें न तो शिक्षकों को, न ही छात्रों को कोई वित्तीय लाभ मिलता है।

धरना में शामिल जिला संयोजक प्रद्युमन कुमार सिंह ने कहा कि सरकार 2011 की संबंधता नियमावली को लागू कर 30-40 वर्षों से संचालित इन विद्यालयों को समाप्त करना चाहती है, जबकि ये विद्यालय सरकार के 538 संकल्प और अधिनियम 1981 के तहत मान्यता प्राप्त हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा और चुनाव में सरकार को सत्ता से हटाने का प्रयास किया जाएगा। धरना में शामिल अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने भी अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि जब सभी योग्यता पूरी करने के बावजूद सरकार नियम थोप रही है, तो न्याय की लड़ाई अब सड़क से लेकर अदालत तक लड़ी जाएगी। इस मौके पर डा. श्रीधर कुमार सिंह, अनूप प्रसाद, गौतम कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, विवेक कुमार, कविंद्र कुमार, अक्षय कुमार, महेश प्रसाद सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में शिक्षक और कर्मचारी शामिल रहे। सभी ने एकजुट होकर सरकार से अविलंब कैबिनेट निर्णय को रद्द करने की मांग की।

# 10 दिनों से लापता हैं तीन नाबालिग लड़कियां नहीं मिला कोई सुराग, परिजन बेहाल

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के चरकावां पंचायत अंतर्गत सुल्तानपुर जहीरगंज गांव से पिछले 10 दिनों से तीन नाबालिग लड़कियां लापता हैं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। यह घटना ना सिर्फ परिजनों के लिए बल्कि पूरे गांव और आसपास के इलाके के लिए बेचैनी और डर का कारण बन गई है। घटना 16 मई की दोपहर लगभग 12 बजे की है, जब पुष्पा कुमारी (14), रानी कुमारी (13) और रूपा कुमारी (15) नाम की तीन किशोरियां अपने घर से यह कहकर निकलीं कि वे बैंक में खाता खुलवाने जा रही हैं। लेकिन इसके बाद तीनों में से कोई भी वापस नहीं लौटी।

परिजनों ने पहले खुद अपने स्तर पर लड़कियों को आसपास के इलाकों में खोजा, रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों से भी संपर्क किया, लेकिन जब कहीं से कोई सूचना नहीं मिली, तो देर रात रफीगंज थाना में आवेदन देकर लड़कियों के लापता होने की सूचना दी गई। तीनों लड़कियां आपस में रिश्तेदार हैं। पुष्पा और रानी आठवीं कक्षा की छात्रा हैं, जबकि रूपा नौवीं कक्षा में पढ़ती है। स्कूल और शिक्षा से जुड़ी ये बच्चियां किसी भी तरह के झंझट से दूर मानी जाती थीं, ऐसे में अचानक उनका इस तरह से गायब हो जाना कई सवाल खड़े करता है।

एक साथ तीन किशोरियों के गायब हो जाने से गांव और आसपास के इलाकों में तरह-तरह की चर्चाएं और अफवाहें फैल रही हैं। लोगों को किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। खासकर लड़कियों के माता-पिता और परिजन बुरी तरह से टूट चुके हैं, उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

रफीगंज थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने जानकारी दी है कि पुलिस लगातार प्रयासरत है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, बैंक और आसपास के इलाकों में मौजूद बस व ऑटो चालकों से पूछताछ की जा रही है। सभी संभावित रूटों और स्थानों पर छानबीन की जा रही है।

जिला प्रशासन ने तीनों किशोरियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं ताकि आमजन को भी इसके बारे में जानकारी हो सके और किसी के पास यदि लड़कियों के बारे में कोई सूचना हो तो तुरंत पुलिस को जानकारी दे सके। सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा भी की गई है।

हालांकि, घटना को 10 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीण भी लगातार स्थानीय प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस मामले में जल्द से जल्द गंभीरता से कार्रवाई की जाए और लड़कियों को सुरक्षित घर लाया जाए।

### सड़क दुर्घटना में सास-ससुर व बहू हुई घायल, ससुर की हालत गंभीर

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज-गोह पथ पर कर्मा हाई स्कूल के पास सड़क दुर्घटना में चंदौल गांव निवासी 45 वर्षीय मुनिया देवी, 50 वर्षीय सुरेंद्र यादव एवं इनके बहू 25 वर्षीय रेणु कुमारी घायल हो गये। घायलों को पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ संजय यादव ने औरंगाबाद जाने के क्रम में निजी वाहन से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सुरेंद्र यादव की हालत गंभीर होने के कारण बेहतर बेहतर ईलाज के लिए मगध मेडिकल गया रेफर किया। घायल ने बताया कि रफीगंज बाजार से खरीदारी कर अपने गांव चंदौल मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी बीच कर्मा हाई स्कूल के समीप सामने से आ रहे ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे तीनों गिरकर घायल हो गए। डॉक्टर ने बताया कि सुरेंद्र यादव का पैर टूट गया है। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि औरंगाबाद जाने के क्रम में तीन घायल रोड पर छटपटा रहे थे।

### अज्ञात चोरों ने एक साथ की चार घरों में चोरी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के कासमा थाना क्षेत्र के लोहरा पंचायत के लहंगिया गांव में सोमवार की रात अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने बताया कि मनोज यादव, रंजन पासवान, सुरेश यादव एवं तौकिर आलम के घर चोरी की घटना हुई है। तौकिर आलम ने बताया कि सोमवार रात में पूरे परिवार के साथ खाना खाकर सो गए थे। मंगलवार के सुबह उठे तो जानकारी मिला की घर से सूटकेस एवं अन्य समाग्री गायब है। जब छानबीन किया तो 45000 रूपया का सोने का झुमका, सोने की बाली, नथुनी एवं चांदी का बाला एवं अंगूठी गायब है। कासमा थाना को मंगलवार की सुबह फोन के माध्यम से जानकारी दिया। रंजन पासवान की पत्नी नीतू कुमारी ने बताया कि सोमवार को वट सावित्री पूजा थी। इस कारण पूरे जेवरात पहने हुए थे। रात में अपने ही रूम में सारा जेवरात खोलकर पास के छोटा बक्सा में रख दिया था। सुबह उठा तो सभी गायब है। मनोज यादव की पत्नी चिंता देवी ने बताई की मेरी बेटी की जेवरात एवं पैसे गायब हैं। वहीं सुरेश यादव ने बताया कि घर का सारा कागजात एवं जरुरत की समाग्री चोरो द्वारा चोरी कर ली गई है। ग्रामीण में बताया कि चोरी करने के बाद कुछ सामाग्री को गांव से कुछ दूर जाकर सुनसान जगह पर फेंक दिया गया था।

# फार्मासिस्ट बहाली में बीफार्मा को बाहर रखने पर छात्रों का आक्रोश




- पुतला दहन कर दी चेतावनी, 4 जून की परीक्षा रद्द नहीं हुई तो स्वास्थ्य मंत्री के आवास का करेंगे घेराव

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार तकनीकी सेवा आयोग के द्वारा फार्मासिस्ट बहाली में बीफार्मा को शामिल नहीं करने पर छात्रों ने मंगलवार को आक्रोश मार्च निकाला। इस क्रम में गेट स्कूल मैदान से निकली आक्रोश मार्च रमेश चौक पहुंची। रमेश चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत का पुतला फूंका। मौके पर राजदीप सिंह ने कहा कि 2,473 पदों पर विज्ञापन में सिर्फ डीफार्म को मौका दिया गया है। जो छात्रों के साथ न्याय संगत नहीं है। बीफार्म छात्रों को फार्मासिस्ट बहाली से वंचित कर दिया गया है। कहा कि स्वास्थ्य विभाग के ही वर्ष 1999, 2006 के नियमित फार्मासिस्ट बहाली एवं 2013 और 2016 के संविदा बहाली में बीफार्म फार्मासिस्ट नौकरी कर रहे हैं। फिर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमावली बना वंचित कर दिया गया है। यह नियमावली देश के नियमावली से अलग है। आंदोलनकारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी चार जून को होने वाली डीफार्मा परीक्षा के स्थगित नहीं किया गया तो स्वास्थ्य विभाग व मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा। बिरू, सिकंदर, सौरभ, पिंटू, अभिषेक सक्सेना, अमित रंजन, रितेश, रणविजय व पूजा, आदिती, रिया, सबा, स्नेहा वर्मा शामिल रहे।

लोजपा (रा) नेता प्रमोद कुमार सिंह के प्रयास से हरकत में आया बिजली विभाग

# गांव में अनियमित बिजली आपूर्ति से ग्रामीण त्रस्त, दो दिन में समाधान का मिला आश्वासन

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



रफीगंज प्रखंड के कोटवारा गांव में पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति अनियमित और बाधित चल रही थी, जिससे गांव के छात्र, किसान, वृद्धजन व आम नागरिक बुरी तरह से परेशान हो गए थे। भीषण गर्मी और बोर्ड परीक्षाओं के मौसम में बिजली का यह संकट ग्रामीणों के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया था। गांव की इस गंभीर समस्या की जानकारी मिलते ही लोजपा (रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह सक्रिय हुए और उन्होंने गांव के जागरूक नागरिकों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक के उपरांत प्रमोद कुमार सिंह ने रफीगंज के बिजली विभाग के एसडीई और जेई से फोन पर बात की और पूरे मामले को विस्तार से अवगत कराया। बातचीत के दौरान एसडीई ने भरोसा दिलाया कि कोटवारा गांव में बिजली आपूर्ति में आ रही दिक्कत तकनीकी कारणों से हो रही है, जिसे अगले दो दिनों के भीतर पूरी तरह ठीक कर दिया जाएगा। वहीं जेई ने आश्वासन दिया कि लाइन चेकिंग और मरम्मत कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जाएगा, ताकि बिजली आपूर्ति सामान्य हो सके।

गौरतलब है कि गांव में बिजली की इस अनियमितता के कारण रात के समय छात्र पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे, किसानों की सिंचाई ठप हो गई थी, और बुजुर्गों को भीषण गर्मी में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। गांव के कई लोगों ने बताया कि रात में पूरी-पूरी बिजली गायब रहती थी, और दिन में बार-बार कटौती से पंखा और मोटर भी नहीं चल पा रहे थे।

प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीणों की एकजुटता और सजगता के कारण ही यह समस्या अब समाधान की ओर बढ़ रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने संयम और जागरूकता के साथ अपनी बात को सामने रखा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की सेवा और समस्याओं का समाधान ही उनका प्रमुख उद्देश्य है।

#### ग्रामीणों ने जताया संतोष

गांव के रामेश्वर पांडेय, बबलू चौधरी, मंजू देवी और गोपाल यादव जैसे ग्रामीणों ने प्रमोद कुमार सिंह के त्वरित पहल की सराहना की और कहा कि यदि नेता इसी तरह जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं हल कराएं, तो विकास अपने आप सुनिश्चित हो जाएगा।

### विष्णुधाम जाने वाली सड़क बदहाल

**जम्होर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औगाबाद सदर प्रखंड के ग्राम जम्होर में जीवन बिगहा होकर विष्णुधाम जाने वाली सड़क की हालत दयनीय है। करीब एक दशक पूर्व इस सड़क की मरम्मत कराई गई थी लेकिन उसके बाद से मरम्मत के अभाव में यह सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे उभरे हुए हैं। इस सड़क पर दो पहिया, चार पहिया वाहन चलना तो दूर बरसात के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इलाके के ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क की मरम्मत का टेंडर हुआ था लेकिन तकनीकी कारणों से सड़क का रूट मैप जम्होर बाजार होकर बन गया। इस कारण यह सड़क अब तक नहीं बन सका है। मरम्मत के अभाव में दिनों दिन इस सड़क की हालत बदतर होती जा रही है। गौरततब है कि इस साल से विष्णुधाम में आयोजित होनेवाले विष्णुधाम महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया जा चुका है। विष्णुधाम पहुंचने के लिए स्टेशन मार्ग सबसे नजदीक सड़क है। इस रास्ते में धर्मशाला से होकर विष्णुधाम जाने में एक किलोमीटर की दूरी अधिक पड़ती है लेकिन यह मार्ग सुगम है। इस कारण यदि इस सड़क की मरम्मत करा दी जाए तो विष्णु धाम पहुंचने का सबसे सरल एवं सुलभ मार्ग यह सड़क हो जाएगी।

# देव का ऐतिहासिक रानी तालाब बदहाल गंदगी और जर्जरता से श्रद्धालु आक्रोशित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



#### देव में लगता है सूर्य महोत्सव और महायज्ञ

देव रानी तालाब में हर साल दो बार छठ महापर्व के दौरान जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के ठहराव की व्यवस्था की जाती है। इसके अलावा यहां अचला सप्तमी पर सूर्य महोत्सव का भी आयोजन होता है, जो बिहार सरकार के स्तर पर होता है। दो वर्ष पूर्व यहीं पर सूर्य महायज्ञ का आयोजन हुआ था, जिसमें स्वामी रामभद्राचार्य जैसे महान संत ने शिरकत की थी।

विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थ देव स्थित ऐतिहासिक रानी तालाब इन दिनों गंदगी और बदहाल स्थिति का शिकार बना हुआ है। एक ओर जहां सूर्य नगरी देव में हर साल छठ महापर्व और सूर्य महोत्सव जैसे भव्य आयोजन होते हैं, वहीं दूसरी ओर रानी तालाब की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस ऐतिहासिक तालाब की चहारदीवारी पर बरगद और पीपल जैसे पेड़ उग आए हैं, जिससे इसके संरक्षण पर सवाल उठ रहे हैं। तालाब के चारों ओर गंदगी का अंबार है। प्रशासन की उदासीनता के कारण यह तालाब अपनी पहचान और गरिमा खोता जा रहा है। स्थिति यह है कि सरकार की 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' की बातें अब यहां कागजों तक सीमित दिख रही हैं। इसी परिसर में स्थित देव राज विरासत का ऐतिहासिक कुआं भी क्षतिग्रस्त हो चुका है, जो कभी स्थानीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक माना जाता था। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए निर्मित टॉयलेट और वॉशरूम भी खराब अवस्था में पड़े हैं, जिससे दर्शनार्थियों को भारी असुविधा हो रही है। रानी तालाब के समीप ही रानी बृजकिशोरी प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, देव थाना, और जिला परिषद का डाक बंगला स्थित है। यह पूरा क्षेत्र काफी सक्रिय और सार्वजनिक रूप से महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके, तालाब की सफाई और संरक्षण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। देव के नगर पंचायत बनने के बाद यहां के लोगों को उम्मीद थी कि रानी तालाब की नियमित सफाई होगी और इसका सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, लेकिन यह सपना अब तक अधूरा है। स्थानीय निवासी रवि पांडेय, चुन्नू कुमार, रामधारी सिंह और कृष्णा दुबे ने बताया कि यदि इस तालाब में म्यूजिकल फाउंटेन लगवाया जाता, तो इसका आकर्षण और भी बढ़ जाता।

### लंबित कांडों की समीक्षा बैठक

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने एवं लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अगुवाई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-01) द्वारा की गई, जिसमें माली, नवीनगर और टंडवा थाना के थानाध्यक्षों और कांडों के अनुसंधानकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान तीनों थानों में दर्ज लंबित कांडों की गहन समीक्षा की गई। डीएसपी ने प्रत्येक कांड की स्थिति पर विस्तार से जानकारी ली और अनुसंधान में हो रही देरी के कारणों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाए रखने हेतु मामलों का शीघ्र निष्पादन अनिवार्य है।

# विधायक आनंद शंकर सिंह ने पवई में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन

**निज संवाददाता | औरंगाबाद**




औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के पवई में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन विधायक आनंद शंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और विधायक ने सभी के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद स्थापित कर क्षेत्र की समस्याओं और अपेक्षाओं पर चर्चा की। विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि यह सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि अब लोगों को छोटे-बड़े कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग स्थानों की तलाश नहीं करनी पड़ेगी। इस भवन में सभी प्रकार की सामुदायिक गतिविधियों को समायोजित करने की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने यह भी बताया कि विकास की यह कड़ी आगे भी जारी रहेगी और पवई समेत पूरे औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में जनता की सुविधा और जरूरत को ध्यान में रखते हुए और भी विकास योजनाएं लागू की जाएंगी।

समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। सभी ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और इसे एक बड़ी सौगात बताया।

जनता ने विधायक से अपने क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी साझा किया, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम पूरे उत्साह और उत्सव के वातावरण में संपन्न हुआ।

# पुलिस ने रात्रि में चलायी सघन वाहन जांच अभियान

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और मद्यनिषेध कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस ने रात्रि में व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व वरीय पुलिस पदाधिकारी स्वयं कर रहे थे, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की गंभीरता स्पष्ट नजर आई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह जांच अभियान विशेष रूप से रात के समय किया गया, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके और क्षेत्र में आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। अभियान के दौरान मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों और सीमावर्ती इलाकों पर पुलिस की टीम ने गहनता से वाहनों की जांच की, जिनमें मोटरसाईकिल, चारपहिया वाहन और मालवाहक गाड़ियां शामिल थीं। जांच के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से कागजातों की जांच की, शराब पीकर वाहन चलाने की आशंका पर ब्रेथ एनालाइज़र से जांच की गई और संदेहास्पद व्यक्तियों की तलाशी भी ली गई। इसके अलावा शराब की अवैध ढुलाई व बिक्री से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सके और समाज में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वाहन जांच के दौरान किसी भी निर्दोष नागरिक को परेशान न किया जाए, लेकिन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी मुहिम के तहत आम जनता से भी सहयोग की अपील की गई है कि वे अपने दस्तावेज पूर्ण रखें और पुलिस को सहयोग दें ताकि जिले को अपराधमुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके। इस सघन जांच अभियान से लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है और पुलिस की सक्रियता की सराहना हर तरफ हो रही है।

# रेलकर्मियों ने यात्रियों से की सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को पूर्व मध्य रेल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत रेलकर्मियों ने यात्रियों से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और पर्यावरण की रक्षा में सहयोग दें। इस पहल को आगामी 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व तैयारियों के तहत आयोजित किया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा यह कदम यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों में पर्यावरण के प्रति चेतना विकसित करने के उद्देश्य से उठाया गया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में डस्टबिन की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिसमें गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई। यात्रियों को बताया गया कि वे किस प्रकार गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डालकर स्टेशन की स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन में सहयोग कर सकते हैं। आईआरसीटीसी के सहयोग से खानपान स्टॉलों पर प्लास्टिक सामग्री की जगह बायोडिग्रेडेबल और इको-फ्रेंडली कटलरी का उपयोग किया गया। यात्रियों को कटोरी, चम्मच, प्लेट आदि जैसे बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और प्लास्टिक के विकल्पों को अपनाने की सलाह दी गई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह पहल केवल एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रयास का हिस्सा है जिससे रेलवे परिसर को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और हरित बनाया जा सके।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने वाले तीन युवकों को आरपीएफ ने दबोंचा



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत डीडीयू-गया रेलखंड पर गया जिले में कष्ठा स्टेशन और गया पश्चिम केबिन के बीच वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी मामले में रेल सुरक्षा बल(आरपीएफ) ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक गया जिले के चंदौती थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के निवासी है। आरपीएफ, रफीगंज के इंस्पेक्टर राम सुमेर ने मंगलवार को बताया कि औरंगाबाद के रफीगंज रेल पुलिस ने वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस पर की गई पत्थरबाजी के मामले में गया जिले के चंदौती थाना क्षेत्र के शेरपुर से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में शेरपुर गांव निवासी गणेश यादव का पुत्र सौरभ कुमार(18), विकास दास का पुत्र मुन्ना कुमार(18) और अरविंद कुमार का पुत्र नितिन राज(18) शामिल है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि 21 मई 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर कष्ठा स्टेशन एवं गया पश्चिम केबिन के बीच पोल संख्या 475/26 के पास 20888 डाउन वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की गई थी। इस घटना में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल के बाद आरपीएफ ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।